प्रयागराज, रविवार, 20 नवम्बर, 2022

मार्ग शीर्ष, कृष्ण पक्ष 12, वर्ष 11, अंक 211, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net Portal : www.jansandeshtimes.news

अंदर- पृथ्वी शा की आकर्षक पारी से मुंबई को मिली जीत



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया देश को एक सूत्र में बांधने का संदेश, कहा-अद्भुत है यह क्षण**



काशी में पीएम मोदी ने शनिवार को काशी-तमिल संगमम के जरिए तमिल संस्कृति को देश के उत्तरी हिस्से से और एकाकार करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, भारत की विविधता में एकता की समझ पूरी दुनिया में मशहूर है और आज हम फिर से उसे मजबूती से स्थापित कर रहे हैं।



# वणक्कम काशी, वणक्कम तमिलनाडु

## पीएम मोदी ने एक माह तक चलने वाले कार्यक्रम का रिमोट दबाकर किया उद्घाटन

जितेंद्र /अश्वनी

### काशी-तमिल संगमम

**बनारसी साड़ी-कांजीवरम सिल्क की चर्चा, दक्षिण-उत्तर की संस्कृति का संगम होने की कही बात**

**पूर्व की सरकारों पर दक्षिण और उत्तर की दूरी पाटने के लिए प्रयासों पर पीएम ने उठाए सवाल**



**वाराणसी।** हर-हर महादेव, वणक्कम काशी-वणक्कम तमिलनाडु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस संबोधन पर समूचा पंडाल हर-हर महादेव, मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। मौका था शनिवार को काशी-तमिल संगमम् के उद्घाटन समारोह का। संबोधन के लिए माइक थामते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी-तमिल संगमम् के उद्घाटन मौके पर पहुंचे लोगों का कुछ इस तरह अभिवादन किया। बीएचयू के एम्पीथिएटर मैदान पर बनाये गये भव्य पंडाल में संबोधन के पूर्व पीएम मोदी ने एक माह तक चलने वाले काशी-तमिल संगमम् का रिमोट बटन दबाकर उद्घाटन किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने देश की विविधताओं से लेकर विशेषता पर विशेष रूप से चर्चा की। पीएम मोदी ने काशी-तमिल संगमम् के आयोजन को भी इससे जोड़ा। कहा कि यह क्षण अद्भुत, अविस्मरणीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण वास्तव में भारत की विविधता और विशेषताओं का सेलिब्रेशन है। इसलिए काशी-तमिल संगमम् अपने आपमें विशेष है, अद्वितीय है। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान बनारसी साड़ी-कांजीवरम सिल्क की जहां चर्चा की। कहा कि काशी की संगीत-साहित्य के कला के रूप में बनारसी साड़ी अद्भुत है तो कांजीवरम की सिल्क पूरी दुनिया में फेमस है। वहीं, उन्होंने दक्षिण-उत्तर की संस्कृति का संगम होने की बात कही। पूर्व की सरकारों पर दक्षिण और उत्तर की दूरी पाटने के प्रयासों पर पीएम ने सवाल उठाते हुए कहा कि दक्षिण के विद्वानों का भारत दर्शन जाने बिना देश को समझ पाना मुश्किल है। अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने देश को एक सूत्र में बांधने का संदेश भी दिया। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश में संगम की बड़ी महिमा और बड़ा महत्व रहा है। नदियों और धाराओं के संगम से लेकर विचारों-विचारधाराओं, ज्ञान-विज्ञान और समाज-संस्कृतियों के हर संगम को हमने सेलिब्रेट किया है। यहां पर भी दो संस्कृतियों का संगम हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि काशी में बाबा विश्वनाथ हैं, तो तमिलनाडु में भगवान रामेश्वरम का आशीर्वाद है। काशी और तमिलनाडु को पीएम मोदी ने शिवमय और शक्तिमय बताया। उन्होंने कहा कि एक स्वयं में काशी है, तो तमिलनाडु में दक्षिण काशी है। 'काशी-कांची' के रूप में दोनों की सप्तपुरियों में अपनी महत्ता है। महादेव की नगरी में उत्तर व दक्षिण की संस्कृतियों के मिलन के साक्षी काशीवासी संग तमिलनाडु के नौ रत्नों की भांति इस कार्यक्रम में मौजूद नौ शैव धमार्चार्य (अधीनम), दक्षिणी के विभिन्न कॉलेज व विश्वविद्यालय के 216 विद्यार्थी, जाने-माने कलाकार और विशिष्टजन बनें। प्रधानमंत्री व तमिल से आए अतिथियों का स्वागत नादस्वरम से हुआ। इस अवसर पर पीएम मोदी ने तमिल भाषा में लिखी गई धार्मिक पुस्तक तिरुक्कुरल व काशी-तमिल संस्कृति पर लिखी पुस्तकों का विमोचन भी किया। इसके बाद उन्होंने तमिलनाडु से आए विद्यार्थियों से संवाद किया। तमिलनाडु सहित दक्षिण भारत के कलाकारों ने तीन कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसमें ख्यात संगीतकार इलैयाराजा का संगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुति हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने तमिलनाडु से आए अतिथियों और अधीनम का भी स्वागत किया। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डा. एल. मुरुगन ने भी पीएम का स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, केंद्रीय मंत्री शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, राज्यसभा सदस्य इलिया राजा, पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. राधाकृष्णन, तमिलनाडु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई, आईआईटी चेन्नई के निदेशक प्रो. बी. कामाकोली, बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन भी मंचासीन रहे।

### पीएम मोदी ने पूर्व की सरकारों पर बोला हमला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर पूर्व की सरकारों पर भी हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि हमें आजादी के बाद हजारों वर्षों की परंपरा और इस विरासत को मजबूत करना था। इस देश का एकता सूत्र बनाना था। लेकिन, दुर्भाग्य से इसके लिए बहुत प्रयास नहीं किए गए। काशी-तमिल संगमम् इस संकल्प के लिए एक प्लेटफॉर्म बनेगा। राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए ऊर्जा देगा। पीएम मोदी ने कहा कि हमें भाषायी भेदभाव को अलग करते हुए इमोशनली एकजुट होने की जरूरत है।

### संस्कृतियों के स्त्रोत हैं काशी और तमिलनाडु

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी ने कहा कि काशी और तमिलनाडु संस्कृतियों के स्रोत केंद्र रहे हैं। संगीत, साहित्य और कला के क्षेत्र में दोनों का अपना-अलग स्थान है। काशी का तबला और तमिलनाडु का थन्नुमाई काफी प्रसिद्ध है। तमिल शादी रिवाजों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इसे काशी यात्रा का नाम दिया जाता है। इसका अर्थ साफ है कि तमिल युवाओं के जीवन में काशी यात्रा का अपना अलग महत्व है। यह काशी और तमिल लोगों के बीच के बीच प्रेम को दर्शाता है।

### दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा है तमिल

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे पास दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा तमिल है। आज तक ये भाषा उतनी ही पॉपुलर हैं। उतनी ही जीवंत है। दुनिया के लोगों को जब पता चलता है कि विश्व की सबसे पुरानी भाषा भारत में हैं तो उन्हें आश्चर्य होता है। पीएम ने कहा कि मेरा अनुभव है, रामानुजाचार्य और शंकराचार्य से लेकर राजाजी और सर्वपल्ली राधाकृष्णन तक, दक्षिण के विद्वानों के भारत दर्शन को समझे बिना हम भारत को नहीं जान सकते।

### गंगा की तरह पवित्र है यह संगम

पीएम मोदी ने काशी-तमिल संगमम् के जरिए उत्तर और दक्षिण की संस्कृति के मेल को गंगा की तरह पवित्र करार दिया। उन्होंने कहा कि एक तरफ पूरे भारत को अपने आप में समेटे हमारी सांस्कृतिक राजधानी काशी है तो वहीं, दूसरी तरफ भारत की प्राचीनता और गौरव का केंद्र हमारा तमिलनाडु और तमिल संस्कृति है। ये संगम भी गंगा-यमुना के संगम जितना ही पवित्र है। काशी और तमिलनाडु की संस्कृति को प्राचीन करार देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दोनों स्थान प्राचीन भाषाओं संस्कृत ओर तमिल के केंद्र रहे हैं। काशी और कांची का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों की सप्तपुरियों में अपनी महत्ता है।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
वाराणसी
सोने, चांदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा
0542-2361600, 2987700, 8318650589
अर्दली बाजार
0542-2505500, 2507700, 9455084195
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक (ठठेरी बाजार) वाराणसी
• पार्किंग की सुविधा उपलब्ध •

### दिग्गज अदाकारा, उद्घोषिका तबस्सुम का निधन



**मुंबई।** हिंदी सिनेमा से एक दुखभरी खबर सामने आई है। सिनेमा जगत की दिग्गज अदाकारा तबस्सुम गोविल ने इस दुनिया को हमेशा-हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। अभिनेत्री 78 वर्ष की थीं। जानकारी के मुताबिक, कल शाम दिल का दौरा पड़ने की वजह से उनका निधन हुआ है। वह अपने शो 'फूल खिले हैं गुलशन गुलशन' के लिए लोकप्रिय थीं। 21 नवंबर को उनके लिए सांताक्रुज के आर्या समाजमें प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा।

## रिटायर्ड आईएएस अरुण गोयल होंगे चुनाव आयुक्त



**नई दिल्ली।** कानून और न्याय मंत्रालय ने जानकारी दी कि आईएएस अरुण गोयल (सेवानिवृत्त) को चुनाव आयोग में चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। बता दें कि अरुण गोयल 1985 बैच के अधिकारी रहे हैं। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सहमति के बाद जारी हुए आदेश में कहा गया है कि उन्हें तत्काल प्रभाव से अपना पद ग्रहण करना होगा।

## संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर से

**बैठेगी शीर्ष पंचायत**

सत्र में होंगी कुल 17 बैठकें



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र 7 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। संसद का शीतकालीन सत्र इस साल 29 दिसंबर तक चलेगा। 23 दिनों तक चलने वाले इस सत्र में कुल 17 बैठकें होंगीं। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। बताया जा रहा है कि इस सत्र कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी जा सकती है। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र इस साल 7 दिसंबर से 29 दिसंबर तक चलेगा। आगामी शीतकालीन सत्र में कुल 17 कार्य दिवस होंगे। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक ट्वीट में लिखा, 'संसद का शीतकालीन सत्र 7 दिसंबर से शुरू होगा और 29 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें 23 दिनों में 17 बैठकें होंगी। अमृत काल के बीच सत्र के दौरान विधायी कार्य और अन्य मुद्दों पर चर्चा की उम्मीद है। रचनात्मक बहस के लिए तत्पर हैं।

## अग्निपथ पर हाइकोर्ट करेगा 12 को सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को करारा झटका दिया है। अदालत का कहना है कि वो अग्निपथ स्कीम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर पहले सुनवाई करेगा। उसके बाद सेना भरती से जुड़ी दूसरी याचिकाओं पर विचार होगा। कोर्ट ने इसके लिए 12 दिसंबर की तारीख तय की है। अपने फैसले में हाईकोर्ट ने कहा कि अग्निपथ स्कीम बेहद गंभीर मसला है। हम पहले इसे ही देखेंगे।

केंद्र सरकार के लिए ये झटका है, क्योंकि केंद्र ने पहले अपने जवाब में कहा था कि स्कीम से जुड़ी याचिकाओं को खारिज किया जाए। केंद्र के मुताबिक सेना बेहद अहम है। वो देश की बाहरी सुरक्षा के साथ आंतरिक उथल पुथल को भी नियंत्रित करने का काम करती है।

## एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को जीवित करता है काशी-तमिल संगमम: योगी



**वाराणसी।** वाराणसी में काशी तमिल संगमम के आयोजन से अभिभूत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की प्राचीनतम संस्कृतियों के मिलन का यह आयोजन एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को जीवंत कर रहा है। बीएचयू के एम्फीथियेटर ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में काशी तमिल संगमम को संबोधित करते हुये श्री योगी ने कहा कि आज दक्षिण का उत्तर से अद्भुत संगम हो रहा है। सहस्त्राब्दियों पुराना संबंध फिर से नव जीवन प्राप्त कर रहा है। यह आयोजन आजादी के अमृत काल में प्रधानमंत्री के एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को जीवंत कर रहा है। काशी और तमिलनाडु में भारतीय संस्कृति के सभी तत्व समान रूप से संरक्षित हैं। मुख्यमंत्री ने तमिल में अपना उद्बोधन शुरू करते हुए उनगलाई काशीइल वारावेरी किरोम" (काशी में आपका स्वागत है) कहकर सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम द्वारा श्रीरामेश्वरम में स्थापित पवित्र ज्योतिर्लिंग और काशी में विराजमान भगवान आदि विश्वेश्वर पवित्र ज्योतिर्लिंग के रूप में पूजित हैं। यह दोनों ज्योतिर्लिंग काशी और तमिलनाडु के संबंधों के केंद्र बिंदु हैं। भगवान श्रीराम और भगवान शिव के माध्यम से निर्मित इस संबंध सेतु को आदि शंकराचार्य ने भारत के चारों कोनों में पवित्रपीठ की स्थापना कर आगे बढाया, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महायज्ञ को गति दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की तेनकाशी में भगवान विश्वनाथ का एक प्रचीन मंदिर है। तेनकाशी का अर्थ है दक्षिण की काशी। पांड्य वंश के सम्राट ने काशी से शिवलिंग लाकर तेनकाशी में स्थापित किया था। तमिलनाडु में शिवकाशी भी है। काशी के धार्मिक महत्व के कारण देश के सभी भागों के लोग सदियों से यहां आते रहे हैं। गंगा जी के तट पर बसी ये पवित्र नगरी भारत की धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनी हुई है।

## मंत्री सत्येंद्र जैन ने खटखटाया कोर्ट का दरवाजा, ईडी को अवमानना की नोटिस

**कोर्ट पहुंची पार्टी**

**जेल में सत्येंद्र जैन का हेड बॉडी मसाज का बीजेपी ने जारी किया वीडियो**

**केजरीवाल और जैन पर दर्ज करवाया केस, आप का आरोप-बीजेपी के पास कैसे पहुंचा वीडियो**



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन के वीडियो लीक होने के मामले में उनकी लीगल टीम ने राउज एवेन्यू कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ईडी पर कोर्ट की अवमानना का आरोप लगाते हुए विशेष न्यायाधीश विकास ढुल की अदालत में अर्जी दाखिल की है। लीगल टीम का कहना है कि अंडरटेकिंग देने के बावजूद सीसीटीवी कैमरे की फुटेज लीक कर दी गई। कोर्ट ने इस पर ईडी को नोटिस जारी किया है।आय से अधिक संपत्ति और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन फिर विवादों में हैं। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की तरफ से पोस्ट किए गए वीडियो में सत्येंद्र जैन जेल में मसाज कराते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो के बाद भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आप पर हमला बोलते हुए आम आदमी पार्टी को स्पा-मसाज पार्टी कहा। वीडियो सामने आने के बाद दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तुरंत सत्येंद्र जैन के पक्ष में सामने आए। उन्होंने कहा कि जैन बीमार हैं और डॉक्टरों की सलाह पर फिजियोथैरेपी ले रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि तिहाड़ के वीडियो लीक कैसे हुए और भाजपा के पास कैसे पहुंचे। साथ ही उन्होंने भाजपा की तरफ से जैन की बीमारी का इस तरह मजाक बनाने को शर्मनाक बताया।

## आतंकी पनाहगाहों पर कार्रवाई जरूरी : अमित शाह

### टेररिज्म और टेररिस्ट गुटों के खिलाफ लड़ना होगा, पाकिस्तान पर साधा निशाना

**सम्मेलन**

**लोकतंत्र, मानव अधिकार, आर्थिक प्रगति और विश्व शांति के लिए नासूर है आतंकवाद**



**नई दिल्ली।** नो मनी फॉर टेरर' के दो दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र के दौरान शनिवार (19 नवंबर, 2022) को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकवाद को लेकर अपनी बात रखी। शाह ने पाकिस्तान का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि कुछ देशों, उनकी सरकारों और उनकी एजेंसियों ने आतंकवाद को अपनी राज्य नीति बना लिया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के पनाहगाहों पर आर्थिक कार्रवाई जरूरी है।

अमित शाह ने कहा कि कुछ देश आतंकवादियों और आतंकवाद को पनाह देने वालों का बार-बार समर्थन करते हैं। मेरा मानना है कि आतंकवाद की कोई अंतर्राष्ट्रीय सीमा नहीं होती, इसलिए सभी देशों को राजनीति को भुलाकर एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कि कुछ देशों, उनकी सरकारों व एजेंसियों ने टेररिज्म को स्टेट पालिसी बनाया है। उन्होंने कहा कि टेरर हेवन्स पर आर्थिक प्रतिबंध के साथ सभी प्रकार की नकेल कसना आवश्यक है। इस पर दुनिया के सभी देशों को अपने जियो-पॉलिटिकल इंटरेस्ट से ऊपर उठ एक मन बनाना होगा। उन्होंने कहा कि हम टेररिज्म के सभी रूपों के खिलाफ एक प्रभावी, दीर्घकालिक और ठोस लड़ाई के बिना भय-मुक्त समाज, भय-मुक्त दुनिया नहीं सोच सकते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा स्पष्ट मानना है कि आतंकवाद लोकतंत्र, मानव अधिकार, आर्थिक प्रगति और विश्व शांति के खिलाफ नासूर है, जिसे हमें जीतने नहीं देना है। गृह मंत्री ने कहा कि कोई भी एक देश या संगठन आतंकवाद को अकेला नहीं हरा सकता।

गृह मंत्री ने कहा कि हाल ही में भारत सरकार ने सामाजिक गतिविधियों की आड़ में युवाओं को रेडिकलाइज कर उन्हें आतंक की ओर धकेलने की साजिश करने वाली संस्था को बैन किया है। मेरा मानना है कि हर देश को ऐसी संस्थाओं को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें टेररिज्म और टेररिस्ट गुटों के खिलाफ इस लड़ाई को प्रत्येक भौगोलिक और वर्चुअल क्षेत्र में लड़ना होगा। आतंकवाद को लेकर शाह ने कहा कि टेररिज्म के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति, काउंटर-टेरर कानूनों के मजबूत फ्रेमवर्क व एजेंसियों के सशक्तिकरण के कारण भारत में टेररिज्म से होने वाली घटनाओं में कमी आई है और टेररिज्म के मामलों में सख्त सजा दिलाने में सफलता हासिल की गई है। गृह मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने यह भी तय किया है कि टेररिज्म, नारकोटिक्स और आर्थिक अपराध जैसे अपराधों पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय डेटाबेस विकसित किया जाए। भारत सरकार ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की स्थापना की है।

# पाँती के श्री सिद्ध हनुमान मंदिर सहित तीन मंदिरों से चोरों ने पांच लाख का माल उड़ाया

**लूट**

**चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे कैद हो गई है,पुलिस जाँच में जुटी**


मौके पर घटना की जाँच करती फोरेंसिक टीम और पुलिस

**मेजा।** चौकी क्षेत्र मेजारोड के पाँती स्थित श्री सिद्ध हनुमान मानस मंदिर सहित तीन मंदिरों मे बीती रात अज्ञात चोरों ने हनुमान जी का चांदी का गदा, चांदी का मुकुट, पीतल का त्रिशूल व मां दुर्गा की नथिया सहित तीन मंदिरों को निशाना बनाते हुए लाखों का सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी पर इन्स्पेक्टर मेजा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की जाँच में जुट गए।

गौरतलब हो कि पाँती मेजारोड स्थित श्री सिद्ध हनुमान मानस मंदिर में रात को चोर दीवाल के सहारे अंदर घुस गए और कमरे में सो रहे मंदिर के पुजारी को अंदर बंद कर दिया और मनमाने ढंग से चोरी की । इसी तरह पाँती गाँव के दुर्गा जी और शंकर जी के मंदिर की पूर्ति में चोरी कर फरार हो गए । सुबह जब पुजारी सोकर उठे और दरवाजा खोलना चाहा तो दरवाजा बाहर से बंद था। पुजारी ने मंदिर के संचालक ई नित्यानंद उपाध्याय को फोन किया तो आकर दरवाजा खोला उसके बाद पुलिस को सूचना दिया।

घटना की सूचना पर इंस्पेक्टर मेजा तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जाँच में जुट गए । पुलिस को जाँच में मंदिर से थोड़ी दूर पर हनुमान जी की चरण पादुका मिली । इसके अलावा पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से चोरों की तलाश में जुट गई। वहीं कुछ देर बाद फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची है और जांच पड़ताल मे जुट गई है। मौके पर मेजा कोतवाल ज्ञानेश्वर मिश्र, चौकी प्रभारी मेजारोड रामभवन वर्मा,चौकी प्रभारी कोहड़ार अखिलेश सिंह जांच पड़ताल मे जुटे हुए हैं।

## केसीसी ने आरसीसी को हराया

**प्रयागराज।** करेली क्रिकेट क्लब (केसीसी) ने रॉयल क्रिकेट क्लब (आरसीसी) को दो रन से हराकर एके इंफ्राड्रीम टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। डीएवी मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में केसीसी ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 194 रन (रजी 83, गौरव पाठक 28, राहुल सिंह 26, शीबू मिश्र 3/26, विपिन पाल व हर्ष द्विवेदी एक-एक विकेट) बनाये। जवाब में आरसीसी की टीम 20 ओवर में 192 रन (विजय तिवारी 66, हर्ष द्विवेदी 37, अमन सूरी 21, आशीष सिंह 3/29, राहुल सिंह, गौरव पाठक, सुफियान खान व मजहर अब्बास एक-एक विकेट) पर सिमट गई।

## घर में घुस की मारपीट तोड़ फोड़ छेड़खानी, हवाई फायरिंग, एक दर्जन नामजद

**मऊआइमा।** मऊआइमा में पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी एक राय होकर घर में घुस कर मारे पीटे और महिलाओं के साथ छेड़खनी किए। चार पहिया वाहन तोड दिए तथा दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग किया गया भुक्तभोगी ने एक दर्जन नामजद एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरिया सारी निवासी एक वयक्ति का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी एक राय होकर हाथों में लाठी डंडे और अवैध तमंचा लेकर उसके घर में घुस गए तथा हवा में गोली चलाते हुए मारे पीटे और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर महिलाओं के साथ छेड़खनी किए। और बाहर खडी बोलेरों तोड कर दो डीजे क्षतिग्रस्त कर दिए। पीडित ने मऊआइमा थाने में सोनू, आकाश, हेमराज, भीम, अशोक कुमार, शनि, नन्हें, दिलीप कुमार, रोहित, नितिन, सचिन ,राजेंद्र तथा एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# बाइक से स्कूलों का निरीक्षण करने पहुंचे बीएसए, एक दर्जन शिक्षकों का रोका वेतन


खजुरी में विद्यालय का निरीक्षण करते बीएसए प्रवीण तिवारी

**कोरांव।** शनिवार को कोरांव में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अचानक बाइक से स्कूलों का निरीक्षण करने पहुंच गए। उन्होंने संविलियन विद्यालय बैदवार संविलियन विद्यालय पथरताल कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय खजूरी संविलियन विद्यालय खजूरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पठन-पाठन का माहौल सही न पाए जाने नामांकित छात्रों के सापेक्ष भौतिक उपस्थिति कम रहने शौचालय बंद पाए जाने तथा कम्पोजिट धनराशि से व्यय विवरण न मिलने के कारण दर्जनों शिक्षकों का वेतन रोकने का आदेश जारी किया। मामले में खंड शिक्षा अधिकारी को 1 सप्ताह के अंदर सघन जांच कर आख्या देने का निर्देश दिया। बीएसए सबसे पहले संविलियन विद्यालय बैदवार में पहुंचे जहां इंचार्ज प्रधानाध्यापक अमर बहादुर सिंह सहायक अध्यापक साधना देवी सहायक अध्यापक सुधा सिंह शिक्षामित्र तारा पति शिक्षामित्र पूर्णिमा सिंह का वेतन रोकने का आदेश जारी किया। उसके बाद संविलियन विद्यालय पथरताल का निरीक्षण करने पहुंच गए यहां पर कमियां पाए जाने पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक लाल चंद्र सिंह सहायक अध्यापक कमला कांत तिवारी, सहायक अध्यापक प्रभा शंकर, सहायक अध्यापक करिश्मा सचान, शिक्षामित्र उर्मिला पांडे, शिक्षामित्र राकेश कुमार का वेतन भी रोकने का आदेश दिया। इसके अलावा संविलियन विद्यालय खजूरी में इंचार्ज प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिंह का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने का आदेश जारी किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के औचक निरीक्षण से शिक्षकों में हड़कंप मचा रहा। बातचीत के दौरान बीएसए ने बताया कि लापरवाह शिक्षकों के खिलाफ निरीक्षण एवं जांच की कार्यवाही चलती रहेगी। जो भी शिक्षक अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी के साथ निर्वहन नही करेंगे उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

**संक्षेप**

### बेनी माधव पीजी कॉलेज में स्मार्ट फोन व टेबलेट वितरण कार्यक्रम हुआ संपन्न



**थरवई।** शनिवार को बेनी माधव सिंह महाविद्यालय माधव नगर बिगहिया में छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन व टेबलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ स्वागत गीत भजन की प्रस्तुति अर्चना पाण्डेय के नेतृत्व में किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ वी के सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्मार्ट फोन योजना का लाभ छात्र छात्राओं को तकनीकी शिक्षा की पढ़ाई में काफी सहायक होगा पढ़ाई के उपरांत रोजगार को आगे बढ़ाने में सफल होंगे। स्मार्टफोन टेबलेट पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। जिसमें एमए बीए बीएड बीपीएड आदि सभी अंतिम वर्ष के 354 छात्र छात्राओं को वितरित किया गया महाविद्यालय के चेयरमैन सौरभ सिंह ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी समिति के अध्यक्ष कृपा राम मिश्र ने माननीय मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा चलाई जा रही छात्र छात्राओं के हित के लिए स्मार्टफोन योजना के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कुंवर बहादुर सिंह, कृपाराम मिश्र, डॉ देवेंद्र विक्रम सिंह, डॉ पीयूष मिश्र, डॉ के के शुक्ला व डॉ सीमा सिंह, बबिता सिंह, डॉ शालिनी मिश्रा, डॉ महेन्द्र गिरी, ऊषा सिंह, अर्चना पांडेय, गोपाल सिंह, सत्य नारायण मिश्रा, रोहित मिश्र , संजय तिवारी, प्रदीप मिश्र, राम बहादुर सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं एवं अभिभावक व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ की कथा सोमवार से

**सहसों।** क्षेत्र के चकिया घरहरा गांव में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ की संगीत मय सप्ताहिक कथा डॉ श्याम नारायण पांडे एवं श्रीमती धनराजी देवी के संयोजन में कथा व्यास आचार्य डॉक्टर श्रीनिवास त्रिपाठी जी महाराज प्रयागराज के मुखारविंद से 21 नवम्बर सोमवार से 28 नवम्बर सोमवार तक अमृत मयी वांणी से भक्त श्रोताओं को कथा का श्रवण कराया जाएगा। तत्पश्चात हवन यज्ञ एवं प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी डॉक्टर बृज नारायण पांडे ने दिया।

### जिला अध्यक्ष ने किया निकाय चुनाव वार्ड बैठक।



सहसों। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी गंगा पार प्रयागराज नगर निगम निकाय चुनाव के दृष्टिकोण से दस वादों की बैठक संपन्न कराने के अंतर्गत वार्ड संख्या 25 मलावा बुजुर्ग की बैठक रामलीला मैदान में आयोजित किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष अश्वनी दुबे ने कहा बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक करके वोटर लिस्ट के साथ पन्ना प्रमुख बनाना है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष अमित कुमार सरोज पुष्कर सिंह अनिरुद्ध पांडे कमलेश पासी वार्ड प्रभारी वार्ड संयोजक वार्ड अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### मनाई गयी पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 इंदिरा गांधी की जयंती



**नैनी।** शनिवार को भारत की पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी की जयंती नैनी में कॉटन मिल तिराहा नयन कुशवाहा के आवास पर बनाया गया नैनी के कांग्रेसी सहित पार्षद का चुनाव लड़ने वाले साथी भी मौजूद रहे जिसमें नयन कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, अशोक सोनी, प्रांजल केशरवानी, अंजुम नाज, शत्रुधन निजामुद्दीन, मोहम्मद शाहिद, अशोक सोनी, निजामुद्दीन, नीरज सिंह, मो तोसीफ, राजकुमार कुशवाहा, जय सिंह यादव,वीरेंद्र सिंह यादव, मुन्ना जाफरी, गदाधर त्रिपाठी, शशि कांत त्रिपाठी आदि मौजद रहे।

### बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा समूह की सखियों को दिया गया ऋण प्रपत्र




**बहरिया।** ब्लाक बहरिया के बीरापुर गांव में स्थित सम्राट गेस्ट हाउस में बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा कमलानगर द्वारा बड़ौदा किसान पखवाड़ा आयोजन के तहत शनिवार को एक वृहद किसान ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से किसानों एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी लगभग 200 समूह सखियों को ऋण वितरण किया गया। जिसमें किसान क्रेडिट कार्ड के मध्य में आठ करोड़ निन्यानबे लाख तथा स्वयं सहायता समूह को पांच करोड़ बावन लाख एवं ट्रैक्टर तथा अन्य योजनाओं के लिए कुल बीस करोड़ तिरपन लाख का ऋण स्वीकृत किया गया। इस शिविर में कृषि उपनिदेशक विनोद कुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख प्रमोद कुमार, उप क्षेत्रीय प्रमुख ओ एन सिंह, बैंक ऑफ बड़ौदा कमलानगर शाखा के प्रबंधक हेमंत सरोज ने किसानों एवं समूह की सखियों को अपने हाथों से ऋण का प्रपत्र वितरण किया। इस शिविर में पांच सौ के करीब किसान एवं समूह की सखियां मौजूद रही।

# समाधान दिवस : 276 में 8 शिकायतों का निस्तारण

**समाधान दिवस**

**1 घंटे रहे डीएम एवं एसपी**

**जिलाधिकारी के आने की सूचना पर फरियादियों की जुटी रही भीड़**


कोरांव समाधान दिवस में समस्या सुनते जिलाधिकारी

**कोरांव।** कोरांव संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को जिलाधिकारी एवं एसएसपी के आने की सूचना पर फरियादियों की काफी भीड़ जुटी रही । लगभग 12 बजे के बाद समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस में कुल मिलाकर 276 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनमें 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देशित किया गया । समाधान दिवस में तमाम ऐसे फरियादी भी आए थे जो एक ही समस्या को लेकर लगातार अफसरों की चौखट पर दौड़ लगा रहे हैं। जिलाधिकारी ने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आम जनमानस से जुड़ी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना चाहिए ताकि सरकारी मंशा के तहत लोगों को न्याय मिल सके । समाधान दिवस में राजस्व से 78 पुलिस विभाग से 55 विकास से 45 समाज कल्याण से 2 एवं अन्य से 96 शिकायतें प्राप्त हुई।

### भाजपाइयों ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

समाधान दिवस में आए जिलाधिकारी को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने भाजपा नेता गणेश मिश्रा की अगुवाई में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लेडियारी विपणन शाखा का क्रय केंद्र निजी राइस मिल की बजाय मंडी में संचालित किए जाने धान खरीद केंद्रों पर पारदर्शी टोकन व्यवस्था लागू करने सभी केंद्र प्रभारियों का मोबाइल नंबर सार्वजनिक करने सहित कई मांगे शामिल रही।

## भाकियू ने सौंपा डीएम को ज्ञापन

शनिवार को कोरांव संपूर्ण समाधान दिवस में आए जिलाधिकारी को भारतीय किसान यूनियन भानु के पदाधिकारियों ने युवा जिला अध्यक्ष पिंटू चौबे की अगुवाई में किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में लेडियारी विपणन शाखा का संचालन निजी राइस मिल से हटाकर सरकारी मंडी में किए जाने सरकारी गल्ला मंडी कोरांव में डंप गिट्टी को हटाकर मंडी के भीतर केंद्रों का संचालन किए जाने डीएपी खाद की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने यूपीएसएस एवं पीसीएफ एजेंसियों द्वारा पारदर्शिता के साथ धान की तौल कराए जाने सहित कई अन्य मांगे शामिल रही।

# न्यू गो आश्रय स्थल पनासा का सीडीओ ने किया निरीक्षण


न्यू गो आश्रय स्थल का निरीक्षण करते सीडीओ

**करछना।** मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरी शनिवार को विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत पनासा एवं मुंगारी गांव का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और दिशा निर्देश दिए सबसे पहले मैं ग्राम पंचायत मुगांरी में अमृत वाटिका, स्मृति वन, अमृत सरोवर का स्थली निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए तत्पश्चात ग्राम पंचायत पनासा में न्यू गो आश्रय स्थल का भी निरीक्षण किया तथा हो रहे कार्य के प्रति संबंधित ब्लॉक कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया उन्होंने कहा कि पशुओं के रखरखाव की समस्या से निपटने के लिए न्यू ग आश्रय का निर्माण जल्द से जल्द पूरा किए जाने का दिशा निर्देश दिया साथ ही गांव के अन्य कार्यों का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस मौके पर खंड विकास अधिकारी देव कुमार, जेई उमेश कुमार, मनरेगा प्रभारी मनीष शुक्ला, सचिव महेश कुमार, प्रधान नागेंद्र पांडे, सहित बड़ी संख्या में ब्लाक कर्मी और गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### मत्स्य पालन से जुड़कर किसान रोजगार के साथ अच्छा लाभ उठाएं : रुमा बानों

**करछना।** मत्स्य पालन विभाग द्वारा ब्लाक करछना में शनिवार को शिविर आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में विकास खंड करछना के विभिन्न गांवों से आये हुए किसान, प्रधानों ने भाग लिया जिसमें मत्स्य पालन विभाग की ओर अधिकारी रुमा बानों ने उपस्थित किसानों और प्रधानों को बताया कि मत्स्य पालन से जुड़े किसान बड़ी संख्या में व्यवसाय अपना कर अच्छा लाभ उठा रहे हैं, साथ ही साथ यह एक परिवार पालन का जरिया है इस व्यवसाय को अधिक से अधिक लोग अपना कर आजिविका के साथ आगे बढ़ने का एक माध्यम भी है,की जानकारी दी उन्होंने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में जिन किसानों ने योजनाओं को लाभ लेने के लिए आवेदन किया था उनके द्वारा अपूर्ण आवेदन को पूरा करने के लिए शिविर लगाकर पूर्ण किया गया। मत्स्य विकास अधिकारी रुमा बानों ने मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही योजनाओं के लाभार्थी किसानों को आवेदन को पूरा करने के लिए बताया।इस मौके पर अरुण सिंह, संतोष तिवारी, योगेश सिंह, गुलाम रसूल , इंद्रसेन सिंह पंचायत सचिव राम सकल, संजीव श्रीवास्तव, कमल सिंह, मनीष कुमार यादव, अमित यादव, विनोद कुमार, आदित्य कुमार पौडवाल,राम रूप सिंह, महेश कुमार सहित दर्जनों किसान एवं ब्लाक कर्मी मौजूद रहे।

# बारा विधायक ने किसानों को मुफ्त में वितरित किया बीज

**लाभ**

**किसानों ने साधन सहकारी समितियों में खाद न मिलने व नहर में पानी न आने की शिकायत विधायक से किया**



किसानों को मुफ्त बीज वितरित करते बारा विधायक

**शंकरगढ़।** राजकीय बीज गोदाम शंकरगढ़ में बारा विधायक की अध्यक्षता में क्षेत्र के किसानों को मुफ्त में बीज का मिनी किट वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों किसानों ने इसका लाभ लिया।

शनिवार को क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर वाचस्पति के द्वारा राजकीय बीज गोदाम शंकरगढ़ में किसानों को मुफ्त में चना और मसूर के मिनी किट का वितरण किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार का केवल एक ही उद्देश्य है कि किसानों की आय को किस तरह से बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा केंद्र सरकार द्वारा अनेक ऐसी नीतियां बनाई गई हैं किसका प्रयोग करके किसानों की आय को दुगनी की जा सकेगी। इस मौके पर तमाम किसानों ने क्षेत्र के सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध ना होने की शिकायत की। जिस पर क्षेत्रीय विधायक ने तत्काल ही जिला कृषि अधिकारी, उप जिलाधिकारी बारा ,एडीओ शंकरगढ़ को फोन लगाकर खाद के संबंध में जानकारी ली । प्रथम दृष्टया इन लोगों द्वारा कहा गया कि हम लोगों को नहीं जानकारी है कि शंकरगढ़ की सहकारी समितियों में खाद नहीं है। जब विधायक ने उक्त अधिकारियों से कहा कि मुझे तत्काल बताया जाए कि शंकरगढ़ क्षेत्र के सहकारी समितियों में खाद कब उपलब्ध होगी। तब उन लोगों ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर शंकरगढ़ की सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध हो जाएगी। किसानों ने कहा कि इस समय रवी फसल की बुवाई का समय है। लेकिन नहर विभाग द्वारा नहरों को बंद कर दिया गया है। जिससे खेत का पलेवा न हो पाने के कारण बुवाई बाधित है। उन्होंने इस विषय में उच्चाधिकारियों से बात करने की बात कही। बीज वितरण समारोह में प्रमुख रूप से डॉ विनोद त्रिपाठी, भाजपा शंकरगढ़ मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल, नारीबारी मंडल अध्यक्ष अंजनी लाल, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रत्नाकर सिंह, डॉ विनोद , किसान राज बहादुर सिंह, गया जी, अच्छेलाल, रामाधार, रामशरण, अदानी, श्याम लाल, मंजू देवी, दिनेश, विनय सिंह, अशर्फी लाल, संतोष कुमार, हंस लाल, शिव मोहन सिंह, अवधेश कुमार, अनिल कुमार के अलावा राजकीय बीज गोदाम प्रभारी तुला राम यादव, टेक्नीशियन मुकेश सिंह, चंद्रशेखर, अनिल कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# नई संसद भवन का नाम डा0अम्बेडकर पार्लियामेंट हाउस किया जाय


भीम सैनिकों को संबोधित करते मुख्य अतिथि

**माण्डा।** भारतीय भीम सेवा समिति भीम सेना की बैठक केदार नाथ गौतम के आवास पर सिकरा माण्डा में भीम सेना संस्थापक सनाउल्ला खान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें उपस्थित भीम सैनिकों को सम्बोधित करते हुए सनाउल्ला खान ने कहा कि बाबा साहब डा०भीम राव अम्बेडकर ने भारत को विश्व का सबसे मजबूत, सशक्त लोकतांत्रिक संविधान दिया, बाबा साहब डा०भीम राव अम्बेडकर द्वारा रचित संविधान की वजह से आज सामाजिक न्याय से विरक्त अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग आरक्षण प्राप्त करके मान सम्मान पाया?।डा०अम्बेडकर की संविधान की वजह से धार्मिक अल्पसंख्यक ससम्मान जीवन जी रहा है इसलिए भारतीय भीम सेवा समिति भीम सेना देश के महामहिम राष्ट्रपति व माननीय प्रधानमंत्री से मांग करता है कि नई संसद भवन का नाम बाबा साहब के नाम पर डा०अम्बेडकर पार्लियामेंट हाउस करें जिससे कि बाबा साहब को चाहने वाले करोड़ों करोड़ों भारतीय गौरवान्वित हो आगे श्री खान ने कहा कि संसद भवन में बैठे माननीय सदस्यों के द्वारा नियम कानून कायदा बनाया जाता है और उस संसद भवन की परिकल्पना संविधान की वजह से है तथा भारतीय संविधान डा०भीम राव अम्बेडकर की वजह से है, इसलिए नई संसद भवन का नाम डा अम्बेडकर पार्लियामेंट हाउस से बेहतर कुछ नहीं हो सकता है। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित भीम सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र राव, केदार नाथ गौतम, हरि प्रताप गौड़, मोहिउद्दीन वारसी, विनोद रावत, एडवोकेट प्रेम मेकार्टी, एडवोकेट सुशील कुमार कुशवाहा, एडवोकेट अरुण कुशवाहा, सनित कुमार, राम आसरे पासी ने भी नई संसद भवन का नाम डा० अम्बेडकर पार्लियामेंट हाउस करने की मांग का समर्थन करते हुए गाँव गाँव जाकर बहुजन समाज के लोगों से महामहिम राष्ट्रपति व माननीय प्रधानमंत्री के नाम अनुरोध पत्र प्रेषित करने का फैसला किया।

## शुआट्स में फोटोग्राफी प्रतियोगिता 25 को

**नैनी।** स्कूल ऑफ फिल्म एंड मास कम्युनिकेशन, शुआट्स द्वारा ₹माई सिटी₹ विषय पर एक फोटोग्राफी प्रतियोगिता 'द शटरबग्स -4' 25 नवंबर 2022 को आयोजित की जा रही है, इस थीम के तहत प्रतिभागी स्मारकों, सड़क फोटोग्राफी, वनस्पतियों की तस्वीरें क्लिक कर सकते हैं। और जीव-जंतु, भोजन, संस्कृति, परिसर जीवन आदि और फिल्म एंड मास कम्युनिकेशन में 22 नवंबर 2022 तक हार्ड कॉपी में अपनी तस्वीरें जमा करें।

स्कूल ऑफ फिल्म एंड मास कम्युनिकेशन के डीन डॉ. आशीष एलेक्जेंडर ने बताया कि यह प्रतियोगिता सभी विद्यार्थियों और फ्रेशर के लिए है। उन्होंने यह भी बताया कि द शटरबग्स का यह चौथा सीजन है जिसमें प्रदर्शनी 25 नवंबर 2022 को आयोजित की जाएगी और प्रतियोगिता के विजेता को सर्टिफिकेट और ट्रॉफी के साथ सराहा जाएगा।

## 26 सेकंड मे बच्चों द्वारा बताया गया 75 जिलों का नाम


उपस्थित विद्यालय के बच्चे

**उतरांव।** उतरांव क्षेत्र के समोधिपुर गांव स्थित महात्मा गौतम बुद्ध बालिका जूनियर हाई स्कूल के बच्चों द्वारा उत्तर -प्रदेश के 75 जिलों के नाम कुछ ही सेकंड में सुनाया गया ' जिसमें कक्षा 3 से कक्षा 8तक के छात्र छात्रा शामिल थे 'जिसमें प्रथम स्थान कक्षा 4के छात्र मुजम्मिल अंसारी ने 26सेकेंड में सुनाया।वहीं कक्षा 4 के छात्र आयुष पटेल ने 28 सेकेंड,तथा कक्षा 5के छात्र वीरेंद्र पटेल ने 30सेकेंड में 75 जिलों का नाम सुनाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। समाजसेवी शिमला सिंह द्वारा बच्चों को पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया 'विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने बच्चों को शाबाशी देते हुए छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। विद्यालय के प्रधनाचार्य अधिवक्ता रणजीत सिंह कानपुरी ने बताया की बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए ऐसे ही अन्य शैक्षिक कार्यक्रम किया जाता है। इस मौके पर उप प्रधनाचार्य रामचंद्र मौर्य, सहायक अध्यापक शीतला प्रसाद, सतीश सिंह कानपुरी व सहायक अध्यापिका शिवांशी सिंह कानपुरी, अन्नू कुशवाहा, खुशबू मौर्या, रश्मी वर्मा मौजूद रहे।



37वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इन्द्रिरा मैराथन में दौड़ लगाते प्रतिभागी

# प्रयागराज

# 37वीं इन्दिरा मैराथन के विजेता बने शेर सिंह व सुधा सिंह



विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करते खेल मंत्री व सांसद



इंदिरा मैराथन में पुरुष वर्ग के विजेता खिलाड़ी



इंदिरा मैराथन में महिला वर्ग के विजेता खिलाड़ी

**इंदिरा मैराथन**

### 37वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इन्द्रिरा मैराथन को हरी झण्डी दिखाकर खेल मंत्री ने किया रवाना पुरूष वर्ग में शेर सिंह एवं महिला वर्ग में सुधा सिंह ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

### सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्पित : मंत्री

**प्रयागराज।** 37वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इन्दिरा मैराथन-2022 प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। 37वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इन्दिरा मैराथन को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव शनिवार को प्रातः 06:30 बजे आनंद भवन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मैराथन प्रतियोगिता निर्धारित मार्गों से होते हुए मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में समाप्त हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, खेल निदेशक आर0पी0 सिंह एवं ए0डी0एम0 (सिटी) मदन कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट उपस्थित रहें।

37वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इन्दिरा मैराथन पुरूष वर्ग में शेर सिंह निवासी जयपुर राजस्थान प्रथम, विक्रम बांगरिया निवासी महाराष्ट्र द्वितीय तथा अनिल कुमार सिंह निवासी प्रयागराज उत्तर प्रदेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार महिला वर्ग में सुधा सिंह निवासी रायबरेली उ0प्र0 ने प्रथम, अश्विनी मदन जाधव निवासी महाराष्ट्र द्वितीय तथा ज्योति शंकर राव निवासी महाराष्ट्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इंदिरा मैराथन के समापन के अवसर पर मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने मैराथन में प्रतिभाग करने आये हुए सभी खिलाड़ियों से कहा कि जो आज विजेता हुए है, उन्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं, लेकिन जो किन्हीं कारणों से आज विजेता बनने से चूक गये है, उन्हें मायूस होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि आज आप यहां से संकल्प लेकर जाये कि अगली बार हम इस प्रतियोगिता को जीतेंगे। आज नहीं तो कल आपकों सफलता जरूर मिलेगी। मा0 मंत्री जी ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी लोगो को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए हरसम्भव प्रयास कर रही है तथा खिलाड़ियों के हित में आवश्यक फैसले ले रही है। सरकार की यह प्राथमिकता है कि खिलाड़ियों को अच्छी डाईट, अच्छा प्रशिक्षण उपलब्ध हो। प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश में खेल बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेरठ में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में प्रदेश के कई और खिलाड़ी राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर देश व प्रदेश का मान बढ़ायेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे यह विश्वास है कि उत्तर प्रदेश एक दिन खेल के क्षेत्र का हब बनेगा। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले जगत तारन गर्ल्स इण्टर कालेज, ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर गंगापुरी, ज्वाला देवी बालिका इण्टर कालेज मम्फोर्डगंज, आर्य कन्या इण्टर कालेज के बच्चों की सराहना की।

सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल ने इंदिरा मैराथन में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों व लोगो को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा खेलो इंडिया का जो अभियान चलाया गया है, उससे नई-नई प्रतिभाएं निखर कर सामने आ रही है तथा खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही है। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि मैराथन में देश के कई राज्यों से प्रतिभावान खिलाड़ियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया है। यह बताता है कि यह मैराथन पूरे भारत में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि 37वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इन्दिरा मैराथन-2022 के विजेता खेल के क्षेत्र में आदर्श बनकर निकलेंगे और दूसरे खिलाड़ियों के लिए प्रेरणाश्रोत बनेंगे।

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 29.00 |
| न्यूनतम : | 15.00 |
| सूर्योदय : | 06.19 |
| सूर्यास्त : | 05.15 |

## सांसद ने प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रही सड़क का किया शिलान्यास

**लालापुर।** रिगवा सरसेड़ी मोड़ से होकर जाने वाली सोनौरी तक 8,020 किलोमीटर पैकेज संख्या यू पी03186 कुल लागत ?389,64 लाख कार्यदाई संस्था निर्माण खण्ड2 प्र,लोक निर्माण विभाग प्रयागराज रिगवा से सौनौरी तक जोड़ने वाली सड़क का सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी संग बारा विधायक डॉ वाचस्पति ने सड़क का शिलान्यास किया। शनिवार की शाम शिलान्यास करते हुए सांसद डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि लोगों को सड़क, बिजली को पानी की आवश्यकताओं को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सन 2019 में जब दूसरी बार केंद्र की सरकार चुनकर सत्ता में आई तो उसके बाद ही करोना महामारी व आर्थिक मंदी की चपेट में पूरा विश्व आ गया। जो अभी तक पीछा नहीं छोड़ रहा है।रूस और यूक्रेन में हो रहे युद्ध के कारण पूरे विश्व में युद्ध की स्थिति बन गई है ।जिससे तेल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं तथा खाद्यान्नों का आयात निर्यात में भी दिक्कत हो रही है। आगे कहा कि दुनिया के वह पीस देश जिनका जो 80 परसेंट जीडीपी रखते हैं। उनकी अध्यक्षता आज भारत कर रहा है । विश्व शांति के लिए भारत देश कार्य कर रहा है जो गौरव की बात है।

# जिंदगी में कभी कोई समस्या आए तो उसे चुनौती के रूप में स्वीकार करें : नन्दी



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मंत्री नंदी

**प्रयागराज।** सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र से विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी शनिवार को नैनी स्थित बेथनी कॉन्वेंट स्कूल में बेथनी एजुकेशन सोसायटी के 75वें वर्षगांठ पर आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

मंत्री नन्दी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिंदगी में कभी कोई समस्या आए तो उसे चुनौती के रूप में स्वीकार करें। घबराएं नही, दृढ़ संकल्प और इच्छा शक्ति के साथ ठान लिया तो कुछ भी असंभव नहीं है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर शमिता द्वारा मुख्य अतिथि नंद गोपाल गुप्ता नंदी का ( कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार), प्रयागराज की महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नंदी, बेथनी एजुकेशनल सोसाइटी पूर्वी प्रांत की कारपोरेट मैनेजर सिस्टर जस्सी मारिया, सहायक प्रांतीय मैनेजर सिस्टर अनीता मोरिस, सिस्टर मार्गिटा, फादर यूजीन मस्करेनस, फादर सेबेस्टियन फ्रांसिस तथा सभी गणमान्य अतिथियों को माला पहनाकर व उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया`

छात्रों द्वारा बैंड बजा कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कॉरपोरेट मैनेजर डॉ सिस्टर जस्सी मारिया द्वारा बेथनी एजुकेशनल सोसाइटी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूर्वी प्रांत का प्रतिनिधित्व करने वाले 'हीरक जयंती' के 'प्रतीक चिन्ह' को प्रकाशित किया गया और गुब्बारों को उड़ाकर तथा जयन्ती गीत द्वारा प्रेम ,शांति तथा मानवता का संदेश प्रसारित किया गया ` प्रधानाचार्य सिस्टर शमिता द्वारा मुख्य अतिथि व कारपोरेट मैनेजर को स्मृति चिन्ह व शॉल प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों का अभिनंदन किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र दिए हैं। प्रधानाचार्या सिस्टर शमिता द्वारा विद्यार्थियों को नैतिकता, बुद्धिमत्ता, तथा जीवन में सफल होने के लिए प्रेरणात्मक संज्ञान दिए गये`छात्रों ने प्रार्थना गीत व नृत्य, स्वागत गीत तथा नृत्य नाटिका 'जीवन की परिपूर्णता' का भव्य मंचन किया ।

## प्रधानों से मिले जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह

**करछना।** धरवारा ग्राम पंचायत सचिवालय पर न्याय पंचायत धरवारा के सभी ग्राम प्रधानों की एक आवश्यक बैठक शुक्रवार सायं को हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वी के सिंह मौजूद रहे। उन्होंने न्याय पंचायत के अंतर्गत सभी ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधानों से विकास कार्यो की जानकारी ली। और हर घर नल के विषय में भी लोगों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्राम सचिवालय की भव्यता और आधुनिक सभी उपकरणों से परिपूर्ण व सचिवालय की सुंदरता पर संबंधित ग्राम प्रधान समेत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरू सिंह को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि धरवारा जैसा ग्रामसचिवालय जनपद में देखने को नहीं मिला। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की ओर से कराए जा रहे सभी विकास कार्यों के प्रति प्रसन्नता भी जाहिर की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि ग्राम सभा धरवारा जनपद के अलावा प्रदेश में भी सर्वोच्च स्थान पर रहे गा। उन्होंने कहा कि इस ग्राम सभा के विकास कार्य के लिए धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। पूछे जाने पर लोगों ने बताया कि ब्लॉक की धरवारा सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है । और यह ग्रामसभा 12 मजरो में स्थित है। सात परिषदीय विद्यालय भी है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा के सभी मजरों में जिला पंचायत से पक्की सड़क व पक्की नाली का निर्माण कार्य कराया जाएगा। कोई भी मजरा सड़क और नाली से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने ग्राम सभा से इसके लिए शीघ्र प्रस्ताव की मांग भी की।

# फूलपुर के रानी गोमती एस्ट्रो क्लब का अवलोकन करने पहुंचे युवा कल्याण व खेल मंत्री



रानी गोमती एस्ट्रो क्लब का अवलोकन करते खेलमंत्री

**फूलपुर।** विज्ञान एक ऐसा विषय है जिसमें हमेशा कुछ न कुछ नया करने की सीख मिलती है। शोध के माध्यम से विज्ञान को और अधिक जानने के लिए युवाओं में जिज्ञासा की भावना होनी चाहिये। जिससे वे कुछ नया कर सके। उक्त बातें शनिवार को फूलपुर नगर पंचायत के इस्माइलगंज मोहल्ले में पथ प्रदर्शक समिति द्वारा नवस्थापित रानी गोमती एस्ट्रो क्लब का आवलोकन करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कही। रानी गोमती एस्ट्रो क्लब के संयोजक नामित सभासद राय साहब की सराहना करते हुए उन्होने कहा कि अंतरिक्ष,खगोल विज्ञान के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में जानकारी देने वाला यह केंद्र छात्रों के लिए जहां ज्ञानवर्धक है वहीं यह उनके जीवन को एक नई दशा व दिशा देने का भी काम करेगा। वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश विश्वकर्मा ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार आमजन को सुविधाएं व विकास देने में पूर्णतः तत्पर है। एस्ट्रो क्लब के संयोजक व नामित सभासद राय साहब केशरी ने खेल मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं को उच्च स्तरीय ज्ञान हो इसके लिए वो सदैव प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों को एक बार इस केंद्र का आवलोकन अवश्य करना चाहिए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने टेलिस्कोप से सूर्य व अंतरिक्ष की गतिविधियों को देखने के साथ ही एस्ट्रो शो को भी देखा। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता,अखिलेश यादव,बलवंत मौर्या, भोला गुप्ता (सभासद) ,धर्मेंद्र गुप्ता (प्रधानपति), निखिल आदि रहे।

## संक्षेप

### नव निर्वाचित बार अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत



**मेजा।** बार एसोसिएशन मेजा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेंद्र कुमार दुबे का शनिवार को मेजारोड व्यापार मण्डल कार्यालय पर माल्यार्पण जोरदार स्वागत कर बधाई दी गई । नव निर्वाचित बार अध्यक्ष महेंद्र दुबे ने कहा कि मैं पूरी कोशिस करूँगा की बार और बेंच के बीच सामंजस्य बना रहे। वादकारियों को सस्ता एंव सुलभ न्याय मिले। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख मुन्नन शुक्ल, ई नित्यानंद उपाध्याय, सिद्धान्त तिवारी, टुनटुन तिवारी, अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, अधिवक्ता तुलसीदास तिवारी, दुर्गेश तिवारी, लल्ला सिंह गज्जू सिंह, कबलु दुबे, नितेश तिवारी, विनय शुक्ल, शिव उपाध्याय, आकाश मिश्र, प्रेमशंकर पाण्डेय सहित सैकड़ों लोग रहे।

### क्षेत्र पंचायत सदस्यों को मिला दो दिवसीय प्रशिक्षण



**फूलपुर।** फूलपुर क्षेत्र के बसनेहटा स्थित जिला ग्राम्य विकास संस्थान में शनिवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत क्षेत्र पंचायत सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के लिए पहुंचे बीडीसी सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। विकास परक योजनाओं में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताते हुए सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) गुलाब चन्द पाण्डेय ने कहा कि प्रशिक्षण व्यक्ति के कार्य और दायित्वों का बोध कराता है। प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को अपने क्षेत्र में व्यावहारिक रूप से प्रयोग करना ही प्रशिक्षण की उपलब्धि है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों के महत्वपूर्ण योगदान पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य क्षेत्र पंचायत सदस्यों का भी है। क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम पंचायतों की बैठक में भी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित रहकर ग्राम पंचायत के विकास में अपनी भूमिका निभाएं। मौके पर प्रशिक्षण अधिकारियों के साथ ही काफी संख्या में बीडीसी सदस्य मौजूद रहे।

### साहिब श्री गुरु नानक देव जी के 553वें प्रकाशपर्व पर श्री अखंड पाठ आरंभ



**नैनी।** नैनी गुरुद्वारा संगत द्वारा भोर में पिछले कई दिनों से प्रभात फेरी नगर भ्रमण कर गुरुवाणी की अमृत वर्षा द्वारा श्रद्धालु गुरु का आशीर्वाद प्राप्त कर गुरुद्वारा पहुंचे तत्पश्चात पंक्तिबद्ध बैठकर शब्द- कीर्तन उपरांत अखंड पाठ आरंभ हुए। नैनी स्थित गुरुद्वारे में गुरु पर्व के प्रकाश उत्सव के विभिन्न धार्मिक आयोजन में तन मन धन से बढ़-चढ़कर सेवा कर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन सफल करें। समय का विशेष ध्यान रखकर समय से पहुंचे जिससे गुरु की वाणी का पूरा सिमरन कर सकें। इस दौरान सुरेंद्र सिंह, जसपाल सिंह, शिव शंकर दीक्षित, राजू चड्ढा, वरयामसिंह, चरनजीत सिंह, परमिंदर सिंह बंटी, सरदार पतविंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में सेवादार उपस्थित रहे।

### विधायक ने लघु पेयजल योजना का फीता काटकर किया लोकार्पण



**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम (प्रा.) लिमिटेड के सौजन्य से ग्राम सभा मई खुर्द में सौर ऊर्जा संचालित लघु पेयजल योजना एवं प्राथमिक विद्यालय पताई डांडी में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति प्रणाली का लोकार्पण शनिवार को कोरांव विधायक राजमणि कोल के कर कमलों द्वारा केदार रंजन पांडु, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एमयूएनपीएल की गरिमामई उपस्थिति में किया गया। लघु पेयजल योजना से ग्राम मई खुर्द के लगभग 25 परिवार एवं प्राथमिक विद्यालय, पताई डांडी में पढ़ रहे लगभग १०० विद्यार्थी एवं शिक्षकगण लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर एमयूएनपीएल से अखिल के.पी. पट्टनायक, अपर महाप्रबन्धक (मानव संसाधन), अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, उ.प्र. जल निगम के अधिकारीगण, ग्राम प्रधान एवं ग्रामवासी उपस्थिति थे।

### धूमधाम से मनाई गई रानी लक्ष्मीबाई व भाऊराव देवरस की जयंती



**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गंगापुरी रसूलाबाद में शनिवार को रानी लक्ष्मीबाई व भाऊराव देवरस की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र , आचार्य जनार्दन प्रसाद दुबे व दीपक कुमार मिश्र ने रानी लक्ष्मीबाई व भाऊ राव देवरस के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम प्रमुख जनार्दन प्रसाद दुबे ने रानी लक्ष्मीबाई के विषय में भैया/ बहनों को बताते हुए कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ने स्वातंत्र्य युद्ध में अपने जीवन की अंतिम आहूति देकर जनता जनार्दन को चेतना प्रदान की और स्वतंत्रता के लिए बलिदान का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र ने भाऊराव देवरस के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये कहा की वे संघ के साथ स्वाधीनता आंदोलन में भी सक्रिय रहे। यूं तो संघ की शाखा सर्वप्रथम काशी में भैयाजी दाणी द्वारा प्रारम्भ की गयी थी, पर संघ के काम को उ0प्र0 के हर जिले तक फैलाने का श्रेय श्री भाऊराव देवरस जी को है। संघ के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती जैसे संगठन की कल्पना, राष्ट्रधर्म एवं पांचजन्य पत्रिका के माध्यम से समाज को जाग्रत करने का कार्य किया। इस अवसर पर नवम की छात्रा ईशिका त्रिपाठी ने वीर रस की कविता का पाठ किया तथा बहन पलक कुशवाहा शारदा झा व भैया ऋषभ सिंह पटेल ने रानी लक्ष्मीबाई व भाऊराव देवरस के विषय में अपने विचार रखे। विद्यालय के मीडिया प्रभारी दीपक कुमार मिश्र ने सभी भैया बहनों को कार्यक्रम की उपादेयता बताते हुए आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन एकादश की छात्रा कौशिकी श्रीवास्तव ने किया ।इस अवसर पर सभी छात्र छात्रा एवं अध्यापक गण उपस्थित रहे।

### सिविल लाइंस में चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

**प्रयागराज।** सिविल लाइन चौराहा से पत्रिका चौराहा कंपनी बाग चौराहा, हॉट स्टेप चौराहा सहित अन्य चौराहे पर शनिवार की देर शाम एसपी सिटी संतोष कुमार मीणा के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान चार पहिया दो पहिया वाहनों का चालान भी काटा गया। इस अभियान में एसपी सिटी सिविल लाइंस स्पेक्टर सहित काफी संख्या में पुलिस शामिल रहे।

## आज से 30 नवंबर के बीच आप करेगी कार्यकर्ता सम्मेलन

**प्रयागराज।** निकाय चुनाव उत्तर प्रदेश के मद्देनजर "गंदगी हटाओ झाड़ू चलाओ" अभियान को मिले जनता के अपार जन समर्थन के बाद यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह के निर्देश पर आम आदमी पार्टी प्रदेश के सभी नगर निगम/ नगर पंचायत /नगर पालिका के क्षेत्रों में कार्यकर्ता सम्मेलन करेगी जिसके माध्यम से पार्टी पदाधिकारी निकाय में व्याप्त भ्रष्टाचार को जनता को बताएंगे जिला निकाय चुनाव प्रभारी मनीष गुप्ता ने बताया कि *आम आदमी पार्टी प्रदेश के सभी नगर पालिका, नगर पंचायतों तथा विधानसभाओं में 20 नवंबर से 30 नवंबर तक 800 कार्यकर्ता सम्मेलन करेंगी जिसके लिए प्रदेश के 77 पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।. उन्होंने बताया आम आदमी पार्टी निकाय की सभी सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी और कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान नए लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई जाएगी, आवेदन फार्मो का वितरण किया जाएगा और संभावित प्रत्याशियों का क्षेत्रीय सर्वे कराकर नामों पर चर्चा की जाएगी। पिछले कुछ दिनों से आप द्वारा चलाए गए हर अभियान में जिस तरह जनता ने पूर्ण रूप से आप का समर्थन किया है उससे राज्य सरकार की नींद उड़ चुकी है। जिला अध्यक्ष डॉक्टर अलताफ अहमद ने कहा कि *11 दिन में 800 कार्यकर्ता सम्मेलन कर नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में चरम सीमा पर व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर कर जनता को संबोधित किया जाएगा और इसके साथ ही साथ दिल्ली के केजरीवाल मॉडल को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि गंदगी हटाओ झाड़ू चलाओ पदयात्रा के दौरान पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने निगमों के भ्रष्टाचार को जनता तक पहुंचाने का काम किया और प्रदेश की बदहाल शिक्षा व्यवस्था, जर्जर शिक्षा भवन, महिला असुरक्षा, प्रशासनिक लापरवाही, रिश्वतखोरी, नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार और लापरवाही से अवगत कराया है। जिला अध्यक्ष डॉक्टर अलताफ अहमद ने बताया कि सभी प्रांतों के अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य साथी इस अभियान में जिलों में जाकर कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

# कांग्रेसियों ने जयंती पर इंदिरा को किया नमन





इंदिरा गांधी के जन्मदिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित करते कांग्रेसी व नमन करते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम किशुन सिंह पटेल

**प्रयागराज।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की 105 वीं जयंती को धूमधाम से मनाई गई। कांग्रेसियों ने आनंद भवन स्थित उनके पैतृक आवास पर कार्यक्रम कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। शनिवार को जिला शहर कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ ने सुबह 10 बजे आनंद भवन में पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की जयंती पर उनका स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी और सुरेश यादव ने कहा की देश को परमाणु शक्ति संपन्न बनाकर भारत को दुनिया में अलग पहचान बनाई। देश उनके योगदानों को हमेशा याद रखेगा। आनंद भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी ने कहा की आधुनिक भारत के स्व. पंडित जवाहर लाल नेहरू के सपने को पूरा करने के लिए इंदिरा गांधी ने स्वेत क्रांति, हरित क्रांति, बैंकों के राष्ट्रीयकरण, प्रिवियर्स समाप्त करने सहित कई बड़े काम किए। 1971 में दुनिया में भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र की पहचान दिलाई। जिला प्रवक्ता हसीब अहमद ने कहा की इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश को मुक्त कराकर दुनिया के भूगोल को बदलकर रख दिया। देश के प्रति उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इसके बाद कांग्रेसियों ने कैंट चौराहे स्थित इंदिरा गांधी की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनकी जयंती मनाई।

इस दौरान जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी, सुरेश यादव, प्रदीप मिश्रा, संजय तिवारी, हसीब अहमद, शेखर बहुगुणा, राकेश पटेल, विवेक पाण्डेय, मनोज पासी, गौरव पाण्डेय, शादाब अहमद, दिनेश सोनी, रघुनाथ द्विवेदी, उदय यादव, मो०हसीन, शकील अहमद, विजय यादव, दीपचंद्र शर्मा समेत आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### 20 से 30 नवंबर के बीच आप करेगी कार्यकर्ता सम्मेलन

**कौशाम्बी।** निकाय चुनाव उत्तर प्रदेश के मद्देनजर गंदगी हटाओ झाड़ू चलाओ अभियान को मिले जनता के अपार जन समर्थन के बाद यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह के निर्दशानुसार आम आदमी पार्टी प्रदेश के सभी नगर निगम नगर पंचायत नगर पालिका के क्षेत्रों में कार्यकर्ता सम्मेलन करेगी। जिसके माध्यम से पार्टी पदाधिकारी निकाय में व्याप्त भ्रष्टाचार को जनता को बताएंगे और निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी को एक बार मौका देने की अपील करेंगे। जिला निकाय चुनाव प्रभारीण अभिषेक दिवेदी ने बताया कि आम आदमी पार्टी प्रदेश के सभी नगर पालिका, नगर पंचायतों और नगर निगम की विधानसभाओं में 20 नवंबर से 30 नवंबर तक 800 कार्यकर्ता सम्मेलन करेंगी। जिसके लिए प्रदेश के 77 पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने बताया आम आदमी पार्टी निकाय की सभी सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी और कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान नए लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई जाएगी। आवेदन फार्मो का वितरण किया जाएगा और संभावित प्रत्याशियों का क्षेत्रीय सर्वे कराकर नामों पर चर्चा की जाएगी। पिछले कुछ दिनों से आप द्वारा चलाए गए हर अभियान में जिस तरह जनता ने पूर्ण रूप से आप का समर्थन किया है उससे राज्य सरकार की नींद उड़ चुकी है। जिला निकाय चुनाव प्रभारी द्वारा जिले मे सम्मेलन की डेट की सूचना 20 नवंबर, सिराथू, 21 सराय अकिल, 22 को कड़ा, 23 अझुआ, 24 को भरवारी, 25 को चरवा, 26 को चायल, 27 को करारी, 28 पश्चिम शरीरा, 29 मंझनपुर में कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला अध्यक्ष मोहम्मद असद ने कहा कि 11 दिन में 800 कार्यकर्ता सम्मेलन कर नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में चरम सीमा पर व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर कर जनता को संबोधित किया जाएगा और इसके साथ ही साथ दिल्ली के केजरीवाल मॉडल को घर.घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# भ्रष्टाचार नहीं बर्दाश्त करेगी सिराथू की जनता : पल्लवी

**निरीक्षण**

### दुर्गा भाभी सेतु का एमएलए पल्लवी ने किया निरीक्षण

**दारानगर,कौशाम्बी।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के ग्रह जनपद कौशाम्बी के शहजादपुर गंगा नदी पर बने क्रांतिकारी दुर्गा भाभी सेतु में दरार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शनिवार को सेतु का स्थलीय निरीक्षण करने शहजादपुर पहुंची सिराथू से सपा एमएलए डॉ.पल्लवी पटेल ने सरकार से सेतु निर्माण में हुई धांधली की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की।

बता दें कि कौशाम्बी जिले के शहजादपुर गंगा नदी में 292 करोड़ की लागत से बने दुर्गा भाभी सेतु की सड़क धंसने और दरार आने और भ्रष्टाचार का मामला मीडिया में आते ही तूल पकड़ने लगा है। मीडिया में खबरें चलने के बाद शनिवार को कौशांबी जिले की सिराथू विधानसभा से सपा एमएलए डॉ पल्लवी पटेल अपने समर्थकों के साथ दुर्गा भाभी सेतु का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंच गईं। इस दौरान डॉ पल्लवी पटेल ने ट्वीट करते हुए लिखा की सिराथू नहीं सहेगा भ्रष्टाचार, सबूत देखिए कैसे 300 करोड़ पर मिट्टी डाली जा रही है। सिराथू की जनता 300 करोड़ का हिसाब मांगने आई है,पुल इतना धंस गया कि मिट्टी की बोरियों से भ्रष्टाचार पर लीपापोती की जा रही है। जनता अपने पैसे की लूट का तमाशा देखने को मजबूर है।



दुर्गा भाभी सेतु में आई दरार को देखती सिराथू विधायिका पल्लवी पटेल

वही मीडिया के द्वारा सवाल पूछे जाने पर सपा एमएलए पल्लवी पटेल ने कहा कि क्रांतिकारी दुर्गा भाभी का नाम पिछले डेढ़ सौ सालो से उनकी निडरता और व्यक्तित्व के कारण जिंदा है और उनके नाम पर जो भी धरोहर बनाई जाए वह कम से कम 300 सालों तक तो वैसी ही बनी रहे, लेकिन यह पुल तो महज 6 से 7 महीने में ही हिलने लग गया। मेरा सरकार से निवेदन है यदि पुल को ठीकठाक नहीं रख सकते तो दुर्गा भाभी जैसी निडर क्रांतिकारी महिला का नाम इस पुल से हटा लें। उन्होंने यह भी कहा कि पुल को यदि छेनी हथौड़ी से तोड़ा गया या बम से उड़ाया गया है तो यह आतंकवादी गतिविधियां हो सकती हैं। केस दर्ज करके कड़ी कार्रवाई करें, लेकिन मेरे द्वारा जो निरीक्षण किया गया उसमें पाया गया कि यहां कौशांबी में जो भी भ्रष्टाचार है पैसे की लूट घसोट है, उसकी जड़ें बहुत नीचे तक दफन है। उनको उखाड़ फेंकना है और मेरा निवेदन है कि ऐसे में मुख्यमंत्री को स्वंय आगे आना चाहिए। इस प्रकरण की निष्पक्षता से जांच कराकर चाहे कोई भी इसमें दोषी हो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। सपा एमएलए पल्लवी पटेल ने यह भी कहा कि जितने सेतु बन रहे हैं सब में दरार आ रही है,भारतीय जनता पार्टी की सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। इस मौके पर पार्टी नेता विनोद केसरा सहित अन्य तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ...तो दोपहर बाद खुलता है बीज गोदाम

**परेशानी**

### हाल सिराथू के डोरमा बीज गोदाम का, किसान परेशान

**दारानगर, कौशाम्बी।** सिराथू अंतर्गत डोरमा बीज गोदाम जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते अपने मंसूबे में खरा नहीं उतर पा रहा है। इलाकाई किसानों के आरोपो पर जाएं तो कहा जा रहा है कि बीज गोदाम दोपहर के बाद खुलती है। ऐसे में किसान परेशान होते हैं।

बता दें कि डोरमा बीज गोदाम शनिवार को ताला लगा रहा। इस दौरान बीज लेने आए किसान परेशान दिखे। खाद लेने के लिए सुबह से किसान इंतार कर रहे थे। दोपहर तक बीज गोदाम का ताला नहीं खुला है जिसकी वजह से तमाम किसान वापस लौटने को विवश हो गए। किसान सोनू ने बताया है कि कल भी व खाद लेने आए थे, लेकिन उनको खाद नहीं दी गई थी, शनिवार को वह सुबह 8:00 बजे से इंतजार कर रहे हैं लेकिन बीज गोदाम में ताला बंद रहा। बहरहाल कुछ भी हो सवाल इस बात का उठता है कि आखिर बीज गोदाम का ताला दोपहर में खुलता है इसका क्या निमय है। हालांकि इलाकाई किसानों ने जिम्मेदारों की इस कार्यशैली पर जहां सवालिया निशान उठाया है वहीं इसकी जांच कराए जाने की मांग किया है।



बंद बीज गोदाम, परिसर में पसरा सन्नाटा

# नामांतरण के बाद आर सिक्स व अमलदरामद में अटकी फाइल

**चायल,कौशांबी।** चायल तहसील में तहसीलदार कोर्ट का नामांतरण आदेश हो जाने के बावजूद आर सिक्स रजिस्टर पर 3 से 4 माह तक अमलदरामद नहीं किया जाता है, जिससे खतौनी पर आदेश नहीं दर्ज होता है। आदेश ना दर्ज होने के कारण आए दिन अधिवक्ता के बीच कहासुनी का विवाद बना रहता है क्योंकि जो भी व्यक्ति बैनामा कराता है उसे कार्य दिवस से 60 दिन में खतौनी में नाम आदेश के कॉलम में प्रविष्टि चाहता है। नामांतरण आदेश होने के बाद परवाना को सही समय से आर सिक्स रजिस्टर पर दर्ज नहीं किया गया, जिससे नाराज अधिवक्ताओं ने डीएम सुजीत कुमार से शिकायत कर तहसीलदार कोर्ट में आर सिक्स नामांतरण को जल्द से जल्द कराने के लिए मांग किया। हालांकि डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए समस्या का समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया है।

# नियम ताक पर रख खुद के नियम से अस्पताल पहुंचते हैं चिकित्सक



चिकित्सक बिना सूना पड़ा पशु अस्पताल

**चायल,कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के ब्लॉक चायल में पशु चिकित्सालय संचालित है, जहा डॉक्टर 10:30 बजे तक भी अस्पताल पहुंचना उचित नहीं समझते हैं। कभी 11:00 बजे तो कभी 12:00 बजे तक अस्पताल पहुंचते है, ऐसे में अस्पताल में लोग अपने बीमार पशु को लेकर आते हैं और काफी देर इंतजार के बाद वापस चले जाते है।

डॉक्टर मौजूद न होने के कारण प्राइवेट डॉक्टर से अपने जानवरों का इलाज कराते हैं और मनमाने तरीके से धना उगाही का शिकार होते हैं। अब सवाल इस बात का उठ रहा है कि आखिर क्या सरकार के नियम से हटकर इनका कोई अपना खुद का नियम है। इसे लेकर क्षेत्रीय पशुपालक परेशान हैं। आरोपों पर जाएं तो कहा जा रहा है कि अस्पताल में पहुंचे पशु पालकों यदि चिकित्सकों की मुलाकात हो भी गई तो सीधे तौर पर प्राइवेट मेडिकल से दवा लेने के लिए पर्चा लिख देते हैं, अगर व्यक्ति डॉक्टर से पूछ लिया कि साहब अस्पताल में सरकारी दवाई नहीं आती क्या, तो डॉक्टर का सीधे तौर पर जवाब आता यहां कोई दवाई नहीं आती। ऐसे में पशुपालक हैरान परेशान होते हैं। हालांकि इलाकाई बृद्धिजीवियों ने इस ओर जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसकी गोपनीय जांच कराए जाने की मांग किया है, ताकि क्षेत्रीय पशुपालकों को इलाज की बेहतर सुविधा प्रदान हो सके।

# अंगूठा लगाने के बाद भी तीन माह से नहीं मिला खाद्यान्न

**चायल, कौशाम्बी।** चायल क्षेत्र के शाना नीबी गांव के लोग तहसील चायल में आयोजित समाधान दिवस के मौके पर शिकायती पत्र देकर कोटेदार पर खाद्यान्न न देने का आरोप लगाया है। सोना नीबी निवासनी अनीता देवी पत्नी अशोक कुमार जो बेहद गरीब व्यक्ति हैं जिनका राशन कार्ड नंबर 217440262052 है उनके मुताबिक उन्हें कोटेदार द्वारा मशीन पर अंगूठा लगवाने के बाद कहता है कि आपका अंगूठा नहीं लगा, आपको खाद्यान्न नही मिलेगा। अनीता देवी अनपढ़ होने के कारण मशीन में कुछ समझ नहीं पाती जिससे कोटेदार मशीन में अंगूठा लगाने के बाद उन्हें खाद्यान्न वितरण नहीं करता है। हालांकि उपजिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण की जांच कराए जाने का आश्वासन दिया है।

### करेती, सिराथू एक्स्ट्रा डोज्ड सेतु पर 20 व 21 को बंद रहेगा आवागमन

**कौशाम्बी।** करेती सिराथू मार्ग पर गंगा नदी पर एक्स्ट्रा डोज्ड सेतु जनपद प्रतापगढ़ एवं कौशाम्बी को जोड़ता है। कौशाम्बी की ओर सेतु का भाग थाना कोखराज के अन्तर्गत एवं प्रतापगढ़ की ओर थाना मानिकपुर के अन्तर्गत आता है। 14 नवंबर की रात्रि में कुछ शरारती तत्वों द्वारा सेतु के क्रैश बैरियर को तोड़कर सरिया निकालने का प्रयास किया गया, जिससे क्रैश बैरियर क्षतिग्रस्त हो गया है और सेतु पर ओवरलोड भारी आवागमन की वजह से सेतु के एप्रोच स्लैब के भाग में लगभग 02 मीटर लम्बाई में मिट्टी दब जाने के कारण सड़क बैठ गयी है। सेतु के कैश बैरियर एवं सड़क को पूर्णतया ठीक करने के लिए 20 एवं 21 नवम्बर तक यातायात पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेंगा।

### 30 तक विनियमन सहित अन्य शुल्क जमा करें भट्ठा संचालक

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय ने जनपद में संचालित ईंट भट्ठा संचालकों को बताया है कि ईंट भट्ठा सत्र 2022-23 01 अक्टूबर से शुरू हो गया है तथा शासनादेशानुसार ईंट भट्ठों के संचालन पर विनियमन शुल्क व अन्य शुल्क बिना ब्याज के 30 नवम्बर तक जमा कर ईंट मिट्टी खनन के निर्देश दियें गये हैं, बिना विनियमन शुल्क व अन्य शुल्क जमा किये ईंट मिट्टी का खनन अवैध खनन माना जायेंगा तथा सम्बन्धित ईंट भट्ठा संचालकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेंगी। अपर जिलाधिकारी ने समस्त ईंट भट्ठा संचालकों को निर्देशित किया है कि 30 नवम्बर तक नियमानुसार विनियमन शुल्क व अन्य शुल्क जमा कर ही ईंट भट्ठों का संचालन करें।

# डीएम व एसपी ने चायल में सुनी जन शिकायतें

**तहसील दिवस**

### समयानुसार शिकायतों का किया जाए निस्तारण : डीएम

**कौशाम्बी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव तहसील चायल में आम.जन की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के निर्देश दियें। डीएम ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकताओं के आधार पर निस्तारित किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से आठ शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता रामदीन निवासी ग्राम.चरवा द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि उनके पट्टे की भूमि पर दबंग व्यक्तियों द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को प्रकरण की जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार प्रार्थी छोटे लाल, निवासी ग्राम.पुरखास द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि विपक्षीगण द्वारा उनकी भूमि पर जबरन कब्जा कर मवेशियों को बॉधा जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार एवं उप जिलाधिकारी चायल मनीष यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।



तहसील दिवस में जन शिकायत सुनते डीएम व एसपी

# कजाकिस्तान राष्ट्रपति चुनाव में भारत के प्रतिनिधि बन पहुंचे डॉ प्रवेश गुप्ता

**कौशाम्बी।** जिले छोटे से कस्बे मंझनपुर के एक सामान्य से परिवार से निकलकर आज कजाकिस्तान राष्ट्र के राष्ट्रपति चुनाव में भारत के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचकर डॉक्टर प्रवेश कुमार गुप्ता ने एक इतिहास रचा है। जिले के गौरव को एक बार बढ़ाने का काम किया है। शनिवार की सुबह कजाकिस्तान पहुंचने पर सरकार के प्रतिनिधि के रूप में स्थानीय मेयर ने उनका एयरपोर्ट पहुंचकर स्वागत किया।

जिले के नगर मंझनपुर के एक साधारण परिवार में चने में डॉक्टर प्रवेश कुमार गुप्ता शनिवार की सुबह एशियाई देशों के जानकार के रूप में भारत सरकार की ओर से होने वाले मध्यावधि चुनाव में पर्यवेक्षक अधिकारी बनकर कजाकिस्तान के शहर अस्थाना पहुंचे जहां वहां के मेयर के द्वारा एयरपोर्ट पर ही उनका भव्य स्वागत किया गया। बताते चलें कि डॉ गुप्ता पिछले कई वर्षो से भारत और एशियन देशों के संबंधों पर रिसर्च कर रहे है। बताते चलें कि स्थानीय कस्बे के साधारण परिवार के मेवा लाल गुप्ता के घर पैदा हुए डॉक्टर प्रवेश कुमार ने कस्बे में कक्षा 7 तक की पढ़ाई पूर्ण किया। इसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए इलाहाबाद के के पी कालेज से हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की परीक्षा फर्स्ट क्लास में उत्तीर्ण किया। इविंग क्रिस्चायन कॉलेज से स्नातक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने के बाद गोल्ड मेडलिस्ट रहे, परास्नात्तक की परीक्षा दिल्ली यूनिवर्सिटी से एमफिल पूरा किया। इसी के साथ उन्होंने पीचड़ी जेएनयू से प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कर भारत और एशियन देशों के संबंधों पर रिसर्च कर रहे है, और देश के लिए कार्य कर रहे है। इसके पूर्व भी उन्होंने कई एशियाई देशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर जिले का नाम रोशन किया है।



डा. प्रवेश गुप्ता

### तंगियों के बीच मुकाम हासिल किए प्रवेश : पिता मेवालाल



**कौशाम्बी।** जिस तरीके से मेरे बेटे डॉक्टर प्रवेश कुमार ने आर्थिक तंगीयों के बीच इस बड़े उद्देश्य को प्राप्त किया है वह हमारे और हमारे परिवार के लिए गर्व की बात है। हम ह्रदय से इस बात का आशीर्वाद देते हैं कि वह दिनों दिन तरक्की करें। यह मुकाम उनके संघर्षों के परिणाम है।

# तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा निखारेंगे बच्चे

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन द्वारा अंतर विद्यालय एवं महाविद्यालय वार्षिकोत्सव खेलकूद प्रतियोगिता 2022 का 20 नवंबर से आयोजन हो रहा है। यह कार्यक्रम तीन दिवसीय होना है जिसमें 20 नवंबर एवं 21 नवंबर को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होना है तथा 22 नवंबर को कार्यक्रम की समाप्ति के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायाधीश गौतम चौधरी उच्च न्यायालय इलाहाबाद होंगे।

संस्थान के चेयरमैन पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि यह वार्षिकोत्सव त्रिदिवसीय होगा, जिसमें पहले दिन और दूसरे दिन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होगा, पहले दिन मार्च पास्ट के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रतियोगिता का आगाज होगा। कार्यक्रम में केपीएस भरवारी एकेपीएस भीटी, एनडी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज, किड्जी एंडी जूनियर हाई स्कूल, रिद्धि-सिद्धि कॉलेज आफ हायर एजुकेशन के छात्र एवं छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय के बच्चे 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 800 मीटर रेस एस्टैंडिंग ब्रॉड जंप, बाल इनबामज रनिंग रेस, जलेबी रेस, स्पून रेस आदि नाना प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन में प्रतिभाग करेंगे। साथ ही साथ दूसरे दिन कार्यक्रम में लांग जंप, हाई जंप, शॉट पुट, जैवलिन, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। जिसके लिए बच्चे रोमांचित हैं और निश्चित तौर पर दर्शक दीर्घा में दूसरे दिन का सबसे प्रमुख आकर्षण का केंद्र लेडीस पेरेंट्स का गेम होगा। जिसमें म्यूजिकल चेयर और स्पून गेम शामिल होंगे और सबसे बड़ी बात यह है कि इसके विजेता को इनाम स्वरूप स्कूटी प्रदान की जाएगी। जिसके लिए सभी लेडीस पेरेंट्स रोमांचित हैं। तीसरे दिन का दिन विशेष होगा। कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज के फाउंडर मास्टर देव बाबू गुप्ता का जन्मदिन फाउंडर्स डे के तौर पर मनाया जाएगा यह सांस्कृतिक कार्यक्रम निश्चित तौर पर भी बहुत ही भव्य होगा। रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की डायरेक्टर सीमा पवार ने अपने संदेश ने कहा कि निश्चित तौर पर यह कार्यक्रम बहुत ही प्रेरणादाई संदेश देने का कार्य करेगा।



कार्यक्रम को लेकर बैठक करते विद्यालय चेयर मैन संजय गुप्ता

# जन्मदिवस पर छात्रों को बताई गई वीरांगना की शौर्यगाथा

**जन्मदिवस**

### प्रधानाध्यापक अजय कुमार साहू के नेतृत्व में छात्रों द्वारा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का जन्मदिन मनाया गया

**कौशाम्बी।** नारी सशक्तीकरण को बढ़ावा देने व विद्यालय में पढ़ने वाली हर छात्रा का मनोबल व आत्मबल मजबूत बनाने के उद्देश्य से कड़ा विकास खण्ड के परिषदीय विद्यालय सौंरई बुजुर्ग में प्रधानाध्यापक अजय कुमार साहू के नेतृत्व में छात्रों ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का जन्मदिन मनाया गया। साथ ही छात्रों ने लक्ष्मीबाई की जीवनगाथा पर आधारित सजीव नाट्यिका की प्रस्तुति की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की शिक्षिका राठौर शशि देवी ने लक्ष्मीबाई के चित्र पे समक्ष दीप जलाकर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शिक्षक अजय साहू ने कहा कि भारत में जब भी महिलाओं के सशक्तिकरण की बात होती है तो महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की चर्चा जरूर होती है। रानी लक्ष्मीबाई ना सिर्फ एक महान नाम है बल्कि वह एक आदर्श हैं उन सभी महिलाओं के लिए जो खुद को बहादुर मानती हैं और उनके लिए भी एक आदर्श हैं जो महिलाएं सोचती है कि वह महिलाएं हैं तो कुछ नहीं कर सकती। देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली रानी लक्ष्मीबाई के अप्रतिम शौर्य से चकित अंग्रेजों ने भी उनकी प्रशंसा की थी और वह अपनी वीरता के किस्सों को लेकर किंवदंती बन चुकी हैं। कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका शशि राठौर देवी ने झाँसी की रानी का किरदार निभा रही छात्रा व उसकी सेना टीम के साथ केक काटकर जन्मदिवस की बधाइयां दी। तथा खूब लड़ी मदार्नी वह तो झांसी वाली रानी थी नामक कविता के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान विद्यालयय के समस्त स्टाफ व अभिभावक मौजूद रहे।



लक्ष्मीबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक

# शिकायतों का प्राथमिकता से किया जाये निस्तारण : मण्डलायुक्त

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर मण्डलायुक्त प्रयागराज ने सुनी शिकायतें, 06 मामलों का मौके पर हुआ निस्तारण

**प्रतापगढ़।** जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मण्डलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पन्त की अध्यक्षता में तहसील कुण्डा में आयोजित किया गया। समाधान दिवस में कुल 224 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 06 राजस्व विभागों की शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।


जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं को सुनते मण्डलायुक्त

सम्पूर्ण समाधान दिवस में मण्डलायुक्त प्रयागराज ने दूर-दराज से आये हुये शिकायकताओं की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द से जल्द शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होने निर्देशित किया कि शासन के मंशानुरूप सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी कार्यालय में समय से बैठकर जन समस्याओं को सुने और समय सीमा के अन्तर्गत उनका निराकरण कागज के साथ-साथ धरातल पर भी सुनिश्चित किया जाये। समस्याओं के निराकरण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिये ताकि फरियादियों को बार-बार ब्लाक, तहसील व जनपद मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादियों की छोटी-बड़ी समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाये, यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण करायें इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाये। उन्होने सभी लेखपाल एव राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि सरकारी जमीनों में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न होने पाये इसका ध्यान रखा जाये यदि किसी भी क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण की शिकायत मिली तो सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपालध्राजस्व निरीक्षक के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई0जी0 प्रयागराज डा0 राकेश सिंह ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित थानाध्यक्षों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। महिलाओं की शिकायतों को गम्भीरता से सुने तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण भी सुनिश्चित करें। शिकायतकताओं की शिकायतों के निस्तारण में थानाध्यक्ष किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें अन्यथा सम्बन्धित थानाध्यक्ष के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने भी जनसमस्याओं की शिकायतों को सुनकर अधिकारियां को यथाशीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया। समाधान दिवस में कुल प्राप्त 224 शिकायतों में से 59 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 53, विकास विभाग से 29, समाज कल्याण से 21, शिक्षा विभाग से 10 एवं 52 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी कुण्डा सतीश कुमार त्रिपाठी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# चोरों ने नकदी समेत लाखों का सामान चुराया

**पट्टी।** छत के सहारे दुकान के अंदर घुसे चोरों ने नगदी समेत लाखों का सामान चुरा लिया। सूचना पर पहुंची मामले की छानबीन कर रही है। मामला आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सैफाबाद बाजार का है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के हर्रई पट्टी गांव निवासी अतुल श्रीवास्तव आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सैफाबाद बाजार में आकांक्षा टेलीकॉम के नाम से एक मोबाइल सेंटर खोल रखा है। शुक्रवार की रात चोर छत के सहारे दुकान के अंदर घुस गए। टेलीकॉम संचालक ने बताया कि अंदर से चोर 3 एंड्राइड सेट, 30 कीपैड मोबाइल, एक लैपटॉप व काउंटर में रखे पांच हजार रुपए चुरा ले गए। शनिवार को जब वह शटर उठाया तो अंदर का नजारा देखकर दंग रह गया। चोरी की घटना की सूचना पीड़ित ने तत्काल आसपुर देवसरा थाने को दी। सूचना मिलने पर आसपुर देवसरा पुलिस मौके पर गई और छानबीन कर वापस लौट गई। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### प्रबंधक ने भाई पर दर्ज कराई चोरी की रिपोर्ट

**पट्टी।** विद्यालय कार्यालय का ताला तोड़कर सामान चुरा ले जाने का आरोप लगाते हुए प्रबंधक ने अपने सगे भाई पर मुकदमा दर्ज कराया है। मामला अलगू राम इंटर कॉलेज करौली खुर्द से संबंधित है। विद्यालय के प्रबंधक विकास कनौजिया ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीते 5 नवंबर को उसका सगा भाई आशीष कनौजिया विद्यालय के कार्यालय का ताला तोड़कर मार्कशीट समेत अन्य जरूरी अभिलेख चुरा ले गया। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की कार्रवाई शुरू की है। कोतवाल नंदलाल सिंह का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला संदिग्ध लग रहा है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### स्मार्टफोन पाकर चहके छात्र



**रानीगंज।** कौशल विकास सेंटर में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत 94 बच्चों को स्मार्ट फोन वितरित किया गया। कौशल विकास मिशन के एमआईएस मृत्युंजय पांडेय, जिला उपायुक्त दिनेश कुमार चैरसिया, संस्थान के प्रबंधक रमेश प्रताप सिंह,सेंटर मैनेजर शैलेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। स्मार्टफोन पाकर बच्चे खुशी से चहक पड़े।

### ग्राम पंचायतों में बताये गए शौचालय के फायदे, दिलाई स्वच्छता की शपथ



**प्रतापगढ़।** विश्व शौचालय दिवस पर जनपद की 1193 ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता कार्यक्रम हुए। जिसमें लोगों को शौचालय का उपयोग करने से होने वाले फायदे और खुले में शौच के नुकसान बताये गए। कुंडा के बरई पंचायत भवन में डीपीआरओ रवि शंकर द्विवेदी ने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। सदर ब्लॉक में एडीओ पंचायत मोती लाल,एडीओ एसटी प्रदीप कुमार पाण्डेय ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। मानधाता के ग्राम पंचायत जमुआ में ग्राम विकास अधिकारी शमा, बिहार ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिया में ग्राम पंचायत अधिकारी दीपेंद्र सिंह ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके अलावा सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

### मैं शपथ लेता हूं कि.. स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा




**पट्टी।** विश्व शौचालय दिवस पर ब्लाक कर्मियों के साथ ही ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने स्वच्छता के प्रति संकल्पित रहने की शपथ ली। पट्टी ब्लाक परिसर में शनिवार को बीडीओ रामप्रसाद व एडीओ पंचायत धनंजय कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार सिंह (पप्पू सिंह) ने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस दौरान मौजूद लोगों ने स्वच्छता के प्रति सजग रहने, दो घंटे श्रमदान करने, स्वंय से सफाई की शुरूआत करने, स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव गांव में प्रचार प्रसार आदि की शपथ ली। इस मौके पर ग्राम प्रधान इंद्रधर (छोटे दुबे), राम आसरे शुक्ला, परशुराम ओझा, राम मुसाफिर चैधरी, ग्राम पंचायत अधिकारी ध्रुव जायसवाल, अखिलेश यादव, पवन सरोज, छोटे लाल चैरसिया आदि मौजूद रहे।

### मनायी गयी इन्दिरा गांधी की जयन्ती, राष्ट्रीय एकता का लिया संकल्प



**लालगंज।** अमर शहीद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर यहां चैक स्थित इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर कांग्रेसियो ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की मजबूती को लेकर सामूहिक संकल्प जताया। वक्ताओं ने इंदिरा गांधी को देश के विकास तथा सामरिक मजबूती के लिए प्रेरणास्पद व्यक्तित्व कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र व संयोजन चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने किया। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल द्वारा किया गया। इस मौके पर धीरेन्द्रमणि शुक्ल, छोटे लाल सरोज, बृजेन्द्र मिश्र, जियाउल, मुन्ना शुक्ला, शिवम पाण्डेय, रावेन्द्र मिश्र, सोनू मिश्र, अनुराग पाण्डेय आदि रहे।

### अधेड़ की मौत पर कोहराम

**लालगंज।** लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव निवासी मुनेसर सरोज (55) पुत्र रामसुख की आकस्मिक मौत होने से परिजनों मे कोहराम मच गया। रानीगंज कैथौला बाजार में मृतक मुनेश्वर गोविंद केसरवानी की दुकान के साथ अन्य दुकानों पर पल्लेदारी का कार्य करता था। बीती तेरह नवंबर रविवार की देर शाम बाजार से वह काम कर घर वापस लौट रहा था। रास्ते में मुनेश्वर अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। दुर्घटना में गंभीर रूप से चुटहिल को बाजार के लोगों ने इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर भेजवाया। यहां गंभीर स्थिति देख चिकित्सकों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान शुक्रवार की रात उसकी मौत हो गई। अधेड़ की मौत से परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है।

### दीपों से जगमगाई बाबा सन्तदास कुटी

**सांगीपुर।** प्रज्ञा मंडल सांगीपुर के संयोजन में 14 नवम्बर से 18 नबम्बर तक होने वाली पांच दिवसीय कथा व नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के समापन मौके पर शुक्रवार की शाम मंडल के कार्यकताओं का सम्मान तथा दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत 11 सौ दीपो से कथा स्थल के साथ बाबा सन्तदास की कुटी व बाजार की प्रमुख गलियों को सजाया गया था। इससे पूर्व मंडल द्वारा कार्यक्रम में आये विद्वानों समाज के प्रतिष्ठित जनों का धार्मिक पुस्तकें ,अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। शनिवार को विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर गुड्डू सिंह,महेंद्र सिंह,अनिल अग्रहरि,शंकरलाल मोदनवाल, सुनील वैश्य,रंजीत अग्रहरि,सन्दीप मोदनवाल, प्रदीप मोदनवाल, प्रेम अग्रहरि, जगदीश केशरवानी, सुरेश चंद्र बरनवाल, राजेश वैश्य, प्रियांशु सोनी, चंदू सोनी मौजूद रहे।

# छात्राओं ने महारानी लक्ष्मीबाई की निकाली भव्य शोभायात्रा

**जयंती**

**जिले में महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम**



शोभायात्रा को रवाना करते समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य


भुपियामऊ में छात्राओं द्वारा निकाली गयी शोभा यात्रा

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कालेज इकाइयों द्वारा वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

पूर्व जिला प्रमुख डॉ. राजेश भट्ट, विभाग संयोजक सुधांशु रंजन मिश्र, जिला सहसंयोजक यशस्वी सिंह के संयोजन में सरोजनी इंटर कालेज इकाई द्वारा छात्राओं के साथ कुसुमी से भुपियामऊ तक शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा के दौरान महारानी लक्ष्मीबाई की वेशभूषा में छात्राओं ने प्रदर्शन किया। बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य व ओम प्रकाश त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से कहा कि लक्ष्मीबाई का सम्पूर्ण जीवन भारतीय नारियों के लिए प्रेरक व अनुकरणीय है। पीबीपीजी कालेज में आयोजित संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमित श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय संस्कृति व परम्परा में नारी हमेशा पूजनीय रही है और रहेंगी। महारानी लक्ष्मीबाई ने अपने निजी जीवन के सुख सुविधाओं का त्याग कर राष्ट्रहित व राष्ट्र सुरक्षा में अपने जीवन का बलिदान दिया। जिला प्रमुख डॉ. ब्रह्मानन्द सिंह ने कहा कि पूरे विश्व में इक्कीस से अधिक सभ्यताएं थी लेकिन वर्तमान में सिर्फ पांच सभ्यताएं बची है। इसलिए हम सभी को महारानी लक्ष्मीबाई की तरह अपने निजी स्वार्थ के त्याग कर राष्ट्र के हित में चिंतन करना चाहिए। पीबी इंटर कालेज में आयोजित संगोष्ठी में छात्राओं ने नारी शक्ति पर गीत व कविता के माध्यम से महारानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मुख्य वक्ता विभाग प्रमुख डॉ. धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा की हमारा देश वीरांगनाओं का देश है। इस देश में विदुषी महिलाएं हुई है तो वही रानी लक्ष्मीबाई, दुर्गावती,जीजाबाई आदि वीरांगनाए भी हुई है। प्रभात एकेडमी में अभाविप के जिला कोषाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. प्रभात शर्मा ने विद्यार्थियों को महारानी लक्ष्मीबाई की शौर्य गाथा बताई। सरस्वती विद्या मंदिर, एमडीपीजी कालेज, वीएस मेमोरियल, जीपीएस, बीएसएस एकेडमी सहित कई शिक्षण संस्थानों में परिषद द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# पुलिस की शिथिलता पर वकीलों ने जताई नाराजगी, तालाबंदी कर किया विरोध


तहसील गेट पर तालाबंदी के दौरान जुटे आक्रोशित वकील


आरोपियो के गांव रायगढ़ में जेसीबी के साथ पहुंचे मयफोर्स सीओ

**मांग**

**एडीएम को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर की उठाई मांग**

**लालगंज।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री शेष तिवारी तथा अधिवक्ता कुलदीप तिवारी पर हुए जानलेवा हमले को लेकर घटना के तीसरे दिन शनिवार को भी वकीलों का गुस्सा सातवें आसमान पर चढ़ा दिखा। चार नामजद आरोपियो में शेष तीन की गिरफ्तारी न होने से वकील खफा होकर समाधान दिवस को लेकर सुबह गेट पर तालाबंदी कर बैठे। वकीलों ने समाधान दिवस मे आये एडीएम को डीएम को संबोधित ज्ञापन देकर आरोपियो पर गैंगेस्टर लगाए जाने की मांग उठाई है। इधर दो अधिवक्ताओं पर हमले को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी रायगढ़ गांव में पहुंचकर फरार आरोपियो के घर कुर्की कराए जाने की चेतावनी दी है।

लालगंज कोतवाली के रायगढ़ गांव में गुरूवार की शाम संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री तथा एक अन्य अधिवक्ता पर प्राणघातक हमला हुआ था। पुलिस ने वकील की तहरीर पर चार के खिलाफ हत्या के प्रयास व लूट का मुकदमा दर्ज किया। मुख्य आरोपी ग्राम प्रधान बृजलाल सरोज उर्फ पिंटू को पुलिस ने शुक्रवार की सुबह हिरासत मे ले लिया। वहीं पुलिस ने शेष आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए वकीलों के नेशनल हाइवे पर शुक्रवार के धरना प्रदर्शन के दौरान एक दिन की मोहलत मांगी थी। शनिवार की सुबह आरोपियो की गिरफ्तारी न होता देख वकीलो का गुस्सा बढ़ गया। नाराज वकीलों ने समाधान दिवस के दिन मुख्य गेट समेत तीनों गेटो पर तालाबंदी कर दी। इसके बाद वकील गेट के सामने जुटकर पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इसके तहत समाधान दिवस में शामिल होने आये अफसर गेट पर ही रूक गये। जानकारी मिलने पर एसडीएम सौम्य मिश्र तथा सीओ रामसूरत सोनकर व लालगंज कोतवाल कमलेश पाल भी वकीलों के बीच पहुंचे। काफी देर तक वकीलों तथा अफसरों मे बातचीत के बाद गेट का ताला खुल सका। इधर समाधान दिवस मे पहुंचे जिले के एडीएम त्रिभुवन नाथ विश्वकर्मा को वकीलों ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व वरिष्ठ उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी तथा उपाध्यक्ष बीके तिवारी के साथ डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा। समाधान दिवस में भी वकील नारेबाजी करते पहुंचे। ज्ञापन में अधिवक्ताओं के हमलावरो के खिलाफ गैंगेस्टर तथा रासुका लगाए जाने के साथ शेष आरोपियो की गिरफ्तारी की मांग उठाई गयी है। इधर वकीलों के भारी विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने आरोपियो के गांव रायगढ़ में जेसीबी के साथ पहुंचकर दबिश दी। सीओ रामसूरत सोनकर ने आरोपियो के घर वालों को चेताया कि यदि आरोपी पुलिस के हवाले नही किये गये तो फिर नियमानुसार कुर्की की जाएगी। लालगंज तथा लीलापुर व सीओ के साथ फोर्स के गांव मे घंटो चहलकदमी को लेकर लोग सहमे भी दिखे। वकीलों ने प्रशासन को आगाह किया है कि यदि साथी पर हमले के शेष आरोपियों गिरफ्तारी नही हुई तो सोमवार से विरोध प्रदर्शन तेज किया जाएगा। इस मौके पर देवी प्रसाद मिश्र, राममोहन सिंह, अजय शुक्ल, दिनेश मिश्र, संदीप सिंह, घनश्याम मिश्र, रामकुमार पाण्डेय, प्रमोद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, हरिश्चंद्र पाण्डेय, अनूप पाण्डेय, विनय शुक्ल, आशीष तिवारी, धीरेन्द्र शुक्ल, अखिलेश द्विवेदी, जयकरन सिंह, संजय द्विवेदी, मनीष तिवारी, राजेश सरोज, आदि अधिवक्ता रहे।

# हंगामे की भेंट चढ़ी नगरपालिका बोर्ड की बैठक


बैठक में हंगामा करते सभासद

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका बोर्ड की बैठक अध्यक्ष प्रेमलता सिंह की अध्यक्षता में शुरू हुई। पिछली बैठक का अनुमोदन किया गया। सभासदों के हंगामे के बीच बैठक सम्पन्न हो गयी।

शनिवार को नगर पालिका बोर्ड की बैठक अध्यक्ष प्रेमलता सिंह की अनुमति से शुरू हुई। विभिन्न वार्डों के सभासदों ने अपने वार्ड से सम्बंधित प्रस्ताव प्रस्तुत किए। इसके बाद बैठक का एजेण्डा पढ़कर सुनाया गया। एजेण्डे में मुख्य रूप से 11 मार्च को हुई बैठक की पुष्टि, मार्च से अक्टूबर महीने का वार्षिक आय-व्यय, पालिका के सफाई कर्मचारियों को श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर को तत्काल लागू किये जाने पर विचार, तहसील वार्ड में स्थित न्यू म्यु.कालोनी बाबागंज के आवंटित किये गये भूखण्डो के पट्टे के नवीनीकरण आदि की कार्यवाही किये जाने हेतु निर्णय पर विचार शामिल रहा। इसी बीच अजीत नगर वार्ड के सभासद अनिल सिंह ने आरोप लगाया कि मार्च में जो मुख्य बैठक थी वह जल्द बाजी में खत्म कर दी गयी। पटखौली वार्ड में दर्जन भर से अधिक हैंडपंप लगा दिये गए। जबकि अजीत नगर में एक भी रिबोर नहीं हुआ। करनपुर के सभासद विनय सिंह भोला ने एक मंदिर के मुद्दे को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई । ईओ मुदित सिंह, ज्ञानेश मिश्र, आशुतोष सिंह, धर्मशील शुक्ल, मुहिब्बुल आरफीन, छाया श्रीवास्तव, सुशीला मिश्र, मयन बहादुर सिंह, प्रेमा देवी, शहनाज, सफाई निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह, लाल बहादुर, राजेश बिंद आदि उपस्थित रहे।

# मेडिकल कालेज में मारपीट के लिए जांच टीम गठित

**प्रतापगढ़।** पूर्व सीएमओ डॉ एके श्रीवास्तव के पुत्र मेडिकल कालेज में डाक्टर अंकित श्रीवास्तव की पिटाई के मामले में डाक्टर और वार्ड ब्वाय के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला गरमाने लगा है। जिस पर डीएम के निर्देश पर मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ आर्य देशदीपक ने दो सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी है। टीम ने जांच भी शुरू कर दी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

बता दें कि कुछ दिन पहले मेडिकल कालेज परिसर में सामान लेकर जा रहे हैं डाक्टर अंकित श्रीवास्तव की वार्ड ब्वाय शिवदीप उर्फ गोरे ने डंडे से पिटाई कर दी थी। इस घटना का विडियो भी वायरल हुआ है। अंकित ने मारपीट की तहरीर कोतवाली में दी। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि वार्ड ब्वाय शिवदीप, गोरे ने दस हजार की रंगदारी मांगी न देने पर उनकी पिटाई कर दी। गोरे ने मेडिकल कालेज के सहायक आचार्य राहुल सैनी के उकसाने पर उसे डंडे से मारा। एफआईआर दर्ज होने के बाद दोनो आरोपी शिवदीप और राहुल सैनी फरार हैं।पुलिस गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। सोशल मीडिया पर खबर चलने से मेडिकल कालेज की छवि खराब होने लगी है। पता चला है कि डीएम ने इसे गंभीरता से लेते हुए प्रिंसिपल को टीम गठित कर जांच का निर्देश दिया। प्रिंसिपल डॉ आर्य देशदीपक ने बताया है कि उन्होंने दो सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी है। जिसमें मेडिकल कालेज के डाक्टर सरोज और डाक्टर सादिक वददू सिद्दीकी को रखा गया है। टीम ने जांच शुरू कर दी है। टीम यह भी जांच करेगी कि आरोपी डाक्टर राहुल सैनी मारपीट के समय घटनास्थल पर थे या नहीं।

# खिलाड़ियों को आज सम्मानित करेगा बच्चा बैंक

**प्रतापगढ़।** स्टेडियम में हुई खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप बीबीएफजी फ्री स्टडी सेंटर भंगवा पर आयोजित कार्यक्रम में 20 नवंबर को सम्मानित करेगा। यह जानकारी सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने दी है।

# बीएसए ने शिक्षक नेता को किया निलंबित

**प्रतापगढ़।** विभागीय सूचनाओं के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी गौरा द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप पर नकारात्मक टिप्पणी करना, शिक्षकों को भड़काना। कार्य में लापरवाही बरतना शिक्षक को महंगा पड़ा। शासन के आदेशों के उल्लंघन के आरोप में बीएसए ने उन्हें निलंबित कर दिया है।

शिवगढ़ ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय रानीगंज द्वितीय के प्रधानाध्यापक जय प्रकाश पांडेय पर आरोप है कि उन्होंने राज्य परियोजना के निदेर्शों का पालन नहीं किया। सहायक अध्यापक अशोक कुमार यादव कंपोजिट स्कूल भीमनगर को एलआईसी पॉलिसी लेने का दबाव बनाया। उन पर लगे आरोपों की जांच बीईओ सांगीपुर और बिहार द्वारा कराई गई । दोनो की रिपोर्ट आने के बाद बीएसए भूपेंद्र सिंह ने जय प्रकाश को निलंबित करते हुए उन्हें निर्देशित किया है कि वे अपनी उपस्थित पट्टी खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर दें। जय प्रकाश शैक्षिक महासंघ के जिला मंत्री भी बताए जाते हैं।

## जनसंपादकीय

# परिवार भाव का महत्व

विश्व मानवता तनावग्रस्त है। रूस यूक्रेन युद्ध का प्रभाव विश्व व्यापी है। तनाव का उपचार भारतीय चिंतन में है। संस्कृति में है। समूचे विश्व को आनंदित करने और श्रेष्ठ मनुष्य - आर्य बनाना वेदों का उद्देश्य है। भारतीय ज्ञान परंपरा में वेदों का सुप्रतिष्ठित आदर रहा है। कृतज्ञ मानवता ने वेदों को भगवान की वाणी कहा है। वेद के निंदक यहां नास्तिक कहे जाते हैं और वेदों को मानने वाले आस्तिक। वर्तमान हिन्दू धर्म वैदिक धर्म का विस्तार है। वेदों में सांसारिक जीवन को माधुर्य बनाने के सूत्र हैं। विभिन्न आधिभौतिक प्रश्नों के समाधान भी हैं। तत्व मीमांसा व ज्ञान मीमांसा भी है। वैदिक संहिता के बाद में ब्राह्मण ग्रंथों की रचना हुई। ब्राह्मण ग्रंथ वैदिक सूक्तों के आध्यात्मिक रहस्यों की व्याख्या है। इसी के साथ आरण्यक ग्रन्थ भी हैं। शब्द ब्राह्मण का अर्थ ब्राह्मण वर्ण या जाति से नहीं है। दुर्भाग्य से ब्राह्मण शब्द वर्ण या जाति के लिए रूढ़ हो गया है। ब्राह्मण ग्रंथों में वैदिक ज्ञान का आशय है। आचार्य बलदेव उपाध्याय ने वैदिक साहित्य का इतिहास में ब्राह्मण साहित्य के दो प्रमुख विषय विधि और अर्थवाद बताए हैं। वैदिक भाष्यकार भट्ट भाष्कर ने वैदिक मन्त्रों के भाष्य, आशय, कर्मकाण्ड व विनियोग को ब्राह्मण ग्रंथों का विषय बताया है। डा० कपिल देव द्विवेदी ने वैदिक दर्शन (पृष्ठ 6) में लिखा है, ब्राह्मण ग्रंथों में वेद की विस्तृत व्याख्या है। ये टीका - ग्रन्थ समझे जाने चाहिए। ब्राह्मण ग्रंथों में इतिहास है। वैदिक परंपरा और ज्ञान का विस्तार है। दुर्भाग्य से आधुनिक समाज ने इन्हें काल वाह्य की स्थिति तक उपेक्षित किया है।

वैदिक साहित्य वैश्विक आनंद का भंडार है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद चार वेद हैं। अथर्ववेद इतिहास और तत्कालीन दर्शन व विज्ञान की सामग्री से भरा पूरा है। ब्राह्मण ग्रन्थ हैं। आरण्यक हैं, उपनिषद हैं। इसके बाद पुराण हैं। ऐसा विशाल वांग्मय दुनिया की किसी भी सभ्यता संस्कृति में नहीं मिलता। हिन्दुत्व में ये सब समाहित है। डा० राधाकृष्णन ने ह्यधर्म और समाजह्य (पृष्ठ 106) में बताया है, हिन्दुत्व विचार और महत्वकांक्षाओं का एक सजीव और स्वयं जीवन की गतिविधियों के साथ गति करता हुआ उत्तराधिकार है। एक ऐसा उत्तराधिकार जिसमे भारत की प्रत्येक जाति ने अपना विशिष्ट सुस्पष्ट योग दिया है। इसकी संस्कृति में एक खास तरह की एकता है। यहां उत्तराधिकार पर ध्यान देना जरूरी है। समाज अपने सदस्यों के सचेत कर्मों के परिणाम होते हैं। आधुनिक समाज पूर्ववर्ती समाज का फल हैं और पूर्ववर्ती समाज भी अपने पूर्ववर्ती समाज का प्रतिफल। हिन्दुत्व का श्रेयस वैदिक समाज से लेकर आधुनिक समाज तक व्याप्त है। यह हम सबको उत्तराधिकार में मिला है। इसका संरक्षण व संवर्द्धन हम सबका कर्तव्य है। डा० राधाकृष्णन ने आगे कहा है कि समाज की वर्तमान दशा को सुधारने के लिए, समय के महत्व के उपयुक्त जीवन को नया रूप देने के लिए हमे इसकी आत्मा को, जो हमें उत्तराधिकार से अपने खून में मिली है, उन अलौकिक आदर्शों को, उन वस्तुओं को, जो हमारे अस्तित्व की गहराइयों में चिरंतन सम्भावनाओं के रूप में हैं, नए सिरे से खोज निकालना होगा। हमारी मान्यताएं नहीं बदलती, परन्तु उन्हें व्यक्त करने के ढंग और साधन बदल जाते हैं। भारत आध्यात्मिक मान्यताओं को अन्य मान्यताओं की अपेक्षा कही अधिक महत्व देता है।

ब्राह्मण ग्रंथों पर अंधविश्वासी कर्मकाण्डी होने के आरोप कुछ विद्वानों ने भी लगाए हैं। वे उपनिषदों को ब्राह्मण ग्रंथों से भिन्न मानते हैं। सत्य ऐसा नहीं है। सत्य यह है कि अधिकांश अपनिषदें ब्राह्मण ग्रंथों का ही भाग हैं। सबसे बड़े आकार वाली वृहदारण्यक उपनिषद् शतपथ ब्राह्मण का ही एक भाग है। ऐतरेय ब्राह्मण का एक भाग ऐतरेय उपनिषद् है। कौशितकी ब्राह्मण का आध्यात्म भाग कौशितकी उपनिषद् के रूप में लोकप्रिय हुआ। कृष्ण यजुर्वेद के ब्राह्मणों से कठोपनिषद्, तैत्तिरीय उपनिषद्, श्वेताश्वोतरोपनिषद् अलग हो गए। सामवेद के ब्राह्मणों से केन और छान्दोग्य उपनिषदें निकलीं। तर्क प्रतितर्क, विचार - विमर्श और ब्रह्म सत्य आदि विषय ब्राह्मण ग्रंथों से निकल कर उपनिषद् साहित्य का अंग बने। सबसे प्राचीन ईशावास्योपनिषद् है। यह स्वतंत्र रचना नहीं है। यह यजुर्वेद का 40वां अध्याय है। भारतीय दर्शन का ब्रह्म संपूर्णता है। ब्रह्म सर्वत्र है। भीतर, बाहर, ऊपर, नीचे, दांए, बांए, सामने, पीछे ब्रह्म ही है। इस तरह हम सब ब्रह्म है - अहं ब्रह्मास्मि। ऋग्वेद में कहीं कहीं ब्रह्म का अर्थ स्तुतिपरक मंत्र भी है। इन्द्र से कहते हैं, हे इन्द्र सब मित्र मरुतों ने ब्रह्माणि - स्त्रोतों से तेरे बल को बढ़ाया?। ब्रह्माणः ज्ञानी हैं। वेदों में ब्रह्म को सृष्टि का कर्ता बताया गया है। यजुर्वेद में ब्रह्म सर्वोच्च सत्ता है, सृष्टि में प्रथमा है। कह सकते हैं कि वह सदा से है। अथर्ववेद (5-2-1) में ब्रह्म ज्येष्ठ श्रेष्ठ सत्ता हैं। अथर्ववेद (13-3-17) के अनुसार ब्रह्म एक अद्वितीय ज्योति पुंज है। वही एक अनेक रूपों में सर्वत्र प्रकाशित हो रहा है - यदेकं ज्योतिर बहुधा विभाति। यह यदेकं ऋग्वेद का एकं सद् है। यही अष्टावक्र का ज्योतिर्एकं है। एक ज्योति है। प्रकाशों का स्त्रोत।

हिन्दू जीवन रचना विश्व परिवार के प्रति आदशोर्नुमुख रही है। यह कर्मकाण्डों की जड़ संहिता नहीं थी। यह काल संगत को जोड़ने व काल वाह्य को छोड़ने में गतिशील रही है। ब्राह्मण ग्रंथों में वर्णित मंत्र विनियोग और कर्मकाण्ड भी जड़ नहीं रहे। उनकी व्याख्या और आलोचना भी होती रही है। मुक्त चिंतन हिन्दुत्व का मूलाधार है। डा० राधाकृष्णन ने धर्म और समाज (पृष्ठ 130) में बताया है, वैदिक आर्यों के पास कोई मंदिर नहीं थे। वे प्रतिमाओं का उपयोग करते थे। उन्होंने लिखा है, मंदिरों और मूर्ति - पूजा पर विभिन्न ग्रंथ हिन्दू धर्म के वैदिक वाद से आगे बढ़ आने के बाद ही रचे गए। फिर भी वैदिक मंत्रों का प्रयोग किया जाता था और ऋषियों की प्रेरणामयी प्रतिभा ने वैदिक और वैदिक - भिन्न तत्वों को मिलाकर एक कर दिया।

मंदिर हिन्दू धर्म व हिन्दू मन के प्रिय रहे हैं। डा० राधाकृष्णन ने लिखा है, मंदिर हिन्दू धर्म के दृश्य प्रतीक हैं। वे स्वर्ग के प्रति पृथ्वी की प्रार्थनाएं हैं। वे एकांत और प्रभावोत्पादक स्थानों पर बने हुए हैं। हिमालय के महिमामय और पावन तुंग शिखर महान मन्दिरों के लिए स्वाभाविक पृष्ठभूमि हैं। ब्रह्म मुहूर्त में उपासना के लिए नदी - तीर पर जाने की प्रथा का पालन शताब्दियों से होता चला आ रहा है। विश्वास और रहस्य से युक्त मंदिरों के भवनों का सौन्दर्य, असंगता तथा विस्मय का भाव जगाने वाली धुंधली ज्योतियां, गान और संगीत, मूर्ति और पूजा, इन सबमें व्यंजना की (संकेत करने की) शक्ति है। सब कलाओं, वास्तु कौशल, संगीत, नृत्य, कविता, चित्रकला और मूर्ति शिल्प का प्रयोग इसलिए किया जाता है कि हम धर्म की उस शक्ति को अनुभव कर लें, जिसकी परिभाषा ही नहीं की जा सकती और जिसके लिए कोई भी कला यथेष्ट वाहन नहीं है। जो लोग पूजा में भाग लेते हैं, वे उस ऐतिहासिक हिन्दू अनुभव और उन प्रगाढ़ आध्यात्मिक शक्तियों से मिलकर एक हो जाते हैं, जिन्होंने हमारे आनुवंशिक उत्तराधिकार के सर्वोत्तम अंश को गढ़ा है। सबके प्रति आत्मभाव भारतीय चिंतन की विशेषता है। विश्व परिवार है। परिवार भाव ही विश्व को सुंदर तनाव रहित बना सकता है।



**हृदयनारायण दीक्षित**
**लेखक उप्र विधानसभा के अध्यक्ष रहे हैं**


## गालियां खानेवाला बैल

**राजेन्द्र वर्मा**

यह जो मोटा-ताजा बैल है,
यह आम बैल की तरह चारा नहीं खाता,
रातिब नहीं खाता,
नाँद से पानी भी नहीं पीता,
गालियाँ खाता है और
बिसलेरी से भी ऊँची कम्पनी का
पानी पीता है।
जब तक वह दिन-भर में
ढाई-तीन किलो गालियाँ न खा ले,
उसे बेचैनी रहती है
अठारह-अठारह घंटे
काम करने की ताकत नहीं रहती।
उसके मालिक को तसल्ली है
कि उसका बैल रातिब से नहीं,
गालियों से पुष्ट रहता है।
लेकिन वह यह भी देखता है
कि जब बैल अकेले में रहता है
तो उसके चेहरे पर मुर्दनी-सी छा जाती है।
मालिक को बैल की मुर्दनी पर तरस आता है।
वह उसके लिए फैंसी ड्रेस बनवाता है,
इवेंट मैनेज करवाता है।
बैल अब अधिक खुश है,
गालियों से उसे ताकत तो मिल ही रही है,
सजावट की सामग्री भी मिल रही है।
वह पूँछ उठाकर,
नथुने फुलाकर
अपने मालिक के लिए
खूब काम कर रहा है।
उसे गालियों की क्या चिंता,
आखिर वह बैल ठहरा!



## पाब्लो नेरुदा की तीन कविताए



### 1. शायद हमारे पास वक्त है

शायद हमारे पास अभी भी वक्त है
सही होने और सही बन पाने के लिए
गयी रात सच की मौत हो गयी
एक सबसे ज्यादा बेवक्त मौत
यूँ तो इसे हर कोई जानता है
लेकिन सब ऐसे बन रहे हैं गोया इसे जानते नहीं
किसी ने भी उसे फूल नहीं भेजे
अब यह मर चुका है और कोई नहीं रोता
दफन होने के जरा सा पहले
दुःख और भूलने के दरम्यान
हो सकता है कि हमारे पास मौका हो
हमारी जिंदगी और मौत का
गली-गली घूमने का
एक समुद्र से दूसरे समुद्र जाने का
एक बंदरगाह से दूसरे बंदरगाह जाने का
एक पहाड़ से दूसरे पहाड़ जाने का
और इनके अलावा हर एक आदमी के पास जाने का
यह पता लगाने के लिए कि क्या इसे हमने मारा है
या दूसरे लोगों ने यह किया है
अगर हमारे दुश्मनों ने या हमारे अजीजों ने यह जुर्म किया है
जिसकी वजह से सच की मौत हुई है
तो हम अभी भी इंसाफ पसंद हो सकते हैं
संदिग्ध क्षमता वाले हथियारों से जंग लड़ने
और अपने को घायल करने के पहले
हम भूल गये
कि हम किस खातिर लड़ रहे थे
हमें यह तक पता नहीं था
कि वह किसका खून था जिसे हमने कफन ओढ़ाया था
हमने बेहिसाब आरोप लगाये
बेहिसाब आरोप हम पर लगे
उन्होंने तकलीफ सही,हमने तकलीफ सही
और आखिर में वे जीत गये
और हम भी जीत गये
सच की मौत हो चुकी थी
हिंसा या उम्रदराज के लिए
अब करने को कुछ बाकी नहीं है
हम सब जंग हार चुके हैं
लिहाजा मेरा ख्याल है कि शायद
अंत में हम इंसाफ पसंद हो सकते हैं
या अंत में हम कम से कम अपने वजूद में रह सकते हैं
हमारे पास यह आखिरी लम्हा है
और फिर कभी ऐसा मौका न मिलेगा
अपने होने के लिए
वापसी के लिए


### 2. देश निकाला

थके पत्थर के किलों के बीच
खूबसूरत प्राग की गलियां
मुस्कराहटें और साइबेरियाई भोज के दरख्त
काप्री के जजीरे में दिखती आग,कटीली रोजमेरी की खुशबू
और आखिरी में मोहब्बत
जी हाँ! जरूरी मोहब्बत ने मिलजुल कर
मेरी इस समूची जिंदगी को
बेहिसाब चैन से भर दिया है
और इस दरम्यान
एक हाथ और उसका दूसरा दोस्त हाथ
मेरी आत्मा के पत्थर में काला सूराख करते रहे
और इसमें मेरा देश जलता रहा
मुझे पुकारता हुआ,मेरा इंतजार करता हुआ
बने रहने,बचे रहने,सह सकने के लिए हौसला आफजाई करता हुआ
देश निकाले का नक्शा गोल होता है
एक परिक्रमा की तरह,एक छल्ले की तरह
आपके पांव एक गोल चक्कर में घूमते हैं
आप मुल्क पार करते हैं
और यह आपका मुल्क नहीं है
रोशनी आपको जगाती है और यह आपकी रोशनी नहीं है
रात आती है लेकिन आपके तारे गायब हैं
आप भाइयों को खोज लेते हैं लेकिन वे आपके खून से ताल्लुक नहीं रखते
आप एक लज्जित प्रेत हैं
उन लोगों को ज्यादा प्यार नहीं करते
जो आपको बेतहाशा प्यार करते हैं
और अभी भी आपको अजीब सा लगता है
कि आप अपने देश की नोकीली चुभन
और अपने लोगों की बेहिसाब लाचारगी को महसूस करते हैं
तमाम तीखे मसले आपका इंतजार कर रहे हैं
जो आपको दरवाजे से ही उलझा देंगें.
वैसे मैं अपने दिल में
फिजूल की निशानियां लाजिम तौर पर याद करता हूँ
मसलन सबसे मीठा शहद मेरे मुल्क के दरख्त में जमा होता है
और मैं हर परिंदे से उम्मीद रखता हूँ
कि दूर से आता हुआ वह गाना सुनायेगा
जो भोर की नम रोशनी में
मुझे अपने बचपन से जगा देगा
मुझे अपने मुल्क की गरीब मिट्टी,गड्ढे,रेत
और रेगिस्तान के खनिज
उनके उस छलकते जाम से ज्यादा अच्छे लगते हैं
जो मेरी सलामती के लिए
पुरजोश से मेरे लिए तैयार करते हैं
मैं बगीचे में खो जाता हूँ और अकेला महसूस करता हूँ
मैं उन बुतों का भोंदू दुश्मन था
जिन्हें कई सदियों से रुपहली मक्खियों
और सुडौलपन के बीच गढ़ा गया था
हाय देश निकाला !
दूरियां
गहरी होती जा रही हैं
एक जख्म के जरिये हम सांस लेते हैं
जीना एक जरूरी जिम्मेदारी है
लिहाजा ऐसी आत्मा जिसकी जड़ें नहीं हैं
एक अन्याय है
देश निकाला दरअसल उस खूबसूरती को ठुकराता है
जो आपको मिला है
यह अपने खुद के अभागे मुल्क को तलाशता है
और केवल वहां शहादत की तमन्ना करता है या चुप रहता है

### 3. जिनमें अनबन है

इन शादियों में खटास आ गयी है
ये बेमेल जोड़े
एक दफा अलहदा होकर
हमेशा-हमेशा के लिए टंटा खत्म क्यों नहीं कर देते
उनके किस्से खत्म क्यों नहीं हो जाते
कमल और कमला की चिकचिक बकझक
विनय और विनीता की तू-तू, मैं-मैं
राम और रमा के बीच मारपीट
कोई इनके पास फटकना भी नहीं चाहता
शादी की तेगा मछली
या तो तीखे तर्क-कुतर्कों से लैस होती है
या खारे आंसुओं में घुल जाती है
कृपया असहमत होने के लिए ही सही
मेहरबानी करके सहमत हो जाएं
अपने चाकू,अपने कांटे,अपने नकली दांत की नुमाइश न करें
मोहब्बत के मुहाने पर
अभी भी आंसुओं के लिए जगह है
और मोहब्बत के मकबरे को भरने के लिए
वहां काफी मिट्टी भी नहीं है
लेकिन हम सूरज ढलने पर एक दूसरे को
नख-शिख से घायल करने या दंत दंश के लिए बिस्तर पर नहीं जाते
यह मामला अंधेरी जगहों के लिए है

**- अंग्रेजी से अनुवादः**
**विनोद दास**



## अनिल कुमार श्रीवास्तव की कविताएं



### 1. मर्माहत प्रेम

प्रेम का
आहत होना
प्रेम से रिक्त होना तो नहीं ।
दबाव के हाथों
वात के निष्क्रमण के कारण
श्निर्वातश् का होना,
क्या नहीं है
वात की परिव्याप्ति में
क्षणिक रुकावट--?
रिक्तता में
स्वतः एवं त्वरित
वात-पूर्ति से,
उखड़ते रहते आए हैं,
निर्वात के पांव।
मर्माहत प्रेम-वीथिका में,
ठहर भी कैसे सकते हैं,
हृदयहीन
निर्वात
के पाँव ,
ज्यादा देर तक..

### (2) बेखुदी

बेखबर रहने के दौरान
अपने को देखना
अपने को समझना
होता भी
तो क्यों होता
मुमकिन,
होश आया तो,
यादों के दरीचों से
देखता/समझता रहा
खुद को..
करने को,
था जो कुछ..
शुरू हुआ
उस बेखुदी के बाद..
वक्त के साथ कदमताल करना
जाहिर था कि
नहीं था,
आसान।
फिर भी,
चलना तो था ही।
रास्ते अपनी जगह थे,
मन्जिले अपनी जगह,
मैं ही नहीं रह गया था वहाँ,
कि जहाँ,
ठहर कर रह गयाथा,
जड़वत- निश्चल
एक लम्बे अरसे तक,
संज्ञा-शून्य प्राय।

### (3) अस्पृश्यता

चाय-कॉफी की दुकानों/रेस्टोरेंट्स में
शीशे के गिलासों/क्रॉकरी के कप में
चाय/कॉफी सिप करते हुए लोगों से
नहीं पूछी जाती थी /है
उनकी जाति/
उनका मजहब ।
नहीं रखे जाते थे/हैं
अलग-अलग,
उनकी पहचान के
अलग-अलग बर्तन ।
दुकानों के कुलीन मालिक
खुद धोते हुए दिखते थे/हैं
उन्हें..
जरूरत के मुताबिक,
इसके पहले कि वो रख सकें
किसी छोटू को
ऐसे काम के लिए,
मालामाल हो चुकने के बाद।
उन्ही कुलीनों के घर में,
रखे जाते हैं, आज भी
जाति-मजहब के आधार पर,
अलग-अलग धरौंआ बर्तन,
खातिर-तवाजो के लिए ।
गाँव ही नहीं शहरों में भी
बदस्तूर जारी है
हिकारत का यही बर्ताव ।
स्कूलों में भी तो...?
जहाँ एक ही घड़े से पानी पीने पर,
जान से हाथ धो बैठता है,
बेचारा अन्त्यज एक
छात्र।
बस जहाँ नहीं है ऐसा,
तो वह है बाजार,
जो नहीं करता है,
कोई जाति-मजहब का भेदभाव,
बशर्ते हो--
ग्राहक हो काम का ।
क्या ऐसे भेदभाव को दूर करने के लिए,
बदल दिया जाय,
पूरे मुल्क को एक बाजार में--
खत्म करते हुए
हर कहीं घरबार जैसा सुलूक ।
क्या पाट दिया जाय
धरती को
डिस्पोजेबल प्लास्टिक के
गिलासों/कप-प्लेटों से..
जिन्हें न पड़े धोने की जरूरत/
और न ही रखना पड़े उन्हें
अलग-अलग,
जाति-मजहब के आधार पर..
बाजार की मांग के मुताबिक ।
क्या फर्क/क्या फिक्र
कि, घुट जाय धरती का दम
जिससे ले न सके
वो सांसे---/
हो जाए वह बांझ/
जन्म न ले सकें उसकी कोख से/
उसके बच्चे ।
हमें क्या पड़ी,
किसे जन्मना है उसकी कोख से
हमें तो बस पुकारना है कहते हुए
उसे धरती माता ।
माता कहाँ,
धाय से ज्यादा कब दिया
हमने उसे सम्मान ।
घर-घर के बर्तन,
घर-बाहर
सबके लिए हों एक,
इसके लिए,
क्या घर को
बिना बनाए बाजार,
नहीं है कोई
अन्य घरेलू/ सामुदायिक उपाय--?

**मो. 8765096086**

## कृष्णबिहारी की कविताएं



1-
एक पूरा दिन
उगते सूरज की सुबह
और डूबते सूरज की शाम के बीच
एक पूरा दिन है ।
समस्याओं की फेहरिस्त के साथ
लड़ाई शुरू होती है
एक के अत पर दूसरी रोती है ।
यह दोपहर से पहले का हाल है
उपलब्धियों के बीच
आदमी कंगाल है ।
मरीचिका की मार से
टूटता जिस्म लिए एक दौड़ जारी है
कुछ थोड़ा और ... थोड़ा और
पाने की ललक भरी लाचारी है ।
फटी-फटी आँखों पर
धूल अटी रुमाल है
सुबह की लाली में होश था
शाम की लाली निढाल है ।
और
इन दोनों के बीच
एक पूरा दिन है ।

2-
अनुपस्थिति का एहसास
निश्चित रूप से नहीं कह सकता
कि उस एक पल में
ऐसा क्या था जब
तुम्हारी दृष्टि ठहरकर
मुझमें उतरती गई थी
और सूरज के उजाले
की तरह
अप्रयास पसरती गई थी ।
कोई अनाम रिश्ता
गुमशुदा जान-पहचान
या फिर कुछ और
कुछ भी तो नहीं लगता आज
मगर सच तो यह है कि
मैं उस उजाले से बुरी तरह त्रस्त हूँ
कि उजाला डँसता क्यों है !
क्या ऐसा इसलिए तो नहीं कि
तुम साथ नहीं हो
या अगर हो भी तो अनुपस्थित क्यों हो
अपनी मौजूदगी से ।
बताना पड़ता है मुझे तुमसे
कि मैं हूँ ... यह मैं हूँ
कितना मारक है अपनी ही अनुपस्थिति का एहसास
वह भी
अपनी ही प्रिया के पास ।

## सुधीर सक्सेना की कविताएं



### 1. अलबत्ता

आपने प्रेम किया
तो भी मरेंगे
और नहीं किया
तो भी मरेंगे एक रोज
प्रेम से मौत खारिज नहीं होती
मौत का एक दिन मुअइय्यन है
प्रेम से नहीं बदलती मौत की तारीख
अलबत्ता प्रेम से बदल जाती है जिन्दगी
आमूलचूल।

### 2.. सातवीं ऋतु

ऋतुओं से नाता नहीं है प्रेम का
कि प्रेम अपने आप में अलग ऋतु है
सातवीं ऋतु है प्रेम
छहों ऋतुओं को समोये अपने आप में।
प्रेम में ताप है,
प्रेम में शीत,
प्रेम में बयार है
प्रेम में वृष्टि,
प्रेम को फर्क नहीं पड़ता, न आँधी से, न पानी से,
भीति नहीं जानता प्रेम, न ओलों से, न पाले से,
उतना ही उद्दाम फूटता है, जितनी ज़्यादा विषम होती है
पारिस्थितिकी
अगर्चे देह में उमगता है हठात रोमांच,
और मन की डार पर फूटता है अचानक बौर
तो समझ लो आ गयी जीवन में
सातवीं ऋतु प्रेम की।

### 3. यूरेका

अगर पानी में छपाक से
कूदता नहीं आर्किमिडीज
तो भला कहाँ होता
एथेंस की सड़कों पर
यूरेका-यूरेका का शोर
लोग सचमुच भूल गये होते
आर्किमिडीज को
फख्र करो
हर आर्किमिडीज पर,
जिसने खोजा और पा लिया
नफरत करो उससे,
जिसने मार डाला
अपने भीतर के आर्किमिडीज को
और
तरस खाओ उस पर
क्यों बंद कमरे में
या सड़क पर
कभी नहीं चिल्लाया
यूरेका... यूरेका... यूरेका...।

### 4. प्रवेशिका

चूहों से उतना ही डरो,
जितना चूहों से डरते हैं सूरतवासी,
मक्खी से उतना ही डरो,
जितना मक्खी से डरता है हर निवाला
फफूंद से डरो रोटी और चमड़े की तरह,
कालिख से डरो धवल वस्त्रों की तरह,
डरो और लड़ो इनके आकाओं से
अहर्निश
ज्वालामुखी से डरो,
जितना डरता है पांपेई,
समुद्र की लहरों से डरो
द्वारका नगरी की तरह,
विध्वंस से डरो
इन्काओं और मूअनजोदड़ो की तरह
खालीपन से डरो मकबरे और ताबूत की तरह।
डरो, बस इतना
कि डर कहीं घर न बना ले,
तुम्हारी देह के घर में।

### 5.तानाशाह का पोस्टमार्टम

पोस्टमार्टम मत करो,
मत करो पोस्टमार्टम, डॉक्टर!
डॉक्टर को रोको,
फूंक दो या दफ्ना दो इसे
एकाकी एकांत में
या क्षुब्ध लहरों में फेंक दो इसकी लोथ
मगर,
पोस्टमार्टम मत करो तानाशाह के शव का
पोस्टमार्टम मत करो, डॉक्टर
कि तुम हैरान रह जाओगे
कि कैसे विज्ञान को धता बताता
जीवित रहा यह तानाशाह
तुम पाओगे, डॉक्टर!
कि वहां अनुपस्थित हैं कई जरूरी अंग
मसलन तुम पाओगे आंखों में नदारद
अश्रुग्रंथियां
मुमकिन है
कि वहां हृदय का अता-पता ही न हो
और तुम डायरी में लिखो, डॉक्टर
कि मृतक की धमनियों में प्रवाहित है घृणा
और शिराओं में बहता है भय
अबाध।

# हिंदी की लवली गोस्वामी और मलयालम के एम. पी. प्रथीश को केदारनाथ सिंह स्मृति सम्मान

लवली गोस्वामी (हिन्दी )और प्रथीश (मलयालम) को दूसरा 'केदारनाथ सिंह स्मृति सम्मान' देने की घोषणा हुई है। 19 नवंबर को केदारनाथ सिंह जी के जन्मदिन पर आयोजित केदारनाथ सिंह स्मृति वक्तव्य में साखी के सम्पादक प्रो सदानंद शाही ने इसकी घोषणा की। हिन्दी में सुश्री लवली गोस्वामी को यह सम्मान उनके कविता संग्रह उदासी मेरी मातृभाषा है (2019) के लिए दिया जाएगा। भारतीय भाषाओं में यह सम्मान इस वर्ष मलयाली कवि प्रथीश को उनके संग्रह पीरवेल्लम (2020) के लिए दिया जाएगा । उन्होंने बताया कि समस्त नामों पर गहन विचार विमर्श के बाद निर्णायक मंडल ने इन दो नामों पर अपनी सहमति दी है ।

वर्ष 2022 के लिए श्री ए अरविंदाक्षन की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय चयन समिति गठित की गयी थी जिसमें श्री चन्द्रकांत पाटिल, श्री राजेश जोशी, श्री अरुण कमल तथा सुश्री अनामिका सदस्य थे। इस वर्ष भारतीय भाषा मलयाली प्रतिनिधि श्री के. सच्चिदानंदन विशेष सदस्य के रूप में शामिल हुए और निर्णायक मंडल ने सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया। निर्णायक मंडल के अनुसार –

लवली गोस्वामी की कविताएं बहुत सधे कदमों से (छोटे डग भरती हुई) चलनेवाली गुप्तचर कविताएं हैं। कभी गहन 'अंधेरे में', कभी हल्के झुटपुटे में रास्ता टटोलते हुए चलनेवाला यह गुप्तचर, मुक्तिबोध के शब्दों में कहें तो 'आत्मा का गुप्तचर ही हो सकता है। इसे आत्मा की गहन सुरंगों का पता है और इस विसंगति का भी कि एक कदम उठाते ही हजार राहें जो फूट पड़ती हैं, हजार किरणों की तरह कहीं एक बिन्दु पर कन्वर्ज भी कर जाती हैं। जिस एक बिन्दु पर उनका यह अभिसरण होता है, वही प्रेम है, प्रेम यानी मृत्यु का बड़ा भाई जो मृत्यु के कंधे पर बैठकर जग का मुजरा' लेने की औकात रखता है।

प्रथीश एक प्रयोगधर्मी कवि हैं, जो अपनी कविता के लिए शब्दों के साथ-साथ रेखाचित्रों और वस्तुओं का भी प्रयोग करते हैं। उनका मुख्य विषय प्रकृति और मनुष्य के बीच संबंध है। वह ग्रह के भविष्य के बारे में गहराई से चिंतित है। वह भाषा का प्रयोग बहुत ही सूक्ष्मता और सूक्ष्मता से करते हैं और उनकी कविता में कोई अतिरेक नहीं है। वह पृथ्वी, आकाश, जल, पेड़, पौधों और छोटे जानवरों की छवियों के साथ काम करते है। वह आसानी से केरल के सबसे होनहार कवियों में से एक हैं और प्रोत्साहन के पात्र हैं। उनकी एक अनूठी काव्यात्मक आवाज है, जो उनकी पीढ़ी और पुरानी पीढ़ी के अन्य लोगों से बहुत अलग है। वे एक कवि के रूप में बहुत सक्रिय हैं।

प्रो शाही ने बताया कि हिंदी की साहित्यिक पत्रिका साखी ने कवि केदारनाथ सिंह की याद में वर्ष 2021 से दो युवा कवियों को हर साल केदारनाथ सिंह स्मृति सम्मान देने का निर्णय लिया था और इसके लिए देश-विदेश के कवियों, लेखकों, आलोचकों और सम्पादकों से केदारनाथ सिंह स्मृति सम्मान के लिए संस्तुतियां आमंत्रित की गयी थीं,जिनकी उम्र संग्रह प्रकाशन के समय 35 वर्ष से अधिक न हो।इसके अंतर्गत एक हिन्दी कवि और एक अन्य भारतीय भाषा के कवि को सम्मानित किया जाना था।

नयी रचनाशीलता के प्रति केदार जी की उत्सुकता और स्नेह के सम्मान में इस पुरस्कार का आयोजन किया जा रहा है।श्री शाही ने बताया कि शीघ्र ही आयोजित कार्यक्रम में दोनों कवियों को 25000 की राशि तथा प्रशस्ति पत्र आदि देकर सम्मानित किया जाएगा ।इस अवसर पर केदारनाथ सिंह स्मृति व्याख्यान भी आयोजित किया जायेगा।





लवली गोस्वामीः झारखण्ड के धनबाद जिले की मूलवासी. 1987 में जन्म. हिंदी कवि और हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं की लेखक- निबंधकार. वाणी प्रकाशन से २०१९ में कविता संग्रह उदासी मेरी मातृभाषा है प्रकाशित एवं बहुचर्चित है. इससे पहले 2015 में भारतीय मिथकों पर निबंध की एक किताब प्रकाशित है. कवितायेँ चार देशी - विदेशी भाषाओं में अनूदित हैं . देश के अनेक महत्वपूर्ण पत्र - पत्रिकाओं में लेख - कविताएँ प्रकाशित. १० बर्ष से लेखन में सक्रिय. एक उपन्यास शीघ्र प्रकाश्य.

एम. पी. प्रथीश (जन्म 1987) एक कवि और कलाकार हैं जो केरल में रहते और काम करते हैं। उन्होंने मलयालम भाषा में कविता के दस संग्रह प्रकाशित किए हैं। उनकी कविताएँ और वस्तु / दृश्य कविताएँ विभिन्न स्थानों पर प्रकाशित हैं जिनमें सिंगिंग इन द डार्क (पेंगुइन), ग्रीनिंग द अर्थ (पेंगुइन से आगामी, 2023) आरएलसी जर्नल, टिनी सीड, इंडियानापोलिस रिव्यू, काव्याभारती, नेशनलपोएट्रीमंथ.सीए (एंजेलहाउस प्रेस), बॉम्बे रिव्यू, केरल कविथा, गुफ्तुगू, एक्रोपोलिस, टू कॉपी, भारतीय साहित्य और अन्य शामिल हैं। ट्रांसफिगरिंग प्लेसेस, दृश्य कविताओं का एक संग्रह, पेपरव्यू बुक्स, पुर्तगाल द्वारा प्रकाशित किया गया है।

उनकी कविताओं की हालिया किताब, द बरिअल, ऑस्मोसिस प्रेस, यूके से आने वाली है। मलयालम में हाल के प्रकाशनों में शामिल हैंः रात्रीयात्रा (दिसंबर, 2021), पिरावेलम (अक्टूबर, 2020)

# साहित्योत्सव लिटरेरिया 2022 का पहला दिन संपन्न

कोलकाता। नीलाम्बर के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव लिटरेरिया 2022 का शुभारंभ आज सियालदह के बी. सी. रॉय ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित वक्ताओं एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम की शुरूआत से पहले नीलाम्बर की रचनात्मक यात्रा पर एक वीडियो प्रस्तुत किया गया। उसके बाद प्रसिद्ध गायिका तापसी नागराज द्वारा काव्य संगीत की प्रस्तुति की गई जिसमें प्रतिष्ठित बांसुरी वादक मुरलीधर नागराज ने उनका साथ दिया। इस अवसर पर नीलांबर की त्रैमासिक पत्रिका 'सप्तपर्णी' के प्रवेशांक का लोकार्पण किया गया। पत्रिका का संपादन योगेश तिवारी ने किया है । आज के स्वागत वक्तव्य में नीलांबर के सचिव ऋतेश कुमार ने तकनीक और साहित्य के समन्वय के महत्व को इंगित करते हुए कहा कि आज तकनीक अधिक आसान और जनोपयोगी हो गया है। साहित्य को तकनीक के सहारे सरलता से जनता के बीच पहुंचाया जा सकता है, जिसे नीलांबर अपने सीमित संसाधनों द्वारा लगातार करता आ रहा है। नीलांबर के अध्यक्ष यतीश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि नीलांबर साहित्य सेवा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। हम सामूहिकता को प्रमुखता देते हैं। जिस ईश्वरीय क्षण को पाने के लिए सृजक लगा रहता है, नीलांबर अपने मंच के माध्यम से ऐसा क्षण बार-बार आए, इसके लिए प्रयासरत रहता है। उद्घाटन सत्र में सुप्रतिष्ठित कथाकार अलका सरावगी ने अपना वक्तव्य रखते हुए कहा कि अगर पाठक न हो तो रचना का महत्व क्या रह जाता है? नीलांबर ऐसे आयोजन के माध्यम से रचनाकारों को पाठक देता है। बांग्ला के प्रतिष्ठित कवि प्रबल कुमार बसु ने कहा कि कलकत्ता में हिन्दी नाटक की समृद्ध परम्परा रही है, जिसके शुरूआती दौर में श्यामानंद जलान ,उषा गांगुली इत्यादि निर्देशकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे पास जो खोजी प्रवृत्ति है उसमें प्रत्येक व्यक्ति परम्परा को अपने नजरिए से देखता है । इस दिन सुप्रतिष्ठित पत्रकार सैयद मोहम्मद इरफान को संस्था की ओर से निनाद सम्मान से नवाजा गया। उन्हें संस्था के अध्यक्ष यतीश कुमार ने यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर वक्तव्य रखते हुए उन्होंने कहा कि सेलिब्रिटी जर्नलिज्म को तोड़ना, किसी व्यक्ति को परत दर परत समझने का प्रयास मेरी पत्रकारिता का हिस्सा रहा है। उनको दिए गए प्रशस्ति पत्र का पाठ ऋतु तिवारी द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र का संचालन नीलाम्बर के संरक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह ने किया।



इस दिन सेमिनार सत्र में मूल विषय 'परंपरा की दूसरी खोज' पर बोलते हुए प्रसिद्ध कवि एवं कथाकार प्रकाश उदय ने कहा कि पारंपरिक साहित्य में एक परम्परा दूसरे को पार कर जाती है। हम केवल आलोचना के टूल्स से ही आलोचना न करें, बल्कि हमें खेती की शब्दावली, कला? की शब्दावली के जरिए आलोचना करनी चाहिए। सुपरिचित आलोचक वेदरमण ने कहा कि परम्परा में बहुलता और विविधता होती है। परम्परा हमें अनायास नहीं मिलती है, उसे हमें पाना होता है। यह काम हर व्यक्ति, हर लेखक, हर विचारक अपने-अपने नजरिए से करता है। आज हम अपने ज्ञान परम्परा से दूर हो गये हैं। परम्परा को लेकर ही कोई देश गतिशील होने के साथ प्रगतिशील भी होता है। परम्परा के अभाव में देश गतिशील हो सकता है, प्रगतिशील नहीं हो सकता। युवा आलोचक आशीष मिश्र ने कहा कि परम्परा कोई एक नहीं होती परम्पराएं होती है। किसी भी परम्परा के अनेक मुख होते है, एक बिन्दु नहीं होता। जब किसी एक बीज मुख को खोजने की कोशिश की जाती है, तो विडम्बना हो जाती है। युवा आलोचक योगेश तिवारी ने कहा कि हमारा आग्रह परम्परा पर नहीं बल्कि खोज पर है। खोज मात्र दृष्टि होती है लेकिन यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके बिना खोज संभव नहीं है। नीलांबर द्वारा इस विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त पूजा साव ने विषय पर बोलते हुए कहा कि परम्परा को बदल देना अपने आप में परम्परा है। परम्परा में आधुनिकता की संभावना होती है। आलोचना सत्र का संचालन विनय मिश्र ने किया। दिन के अंत में नीलांबर द्वारा निर्मित एवं ऋतेश पांडेय के निर्देशन में बनी फिल्म लौट रही है बेला एक्का का प्रदर्शन किया गया। जिसे दर्शकों द्वारा भरपूर सराहना मिली। इस फिल्म के मुख्य कलाकारों में शामिल हैं ट्विंकल रक्षिता, दीपक महीश, विशाल पांडेय, आशा पांडेय, दीपक ठाकुर, हंसराज। फिल्म प्रदर्शन के बाद फिल्म के कलाकारों का अभिनंदन किया गया। इस सत्र का संचालन शैलेश गुप्ता ने किया। पूरे दिन के लिए धन्यवाद ज्ञापन निर्मला तोदी ने किया। इस अवसर पर बहुत संख्या में अध्यापक, लेखक, विद्यार्थी एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित रहें।

# मुख्य अभियंता आरबी कटियार का कमरे में मिला शव

**सनसनी**

### विभागीय सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर किया प्रवेश

### परिवार के आने पर हुआ पोस्टमार्टम



घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे आयुक्त, डीएम

**मीरजापुर।** मंडल मुख्यालय पर तैनात बिजली विभाग के मुख्य अभियंता आरबी कटियार का शव शनिवार को सुबह उनके सरकारी आवास में बेड पर पाया गया। कर्मचारियों ने देर तक दरवाजा बंद देखा तो इसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। परिवार के आने के बाद पोस्टमार्टम के लिए शव भेजा गया। कटियार करीब आठ माह बाद सेवानिवृत्त होने वाले थे।

परिवार में पत्नी एक पुत्र और दो पुत्री हैं तीनों बच्चें अविवाहित और अध्ययन कर रहे है। दरवाजा तोड़ कर कमरें में पुलिस के साथ बिजली विभाग के अधिकारी भी घुसे। अंदर कमरे में बेड पर मुख्य अभियन्ता बेसुध पड़े थे। निरीक्षण किया गया तो उनके प्राण पखेरू उड़ चुके थे। जो कानपुर देहात के मूल निवासी बताये गए हैं। उन्होंने लखनऊ के निराला नगर में आवास बना रखा है जहां इनका परिवार रहता है। यह जिले में तैनाती के बाद से अकेले ही सरकारी आवास में रहते थे। चीफ के मौत की खबर लगते ही बिजली विभाग के परिसर में स्थित आवास पर विभागीय लोगों की भीड़ लग गई। तमाम अधिकारी और कर्मचारी आफिस छोड़कर मौके पर पहुंचे। शव मिलने की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमा भी सक्रिय हो गया। प्रारम्भिक जांच में हार्ट अटैक की संभावना जताई जा रही हैं। शहर कोतवाली क्षेत्र के फतहां स्थित आवास पर बिजली विभाग के मुख्य अभियन्ता के मौत की जानकारी मिलते ही विंध्याचल मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ल समेत तमाम अधिकारी पहुंचे हैं।

## मानसिक शोषण के चलते मुख्य प्रबंधक की मौत



मुख्य अभियंता की मौत के बाद जुटे परिजन व विभाग के अधिकारी

**मीरजापुर।** बिजली विभाग के मुख्य अभियंता राजा बाबू कटियार के आकस्मिक निधन पर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। शोक सभा का आयोजन विभाग के परिसर में किया गया था। इस दौरान समिति के संयोजक अभय सिंह ने ऊर्जा विभाग के शीर्ष प्रबंधन पर बीती रात वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान कटियार पर मानसिक रूप से उत्पीडन कर दबाव डालने का आरोप लगाया। कहा कि शीर्ष नेतृत्व के स्वेच्छाचारी और दमनात्मक रवैया के कारण मुख्य अभियंता राजा बाबू कटियार के सदमे में जाने के कारण हृदयाघात से उनकी मौत हुई है। उनकी मौत के लिए पूरी तरह से प्रबंधन जिम्मेदार है। उसे अपनी इस कृत्य के लिए माफी मांगना चाहिए। उन्होंने भविष्य में किसी विभागीय के साथ इसकी पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए खेद प्रकट करने की मांग शीर्ष नेतृत्व से किया। शोक सभा में पीड़ित परिवार को 5 करोड़ रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग की गई। शोक सभा में सोनभद्र, भदोही और मिजार्पुर के अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता, कार्यकारी सहायक एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

**दुखद**

### शोक सभा में बिफरे अधिकारी

### पीड़ित परिवार के लिए मांगा 5 करोड़

## निमार्णाधीन कार्यों का पीडी ने किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस के निर्देश के अनुपालन में परियोजना निदेशक डीआरडीए अनय कुमार ने तहसील परिसर लालगंज में निमार्णाधीन कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिवक्ता लाइब्रेरी का निर्माण इस कार्य का निर्माण पूर्वांचल विकास निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2021-22 में विधायक राहुल प्रकाश के प्रस्ताव पर अधिशासी अभियन्ता ग्राअवि मीरजापुर द्वारा कराया जा रहा है। निरीक्षण के समय स्वीकृत माप के अनुसार एक कक्ष का निर्माण कराया गया है। कक्ष के दीवालों की चिनाई छत स्तर तक कराकर छत ढ़ाली जा चुकी है। प्लास्टर, फर्श, रंगाई पोताई, वायरिंग, दरवाजें एवं खिडकी में पल्ला लगाने का कार्य पूर्ण कराया जाना पाया गया। दरवाजें एवं खिड़की में पल्ले आगणन में स्वीकृत 35.00 मी0मी0 मोटाई के स्थान पर आधी मोटाई में अधोमानक के लगाये गये है। मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में खिड़की का स्लेब तथा दरवाजे पर चढ़ने के लिए सीढ़ी का कार्य कराया गया है। वायरिंग कार्य में प्रयुक्त बोर्ड एवं एमसीबी भी अधोमानक के पाये गये है। इस कार्य में कार्य कुशलता व कुशल पर्वेक्षण का अभाव दिखायी दिया। अधिशासी अभियनता ग्रा0अ0वि0 तत्काल दरवाजें एवं खिड़की के पल्ले तथा वायरिंग में प्रयुक्त अधोमानक सामग्री बदलते हुए मानक के अनुसार लगाया जाना सुनिश्चित करें। अधिवक्ताओं हेतु शौचालय का निर्माण यह कार्य विधायक निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2018-19 में विधायक छानबे के संस्तुती पर खण्ड विकास अधिकारी लालगंज द्वारा सम्पादित कराया गया है। पानी की व्यवस्था (हैण्डपम्प के असफल हो जाने के कारण) के अभाव में यह शौचालय क्रियाशील नहीं पाया गया। शौचालय में अन्दर स्वीकृत फाईबर के दरवाजे के स्थान पर लोहे के दरवाजे लगाया जाना पाया गया। पानी के अभाव में प्रयोग में न होने व लगभग 3 वर्षों से बन्द पड़े रहने के कारण, साफ सफाई के अभाव में इस शौचालय में सामान्य अनुरक्षण की आवश्यकता है। इस कार्य में कार्य कुशलता का अभाव दिखायी दिया।

### हिन्दुओं को संगठित होने की आवश्यकता : अम्बरीष

**हलिया।** क्षेत्र के हरसड़ गांव स्थित श्रीरामा इंटरनेशनल स्कूल में विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित हित चिंतक अभियान के तहत शनिवार शाम को कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय सहमंत्री व सहसंपर्क प्रमुख अंबरीष व विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र शुक्ल ने भगवान श्रीराम माता सीता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र शुक्ल ने कहा कि आज के परिवेश में हिंदुओं को एकजुट होने की आवश्यकता है। तभी हिंदू संस्कृति को बचाया जा सकता है। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सहमंत्री अम्बरीष ने कहा कि जिस दिन घर घर हिंदू अपने धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूक हो जाएगा उस दिन भारत का पूरे विश्व में डंका बजने लगेगा। हमें अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा करने के लिए संगठित होने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामाश्रय प्रसाद शुक्ल व संचालन राजेश सिंह ने किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह, श्याम बहादुर, पंकज, करूणा शंकर, ज्ञानेश्वर, अरूण, शिव गोविन्द, राकेश, रामेश्वर, अशोक आदि मौजूद रहे।

## महंगाई को कंट्रोल करने में विफल है सरकार : भगवती चौधरी

**नाराजगी**

### पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्ग इंदिरा गांधी की 105वीं जयंती मनाई गई



प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी।

**मीरजापुर।** पक्की सरैया स्थित इंदिरा गांधी पार्क में इंदिरा गांधी की जयंती के पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी के अध्यक्षता में मनाई गई। पहले पूर्व विधायक ने इंदिरा गांधी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया। मोके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि इंदिरा गांधी विश्व लोक नेता रही है। आज उनको पूरा देश याद कर रहा है।

श्री चौधरी ने कहा कि इंदिरा ने नारा दिया था कि भारत से गरीबी हटाओ विकास लाओ आज विकास ठप हुआ है। जाति और धर्म को बढ़ावा मिल रहा है। नौजवान बेरोजगार है। किसान परेशान है। जनता महंगाई से त्रस्त है। वर्तमान सरकार महंगाई को कंट्रोल करने में विफल है। इस दौरान शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन पाठक, पूर्व नगर पालिका परिषद के चेयरमैन दीपचंद जैन, कांग्रेस नेता अमिताभ पांडेय, मीडिया प्रभारी छोटे खान, रमेश प्रजापति, अर्चना चौबे, अशोक धरकार, इश्तियाक अंसारी, अंकुर श्रीवास्तव, राम पूजन सिंह, रोशन अंसारी, नरेंद्र ठाकुर, राजन निषाद, संतोष यादव, अशोक भारती आदि लोग मौजूद रहे। वहीं कछवां नगर पंचायत में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की मूर्ति पर माला पहनाकर जयंती मनाई गई। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य शिव शंकर चौबे, ब्लॉक अध्यक्ष कुंज बिहारी उपाध्याय, श्री राम पांडेय, अखिलेश मिश्रा उर्फ मुन्ना, ब्लॉक अध्यक्ष सेवादल अनुज मिश्रा, अखिलेश सिंह, राज कमल शुक्ला, रुशू तिवारी, राम भजन पांडेय, चंचल उपाध्याय, कल्लू पांडेय, गोवर्धन उपाध्याय, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# विश्व शौचालय दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली



लालगंज में हरी झण्डी दिखाती डीएम



मड़िहान में रथ को रवाना करतीं डीएम।

**जन-जागरूकता**

### डीएम व सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर टीम को किया रवाना

### स्वच्छता रन टीम बनाकर चलाया जा रहा अभियान

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** विकासखंड लालगंज के तहसील लालगंज में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा उपस्थित जन समुदाय एवं पंचायती राज विभाग स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के समस्त कर्मचारियों अधिकारियों, सफाई कर्मियों, पंचायत सहायकों, प्रधान एवं सचिव को शपथ दिलाई गयी।

स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवानगी की गई। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी लालगंज नवनीत सेहरा, जिला पंचायत राज अधिकारी अरविंद कुमार, अजय कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

**राजगढ़ संवाददाता** के अनुसार। विश्व शौचालय दिवस पर मड़िहान तहसील मुख्यालय से मुख्य विकास अधिकारी वीएस लक्ष्मी की अगुवाई में स्वच्छता रन टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्वच्छता के प्रति लोगों में जन-जागरूकता को ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में पटेहरा ब्लाक व राजगढ़ ब्लाक के दर्जनों अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित मातहतों को जरुरी दिशा-निर्देश एवं जानकारी देकर टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विश्व भर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को साफ सफाई एवं खुले में शौच करने पर आम जनमानस को होने वाली बिमारियों तथा उसके दुष्परिणामों पर लोगों को जागरूक करना है। स्वच्छता के प्रति एक क्रांतिकारी कदम उठाए जाने के लिए तमाम बिन्दुओं पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम अश्वनी सिंह, तहसीलदार फूलचंद यादव, राजगढ़ ब्लाक के बीडीओ रमाकांत, जिला कोआर्डिनेटर, भारी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पत्र लिखकर पर्यावरण प्रदूषण के क्षेत्रीय अधिकारी पर लगाया गंभीर आरोप

जनसंदेश न्यूज

**कार्रवाई**

### कहा-जानबूझकर जांच प्रक्रिया को टाल रहे हैं क्षेत्रीय अधिकारी

### खनन माफियाओं को बचा रहे हैं मण्डल के अधिकारी

**अहरौरा।** संपूर्णानंद ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष को पत्र भेजकर पर्यावरण प्रदूषण के स्थानीय अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए जानबूझ कर राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा नियुक्त की गई जांच कमेटी की जांच को टालने का आरोप लगाते हुए खनन माफियाओं को नाम उजागर करने का आरोप लगाया है।

कहा है कि हमें लगातार अब धमकियां मिलने लगी है। बता दें कि क्षेत्र के भगौती देई गांव निवासी संपूर्णानंद की शिकायत पर क्षेत्र के खनन पट्टा स्थलों पर बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध खनन, ब्लास्टिंग, पर्यावरण प्रदूषण की जांच करने के लिए राष्ट्रीय हरित अधिकरण एन जी टी द्वारा 4 सदस्य जांच कमेटी बनाई गई है। उक्त जांच के लिए कार्यालय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सोनभद्र की तरफ से जांच की तिथि निर्धारित की गई लेकिन कोई अधिकारी जांच करने नहीं आया और जांच टाल दी गई पुनः दूसरी तिथि पर भी जांच अधिकारी नहीं आएं और अपरिहार्य कारणों से जांच की तिथि टाल दी गई। अब तीसरी बार 23, 24, 25 नवंबर को जांच की तिथि निर्धारित की गई है।

शिकायतकर्ता संपूर्णानंद ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा है कि क्षेत्रीय अधिकारी जानबूझकर जांच प्रक्रिया को टालने का कार्य कर रहे हैं। अपनी जान माल की सुरक्षा करने की मांग भी मानवाधिकार सहित अन्य उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर किया है।

# लंबित वादों का एक माह के अंदर करायें निस्तारण : डीएम

जनसंदेश न्यूज

**समाधान दिवस**

### फर्जी रिपोर्टिंग करने वाले लेखपालों व अन्य कर्मियों के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई

### पात्र व्यक्तियों का नियमानुसार राशन कार्ड बनाने का डीएम ने दिया निर्देश

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के मार्ग निर्देशन में जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील लालगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस लालगंज में कुल 117 प्रकरण में से 11 का मौके पर निस्तारण किया गया। अधिकतर प्रकरण जमीन और राशन, पेंशन, सिंचाई व बिजली से सम्बन्धित रहे। जिलाधिकारी ने तहसीलदार व नायब तहसीलदार को निर्देशित करते हुये कहा कि समाधान दिवस समापन के बाद अधिकारियों के साथ बैठक करके धारा 24 और 116 के प्रकरण को एक माह के अंदर निस्तारित किया जाय। उन्होने सभी लेखपालों व तहसील के कार्मिको निर्देशित करते हुये कहा कि किसी भी तरह से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र में यदि किसी कि द्वारा गलत रिपोर्टिंग की जाती है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास के भी छूटे हुये पात्र व्यक्तियों का सर्वे कराकर आवंटन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। भू स्वामित्व लालगंज ग्राम सभा के अधिकतर मामलों को देखकर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को जांच करके रिपोर्ट देने के लिए निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादी से संबंधित अधिकारी टेबल पर पहुंचकर जानकारी दें और प्रकरण को सुनते हुये निस्तारण सुनिश्चित करायें। ग्राम बिजुरी निवासी अमरेश तिवारी ने कोटा कैनाल पंप नहर मे पानी संचालन किए जाने की मांग किया। जिलाधिकारी ने किसान की नहर खोले जाने की मांग को लेकर संबंधित एक सप्ताह के अन्दर कैनाल पंप शुरू किए जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया।

अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ला ने पत्र देकर मांग किया कि तहसील में ग्राम न्यायालय 2 वर्षों से बनकर तैयार हो चुका है परंतु आज तक ग्राम न्यायालय संचालन नहीं हो पा रहा है।

उन्होंने मांग करते हुए कहा कि तहसील लालगंज अधिवक्ता भवन को पेंटिंग कराई जाए, और असंक्रमणीय भूमि को संक्रमणीय भूमिधर घोषित किया जाए। जिलाधिकारी ने समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने लहुरिया कूप की साफ-सफाई के संबंध में एडीओ पंचायत हलिया भूपेश श्रीवास्तव से प्रगति की जानकारी ली गयी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा, तहसीलदार शशांक शेखर राय, नायब तहसीलदार राम नारायण वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी परमानंद कुशवाहा, पीडी अनय कुमार मिश्रा, खंड विकास अधिकारी शिवनारायण सिंह, जिले स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।

## तहसील दिवस में अपर जिलाधिकारी भू राजस्व ने सुनी फरियाद

जनसंदेश न्यूज



चुनार तहसील में समस्या सुनते सीआरओ।

**चुनार।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आये फरियादियों की समस्याओं को अपर जिलाधिकारी भू राजस्व सत्यप्रकाश सिंह ने सुना। कुल 48 प्रार्थना पत्र आया जिसमे 3 का मौके पर निस्तारण किया गया।

शेष प्रार्थना पत्रों का समय से गुणवत्ता परक जांच कर निस्तारण करने के लिए कहा। समाधान दिवस के दौरान जमालपुर ब्लॉक निवासी मनोज कुमार सिंह ने ग्राम प्रधान व सचिव वरजिवनपुर पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुराने शौचालय को नया निर्माण दिखाकर भुगतान कर दिया गया। वही कोलना निवासी घुरहू ने ग्राम प्रधान भूपेश सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्ष 2021 में ग्राम प्रधान चुनाव के समय ग्राम पंचायत कोलना सुरक्षित जाति के लिए आरक्षित था। भूपेश सिंह पिछड़ी जाति का होते हुए फर्जी जाति प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रधान पद हासिल करने के बाद दलित बस्ती में जाकर आतंक मचा रहें है।

ग्राम प्रधान के जाति प्रमाण पत्र की जांच कराकर कार्यवाही करने का मांग किया है। वही हासापुर सचिव त्रिलोकी नाथ द्वारा शासन के मंशा के अनुरूप कार्य न करने पर बीडीओ नरायनपुर संजय कुमार श्रीवास्तव को फटकार लगाते हुए सचिव से स्पष्टीकरण लेने के लिए कहा।

इस दौरान उपजिलाधिकारी नीरज पटेल, पुलिस उपाधीक्षक रामानंद राय, तहसीलदार नूपुर सिंह, खंड विकास अधिकारी सीखड शिवपूजन भारती, आपूर्ति निरीक्षक काशीनाथ, अवर अभियंता बिजली विभाग प्रमोद सिन्हा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### निस्तारित मामलों की कराई जायेगी क्रास चेकिंग : एडीएम वित्त



**मीरजापुर।** संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने फरियादियों की फरियाद को सुना, जहां पर उनके निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान दूरदराज से भारी संख्या में फरियादी पहुंचे हुए दिखाई दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सदर तहसील में एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ला, एसडीएम सदर चंद्रभान सिंह ने दूर दराज से पहुंचे फरियादियों की फरियाद को सुना। इस दौरान 114 लोगों ने प्रार्थना पत्र दिया, जहां पर दो का मौके पर ही निस्तारण किया गया। एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की टीम आपस में समन्वय बनाकर जमीन से जुड़े मामलों का निस्तारण कराएं। वही निस्तारण में गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए। गुणवत्ता में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही निस्तारित मामलों का क्रॉस चेक भी कराया जाएगा, जहां क्रास चेक में लापरवाही मिलने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी। क्रास चेकिंग में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। तहसील दिवस में आने वाले सभी समस्याओं के निस्तारण की रिपोर्ट शासन को भेजी जाती है ऐसे में जो अधिकारी व कर्मचारी गलत करते पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तहसील दिवस के दौरान सीओ सदर शैलेंद्र त्रिपाठी, तहसीलदार अरुण गिरी के अलावा सभी अधिकारियों कर्मचारी मौजूद थे।

### डीएम ने किया क्रय केंद्र का निरीक्षण



**लालगंज।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने संपूर्ण समाधान दिवस के बाद खजूरी स्थित क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। इसके बाद सहकारी समिति क्रय केंद्र लालगंज का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल संपूर्ण समाधान दिवस के बाद खजूरी क्रय केंद्र एफसीआई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रय केंद्र प्रभारी से किसानों के नंबरिंग सत्यापन के बारे में जानकारी ली। क्रय केंद्र प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों के धान क्रय में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें नियम के अनुसार सभी किसानों का धान क्रय करें। धान आने से पहले गोदाम का तैयारी पूर्ण करने किसी भी प्रकार की शिथिलता ना करें। जिससे किसानों को अपना ध्यान क्रय करने में किसी भी प्रकार की समस्या पैदा ना हो। साफ-सफाई का भी निर्देश दी। उन्होंने खजूरी क्रय केंद्र के निरीक्षण के बाद साधन सहकारी समिति केंद्र लालगंज का भी निरीक्षण किए और क्रय केंद्र प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### मनुष्यता की पहचान ही है कौमी एकता का आधार : योगानन्द गिरी

**मीरजापुर।** शासन के निर्देश एवं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के मार्ग निर्देशन में 19 से 25 नवम्बर तक पूरे जनपद में हर्षोल्लास के साथ कौमी एकता सप्ताह मनाया जा रहा हैं। कौमी एकता सप्ताह के प्रथम दिन जुबली इंटर कालेज के अभ्युदय कोचिंग सभागार में जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय के द्वारा राष्ट्रीय अखण्डता दिवस विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में विभिन्न समुदायों के गणमान्य वक्ताओं के द्वारा राष्ट्र की अखण्डता को अक्षुण रखने पर अपने वक्तव्य के माध्यम से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगानन्द गिरी महराज, महन्थ बूढ़ेनाथ मन्दिर, तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य जुबली इंटर कालेज राजेन्द्र तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि बृज देव पाण्डेय साहित्यकार/पूर्व प्रधानाचार्य एवं समाजसेवी भूपेन्द्र सिंह डंक रहें।

### चोरी का मुकदमा दर्ज कराने को सीएम पोर्टल पर लगाई गुहार

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के सेमरा कलां गांव निवासी लालमणि चौरसिया के घर में बीते 9 नवम्बर को हुई दिनदहाड़े चोरी का पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज नही किए जाने व चोरी का खुलासा नही किए जाने पर पीड़ित ने शनिवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर चोरी का मुकदमा दर्ज करने तथा चोरी का खुलासा करवाए जाने की मांग किया है। दिए गए प्रार्थना पत्र में लालमणि चौरसिया ने बताया कि बीते नौ नवंबर को क्षेत्र के अमहा गांव निवासी राम जनक चौरसिया के घर की पुताई और पेंटिंग करने के लिए गया था। उसी दौरान चोरों ने घर में घुस कर घटना को अंजाम दिया। दस दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज नही किया और न ही चोरी का खुलासा कर सकी। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर घर में हुई चोरी का मुकदमा दर्ज कराने तथा चोरी की घटना का खुलासा करवाए जाने की मांग किया है।

### सीडीओ ने मड़िहान तहसील में सुनी फरियाद

**मड़िहान।** स्थानीय तहसील सभागार में शनिवार को सीडीओ श्री लक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 25 मामलों में चार का मौके पर निस्तारण किया गया व शेष मामलों के लिए टीम गठित कर क्षेत्र में रवाना किया गया। वहीं लेदुकि गांव में भूमि विवाद को लेकर प्रार्थना पत्र दिया गया कि लेखपाल के द्वारा की गई पैमाईश गलत है, जिस पर सीडीओ ने राजस्व निरीक्षक को मौके पर जाकर स्वयं पैमाईश करने हेतु निर्देशित किया। समाधान दिवस में सबसे ज्यादा मामले जमीन से जुड़े रहे। इस दौरान एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार फूलचंद्र यादव, नायब तहसीलदार बिन्दु नंदन सिंह, खण्ड विकास अधिकारी शरद कुमार सिंह, एडीओ पंचायत श्रीकृष्ण उपाध्याय समेत कर्मचारी मौजूद रहें।

### पंचायत सहायक बनाएंगे आयुष्मान भारत कार्ड

**मड़िहान।** विकास खण्ड सभागार में आयुष्मान भारत के तहत आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने हेतु पंचायत सहायकों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को सम्पन्न हुआ जिसमें आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने की विधिवत विस्तृत जानकारी सूर्यकांत गुप्ता बीसीपीएम एवं अभिजीत सिंह सीएचओ ने दिया यद्यपि जहां 44 पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण में आना था। वहां केवल 31 पंचायत सहायक ही भाग ले सके। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार जैसल ने बताया कि अब आयुष्मान भारत गोल्डेन कार्ड बनवाने हेतु लोगों को सीएचसी व पीएचसी का चक्कर नही लगाना पड़ेगा। गांव के पंचायत सहायक को ही बनाने का अधिकार स्वास्थ्य विभाग ने दे दिया है।

### स्वच्छता रन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**जमालपुर।** विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर शनिवार को ब्लाक मुख्यालय पर स्वच्छता रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकालकर खुले में शौच नहीं करने, साफ सफाई और शौचालय के प्रति लोगों को जागरूक किया। रैली में शामिल लोगों ने तख्तियों पर लिखा हुआ स्नोगन बहू बेटियां दूर ना जाए शौचालय घर में बनवाएं। आधी रोटी खाएंगे फिर भी शौचालय निर्माण कराएंगे जैसे सम्बंधित नारों के माध्यम से लोगों को खुले में शौच करनें से रोकने के लिए तरह तरह का संदेश दिया और शपथ दिलाई गई। इस दौरान बीडीओ रविन्द्र सिंह, एडीओ पंचायत रामदूत, एडीओ आईएसबी अजय सिंह, मनोज सिंह, राणा प्रताप सिंह, प्रधान वीरेन्द्र यादव, सरफराज, वीरेन्द्र कुमार यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना मड़िहान पर 15 नवम्बर को थाना मड़िहान क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक व्यक्ति द्वारा अज्ञात के विरूद्ध अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना मड़िहान पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। जहां एसपी द्वारा निर्देश के क्रम में शनिवार को उ0नि0 शिवप्रकाश यादव मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना मड़िहान पर मुकदमा पंजीकृत कर अपहृता को बरामद करते हुए आरोपी भीम कुमार पुत्र देवेन्द्र राय निवासी गुरहनी थाना हिरम्मा जनपद शिवहर बिहार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### पिकअप के धक्के से पत्रकार की मौत, तीन घायल

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर जमालपुर रोड पर धोबही गांव के समीप शुक्रवार की देर शाम लगभग 9 बजे पिकअप भार वाहन की जोरदार आमने सामने टक्कर से बाइक सवार पत्रकार की मौत मौके पर ही हो गई तथा दूसरी बाइक सवारो में एक महिला एक बालिका सहित एक युवक के घायल होने का समाचार प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गौरही निवासी कामेश्वर पाल 52 वर्ष पुत्र श्यामलाल पाल दिन में किसी की तेरहवी कार्यक्रम में गए हुए थे और वहां से शाम घर वापस लौट रहे थे कि धोबही ग्राम की समीप जमालपुर की ओर से आ रही पिकअप वैन ने सामने से टक्कर मार दिया जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए थे। वहीं इनके पीछे चल रहे दो अन्य बाइक सवारों को भी इसी पिकअप ने धक्का मारा जिससे सुनीता देवी 42 वर्ष पत्नी स्वर्गीय रणजीत व उनकी पुत्री कुमारी साधना 8 वर्ष पुत्री स्वर्गीय रणजीत निवासी गण ग्राम सकरौड़ी थाना अदलहाटत तथा अमित यादव उर्फ पिंटू 26 वर्ष पुत्र लालजी यादव निवासी ग्राम घनश्यामपुर थाना जमालपुर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# स्पोर्ट्स



थाईलैंड में एशियाई कप 2022 टेबल टेनिस में दक्षिण कोरिया की शिन यूबिन के खिलाफ महिला एकल क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान चीन की 8 वांग यिदी गेंद लौटाते हुए।

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले सीरीज के दूसरे टी20 इंटरनेशनल पर फिलहाल संकट के बादल

## अगर मौसम की मेहरबानी मिलती है तो सबकी निगाहें ऋषभ पंत के रोल पर होंगी

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच शुक्रवार को वेलिंगटन मे सीरीज के पहला टी20 इंटरनेशनल मैच को बरसात ने धो डाला। अब दूसरा मैच रविवार को माउंट मॉन्गनुई में खेला जाना है। पहले मैच के बारिश के भेंट चढ़ने के बाद सबकी निगाहें दोनों टीमों के खिलाड़ियों की तैयारियों से ज्यादा आसमान पर है। किसी भी प्लेयर के प्रदर्शन और मैच के नतीजे के सामने आने के लिए खेल होना जरूरी है। इन सबके बीच, सीरीज के दूसरे टी20 इंटरनेशनल को लेकर आ रहे तमाम पूवार्नुमानों का इशारा संकट के बादल का संकेत दे रहा है।



हालांकि न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन को उम्मीद है कि रविवार को मैच के दौरान धूप खिली रहेगी लेकिन मौसम विभाग की मानें तो इसकी ज्यादा उम्मीद नहीं की जा सकती। सीरीज के दूसरे टी20 मुकाबले के दिन के लिए बारिश की भविष्यवाणी की गई है जो दोनों टीमों के लिए एक निराशाजनक खबर है।

अगर मौसम की मेहरबानी होती है और मैच खेला जाता है तो ऋषभ पंत के बतौर ओपनर मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है। टीम इंडिया की जीत से शुरूआत के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ ओपनर के रूप में पंत को सफलता मिलना काफी जरूरी होगा। पंत हाल में हुए एशिया कप और टी20 वर्ल्ड कप के ज्यादातर मुकाबलों में प्लेइंग इलेवन से बाहर रहे थे। इन दोनों टूनार्मेंटों में भारत ने दिनेश कार्तिक के फिनिशिंग टच को प्राथमिकता दी थी। अब कार्तिक इस सीरीज के लिए टीम में नहीं हैं, इसलिए पंत को सलामी बल्लेबाज के रूप में देखा जा सकता है।

***ईशान-शुभमन के ओपनिंग करने पर पंत के रोल पर होगी निगाहें***

भारत टी20 फॉर्मेट में एक ऐसे ओपनर की तलाश में है जो पावरप्ले में विस्फोटक शुरूआत दे सके। ईशान किशन और शुभमन गिल भी ओपनिंग के प्रबल दावेदार हैं। अगर गिल को मौका मिलता है तो यह उनका डेब्यू टी20 इंटरनेशनल होगा और वह भारत के लिए टी20 मैच खेलने वाले 100वें प्लेयर होंगे। इन दोनों के ओपनिंग करने पर यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत बाएं हाथ के बल्लेबाज पंत के लिए क्या रोल सेट करता है।

इस सीरीज में हार्दिक पंड्या की कप्तानी पर भी सबकी पैनी नजरों का रहना लाजिमी है। बीसीसीआई जल्द टी20 फॉर्मेट के लिए एक नए कप्तान की नियुक्ति के लिए कमर कसती नजर आ रही है। ऐसे में, पंड्या अपनी कप्तानी और बतौर लीडर क्षमता को दिखाने को बेताब होंगे। फिलहाल उन्हें 2024 टी20 वर्ल्ड कप तक भारत के टी20 कप्तान के रूप में देखा जा रहा है।

***भारत और न्यूजीलैंड के स्क्वॉड***

**भारत:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, ईशान किशन, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, मोहम्मद सिराज, भुवनेश्वर कुमार और उमरान मलिक।

**न्यूजीलैंड:** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, डेवोन कॉनवे, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, जिमी नीशम, मिशेल सेंटनर, माइकल ब्रेसवेल, ईश सोढ़ी, टिम साउदी, एडम मिल्ने, लॉकी फर्ग्यूसन और ब्लेयर टिकर।



### फीफा वर्ल्ड कप: मेसी आखिरी बार आएंगे वर्ल्ड कप में नजर, क्या अर्जेंटीना खिताब का सूखा कर पाएगी खत्म?

दुनिया के सबसे मशहूर फॉरवर्ड लियोनेल मेसी अपने आखिरी विश्व कप में विजेता बन पाएंगे, यह सवाल सबके मन में कौंध रहा है। अपने तीसरे विश्व कप खिताब की तलाश में उतरने जा रहे अर्जेंटीना को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। लगातार 13वां विश्व खेलने जा रहे अर्जेंटीना ने 1974 से हर संस्करण में हिस्सा लिया है। यह मैसी का पांचवां और संभवतः आखिरी विश्व कप होगा। सात बार बेलन डी ओर पुरस्कार जीत चुके मेसी इस वर्ष 35 साल के हो गए हैं। अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम 28 साल बाद पिछले साल कोपा अमेरिका खिताब जीतने के बाद इस विश्व कप में उतर रही है। उसकी टीम में कोपा अमेरिका विजेता टीम के लगभग सभी सदस्य मौजूद हैं और विश्व कप से पहले फॉर्म में दिखाई दे रहे हैं। क्वॉलिफिकेशन में लियोनल स्कोलानी की टीम ने 11 मैच जीते और 6 ड्रॉ रखे। वह 39 अंकों के साथ ब्राजील के बाद दूसरे स्थान पर रहा। वह तीसरे स्थान की टीम से 11 अंक आगे रहा। जिस सहजता के साथ उसने ये अंक अर्जित किए और पिछले साल के कोपा अमेरिका खिताब ने अर्जेंटीना के फैंस को एक बार फिर विश्व कप विजेता बनने का सपना देखने के लिए मजबूर किया है।

# मनिका बत्रा ने जीता कांस्य पदक, ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी

## टेबल टेनिस एशियाई कप 2022 में मनिका बत्रा ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** टेबल टेनिस एशियाई कप 2022 में मनिका बत्रा ने शनिवार को एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। मनिका बत्रा एशियन कप टेबल टेनिस में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। हालांकि, सेमीफाइनल में जापान की चौथी वरीय मीमा इतो से हार गई और फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया। महिला एकल क्वार्टर फाइनल में विश्व नंबर 6 हिना हयाता का सामना करते हुए बत्रा ने शानदार प्रदर्शन किया। बत्रा ने हिना हयाता को 4-2 से हराया। वह पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला और चेतन बबूर के बाद दूसरी भारतीय बनीं। पूर्व पुरुष एकल खिलाड़ी चेतन बबूर एशियाई कप में पदक जीतने



वाले एकमात्र भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं। उन्होंने 1997 में रजत और 2000 में कांस्य पदक जीता था। मनिका का भी नाम इस सूची में शामिल हो गया।

इस जीत के बाद मनिका बत्रा ने कहा कि मैं एशियाई कप में ब्रांज मेडल जीतकर खुश हूं।

यह मेरे लिए एक बड़ी जीत है, शीर्ष खिलाड़ियों को हराना और उनके खिलाफ खेलना और मुकाबला करना बहुत शानदार था। मैं आगे कड़ी मेहनत जारी रखूंगी और अपना बेस्ट देने की कोशिश करूंगी।

***सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी***

भारतीय पैडलर ने चीन की वर्ल्ड नंबर 7 चेन जिंगटोंग के खिलाफ शानदार जीत दर्ज कर टूनार्मेंट की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने शुक्रवार को दुनिया की 23वें नंबर की चेन जू यू को बड़े मुकाबले में 4-3 से हराया। गैर वरीयता प्राप्त मनिका ने क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नंबर 6 हिना हयाता को क्वार्टर फाइनल में हराते हुए ब्रॉन्ज पर कब्जा जमाया। सेमिफाइल में बत्रा का मुकाबला जापान की खिलाड़ी से हुआ।

### पृथ्वी शा की आकर्षक पारी से मुंबई को मिली जीत, यशस्वी जयसवाल का भी अर्धशतक

**नई दिल्ली।** अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में मुंबई ने विजय हजारे ट्राफी 2022 के एलीट ग्रुप ई के राउंड 5 मुकाबले में मिजोरम को 7 विकेट से हरा दिया। मुंबई की जीत में इस टीम के ओपनर बल्लेबाज पृथ्वी शा और यशस्वी जयसवाल के साथ-साथ अरमान जाफर की पारी का भी बड़ा योगदान रहा। इस मैच में मिजोरम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 188 रन बनाए थे, लेकिन मुंबई ने 22.5 ओवर में 3 विकेट पर 192 रन बनाकर मैच को 7 विकेट से जीत लिया। मिजोरम ने इस मैच में पहली बल्लेबाजी की थी और इस टीम ने अपने कप्तान तरुवर कोहली के 47 रन साथ ही श्रीवत्स गोस्वामी की शानदार 56 रन की अर्धशतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में 9 विकेट पर 188 रन ही बनाए। इन दोनों के अलावा टीम को अन्य कोई बल्लेबाज 20 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाया तो वहीं मुंबई की तरफ से रायस्टन डायस ने 10 ओवर में 30 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि तनुष कोटियान ने 10 ओवर में 28 रन देकर दो सफलता अर्जित की। इन दोनों के अलावा तुषार देशपांडे व मोहित अवस्थी ने एक-एक सफलता हासिल की।



# न्यूजीलैंड के इस बल्लेबाज ने कहा, मैं सपने में भी सूर्यकुमार यादव की तरह बल्लेबाजी नहीं कर सकता

**माउंट मोनगानुई।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स ने सूर्यकुमार यादव की तारीफ करते हुए शनिवार को कहा कि वह सपने में भी इस भारतीय दिग्गज की तरह शानदार शाट नहीं खेल सकते। सूर्यकुमार यादव टी20 रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष बल्लेबाज है और भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ जब यहां के बे ओवल मैदान पर उतरेगी तो उसके सामने ग्लेन फिलिप्स को रोकने की चुनौती होगी। ग्लेन फिलिप्स ने इसी मैदान पर 46 गेंद में शतक जड़ा चुके हैं और उनकी पहचान एक आक्रामक बल्लेबाज के तौर पर है।



फिलिप्स ने स्टफ डाट को डाट एनजेड से कहा कि सूर्यकुमार यादव बिल्कुल अविश्वसनीय है। वह जो चीजें करता है, मैं उसे करने का सपना भी नहीं देख सकता हूं। मुझे कोशिश करना अच्छा लगेगा लेकिन मेरा खेल उससे काफी अलग है। कलाई की ताकत से छक्का लगाने की क्षमता उन्हें खास बनाती है। उस जैसी प्रतिभा को आप शायद ही देखें। फिलिप्स ने कहा कि उनकी और सूर्यकुमार यादव के खेलने के तरीके से विरोधी गेंदबाजों को विकेट लेने का भी मौका अधिक मिलता है। उन्होंने कहा कि मेरे पास मेरी ताकत है और उसके पास उसकी अपनी ताकत है और हम अलग-अलग तरीकों से अपना काम करते हैं। जिस तरह से हम दोनों खेलते हैं उससे प्रतिद्वंद्वी टीम को हमें आउट करने का मौका भी मिलता है। यह टी20 के जोखिम और इनाम का हिस्सा है। सूर्यकुमार ने इस कैलेंडर वर्ष में 43 की औसत और 186 की शानदार स्ट्राइक-रेट के साथ टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 1040 रन बनाए है। वह इस साल इस प्रारूप के दुनिया के शीर्ष रन स्कोरर है। फिलिप्स आइसीसी बल्लेबाजों की सूची में आठवें स्थान पर हैं। उन्होंने इस दौरान 158 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 650 रन बनाए हैं। सूर्यकुमार यादव भारत की तरफ से टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में 1000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज भी हैं।

### कार्तिक ने पंत की बैटिंग पोजिशन को लेकर खोला राज, कहा- टी20 में इस स्थान पर बल्लेबाजी करना पसंद

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप खत्म होने के बाद भारत की बल्लेबाजी, गेंदबाजी को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। बल्लेबाजी क्रम को लेकर कई विशेषज्ञों ने अपनी राय दी है। ऐसे में दिनेश कार्तिक ने पंत को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। कार्तिक ने बताया कि टी20कमें रिषभ पंत किस स्थान पर बैटिंग करते हुए कंफर्टेबल रहता है। वेलिगंटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला टी20 रद्द होने के बाद कार्तिक ने क्रिकबज से बात की। कार्तिक से जब पंत की बल्लेबाजी क्रम को लेकर सवाल पूछा गया तो कार्तिक ने स्वीकार किया कि विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या जैसे बल्लेबाजों की वजह से पंत का टीम में फिट होना मुश्किल हो गया है। कार्तिक ने कहा, मध्य या डेथ ओवरों की तुलना में नई गेंद के खिलाफ पंत का करियर स्ट्राइक रेट कहीं बेहतर होता है और इसलिए भारत के लिए ओपनिंग करनी चाहिए। कार्तिक ने कहा, जब ऋषभ पंत की बात आती है, तो मुझे लगता है कि उन्होंने भारतीय टीम में, टेस्ट क्रिकेट में और काफी हद तक वनडे क्रिकेट में भी अपनी जगह पक्की कर ली है। टी20 में थोड़ा सा मुश्किल हो गया है। जब आपके पास विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या हैं, तो आप रिषभ पंत को 5 नंबर पर देख सकते हैं। हम जानतें हैं कि कोहली नंबर 3 पर क्या करते हैं, नंबर 4 पर सूर्यकुमार की बल्लेबाजी लाजवाब है, लेकिन इनकी गैर मौजूदगी में पंत को ओपनिंग करनी चाहिए। ***एजेंसी***

### टी20 वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड की आस्ट्रेलिया ने निकाली हवा, दूसरे वनडे में भी 72 रन से पीटा

**नई दिल्ली।** जोस बटलर की कप्तानी में इंग्लैंड की टीम आस्ट्रेलिया में 13 नवंबर को टी20 वर्ल्ड चैंपियन दूसरी बार बनी थी, लेकिन उसके ठीक बाद कंगारू टीम ने इंग्लिश टीम के जोश को पूरी तरह से ठंडा कर दिया। तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मैच में भी मेजबान आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड की टीम को हरा दिया और तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली साथ ही वनडे सीरीज भी जीत ली। इस मैच में इंग्लैंड के कप्तान मोइन अली तो वहीं आस्ट्रेलिया के कप्तान जोस हेजलवुड थे। इस मैच में आस्ट्रेलिया की टीम ने पहले बल्लेबाजी की थी और 50 ओवर में 8 विकेट पर 280 रन का स्कोर इंग्लैंड के सामने खड़ा किया था। कंगारू टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का बड़ा योगदान रहा जिन्होंने 94 रन की पारी खेली और अपने शतक से सिर्फ 6 रन से चूक गए तो वहीं स्मिथ को मार्नस लाबूशाने का साथ मिला जिन्होंने अपनी टीम को लिए 55 गेंदों पर 58 रन की बेहतरीन पारी खेली। इन दोनों के बाद निचले क्रम के बल्लेबाज मिचेल मार्श ने भी 50 रन की पारी खेलकर टीम को मजबूती प्रदान की।





फि नलैंड के 6 एर्नो जुहानी कोस्टामो (फ्रंट) ने मकाओ, दक्षिण चीन में 69वें मकाओ ग्रैंड प्रिक्स में 54वें मकाओ मोटरसाइकिल ग्रैंड प्रिक्स क्वालीफाइंग मैच के दौरान प्रतिस्पर्धा की।

### फुटबॉल वर्ल्ड कप में भारत की एंट्री! उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे देश का प्रतिनिधित्व

**नई दिल्ली।** फुटबॉल के महाकुंभ फीफा वर्ल्ड कप 2022 की शुरूआत 20 नवंबर से कतर में हो रही है। इस वैश्विक टूनार्मेंट में वैसे तो कुल 32 टीमें हिस्सा ले रही हैं। भारत की टीम इसका हिस्सा नहीं है फिर भी आप सोच रहे होंगे कि आखिर भारत की एंट्री कैसे होने वाली है? बताते हैं क्या है खबर। दरअसल भारतीय फुटबॉल टीम नहीं बल्कि भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 20 नवंबर को कतर में होने वाले टूनार्मेंट के उद्घाटन समारोह में शिरकत करेंगे। इस बात की जानकारी विदेश मंत्रालय ने भी दी है। आपको बता दें कि कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के निमंत्रण पर जगदीप धनखड़ 20-21 नवंबर को कतर का दौरा करेंगे। इसी दौरान फुटबॉल विश्व कप के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के अलावा उपराष्ट्रपति अपनी यात्रा के दौरान भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी मिलेंगे।



इटली के ट्यूरिन में टेनिस - एटीपी फाइनल्स में रूस के एंड्री रुबलेव ने ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास के खिलाफ अपने ग्रुप स्टेज मैच में जीत का जश्न मनाया।

# अब 'अटकाने, लटकाने और भटकाने' का युग चला गया

## पीएम मोदी ने ईटानगर में 'डोनी पोलो' एयरपोर्ट का किया उद्घाटन, साथ ही उन्होंने 600 मेगावाट 'कामेंग हाइड्रो पावर स्टेशन' को राष्ट्र को समर्पित कर दिया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को ईटानगर के होलांगी में अरुणाचल प्रदेश के पहले ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे 'डोनी पोलो' एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह के दौरान पीएम मोदी ने उड़ान ब्रोशर लॉन्च किया है। साथ ही उन्होंने 600 मेगावाट 'कामेंग हाइड्रो पावर स्टेशन' को राष्ट्र को समर्पित कर दिया है। साल 2019 में पीएम मोदी ने होलांगी में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण की आधारशिला रखी थी।




पीएम मोदी ने कहा कि आप जानते हैं कि हम एक कार्य संस्कृति लेकर आए हैं। जहां जिन परियोजनाओं का हमने शिलान्यास किया है, उनका उद्घाटन करते हैं। साथ ही कहा कि अब 'अटकाने, लटकाने और भटकाने' का युग चला गया है। डोनी पोलो हवाई अड्डे के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हमारा सपना था कि हमारे प्रदेश की राजधानी में एयरपोर्ट बने। आज पीएम मोदी के प्रयास से वह सपना साकार हो गया है। उन्होंने इस हवाई अड्डे के निर्माण के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए हैं।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार होलोंगी में टर्मिनल का निर्माण लगभग 955 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इसका क्षेत्रफल 4100 वर्ग मीटर है और इसकी अधिकतम क्षमता प्रति घंटे 200 यात्रियों को संभालने की है।

यह हवाई अड्डा अरुणाचल प्रदेश का पहला ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा है। इसे 640 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 690 एकड़ से अधिक क्षेत्र में बनाया गया है। 2,300 मीटर रनवे के साथ हवाई अड्डा सभी मौसम के संचालन के लिए उपयुक्त है।

***डोनी पोलो एयरपोर्ट अरुणाचल का तीसरा परिचलाचन हवाई अड्डा***

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि हवाई अड्डा टर्मिनल एक आधुनिक इमारत है। यह ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा और संसाधनों के रिसाइकल को बढ़ावा देती है। डोनी पोलो एयरपोर्ट अरुणाचल प्रदेश के लिए तीसरा परिचालन हवाई अड्डा होगा। इसके साथ ही देश के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में कुल हवाई अड्डों की संख्या को 16 हो जाएगी। 1947 से 2014 तक उत्तर-पूर्व में केवल नौ हवाई अड्डे बनाए गए थे। तब से आठ सालों की छोटी अवधि में मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर में सात हवाई अड्डे बनाए हैं।

***सूर्य और चंद्रमा से जुड़ा है इस एयरपोर्ट का नाम***

हवाई अड्डे का नाम अरुणाचल प्रदेश की परंपराओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सूर्य (डोनी) और चंद्रमा (पोलो) के प्रति इसकी सदियों पुरानी स्वदेशी श्रद्धा को दर्शाता है।

### सीनियर्स ने छात्रा से जबरन ...... कराया: 12 स्टूडेंट कॉलेज से निकाले गए, 5 अरेस्ट

**नई दिल्ली।** ओडिशा में एक कॉलेज में रैगिंग के नाम पर नाबालिग लड़की और लड़के को जबरन किस कराने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। इस मामले में पांच स्टूडेंट्स को हिरासत में लिया गया है। इनमें से दो नाबालिग हैं। मामला गंजम जिले के बिनायक एके-डमी कॉलेज बेरहामपुर का बताया जा रहा है। बेरहामपुर के एसपी सरबन विवेक एम ने बताया कि 5 स्टूडेंट को हिरासत में ले लिया है। उनके खिलाफ रैगिंग और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपी अंतिम वर्ष का छात्र अभिषेक नाहक है। उसकी उम्र 24 साल है। वीडियो में देखा जा सकता है कि सीनियर्स फर्स्ट ईयर की एक लड़की और लड़के को आपस में किस करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। एक सीनियर पास कुर्सी पर बैठा है, उसके हाथ में एक डंडा है। वो लड़के को थप्पड़ मार रहा है और मजबूर कर रहा है कि वह लड़की को किस करे। लड़का लड़की को किस करता है।

### फैंस को धक्का देने वाले बॉडीगार्ड पर जोर से चिल्लाई शहनाज गिल, जमकर लगाई क्लास



**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 13 में अपनी मासूमियत से दर्शकों को दिल जीतने वाली शहनाज गिल रातों-रात सोशल मीडिया पर सेंसेशन बन गईं। शहनाज के फैंस को उनकी सादगी भाती है और एक्ट्रेस भी कोई मौका नहीं छोड़ती सबका दिल जीतने में। हाल ही में वो एक कार्यक्रम के लिए दुबई में थीं। एक्ट्रेस को वहां उनके फैंस ने घेर लिया। हर कोई शहनाज के साथ एक तस्वीर क्लिक कराना चाहता था। इस दौरान कुछ ऐसा हुआ जिसके बाद लोग पंजाब की इस कटरीना कैफ की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। हुआ ये कि जब शहनाज के साथ तस्वीरें क्लिक करना के लिए फैंस की भीड़ बढ़ने लगी तो उनके बॉडीगार्ड्स परेशान हो गए। उन्होंने सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए लोगों को हटाना शुरू कर दिया। तभी एक फैन को धक्का लग गया और शहनाज गिल अपने बॉडीगार्ड पर बुरी तरह चिल्लाईं। उन्होंने फौरन दूर रहने के लिए कहा। एक्ट्रेस के फैंस को उनका ये एटीट्यूड काफी पसंद आया अब लोग उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है, जिसमें शहनाज का एक बॉडीगार्ड भीड़ को धक्का देते हुए दिखाई दे रहा है। शहनाज को एक फैन के साथ सेल्फी लेते हुए भी देखा जा सकता है और जब उनका बॉडीगार्ड उनके फैंस को धक्का देता है तो वह चिढ़ जाती हैं। वह गार्ड्स पर चिल्लाती है और उससे पूछती है कि क्या समस्या है, वो यहां आई ही इनके साथ फोटो क्लिक कराने के लिए हैं। *एजेंसी*

## खास खबर

### ममता बनर्जी 5 दिसंबर को आएंगी दिल्ली दौरे पर, ढट मोदी की बैठक में लेंगी हिस्सा

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाले देश की तैयारी प्रक्रिया पर चर्चा करने के लिए सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ 5 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से बुलाई गई बैठक में भाग लेंगी। राज्य सचिवालय के सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री इस अवसर पर प्रधानमंत्री के साथ एक अलग बैठक करने के लिए नई दिल्ली की अपनी यात्रा के मौके का इस्तेमाल कर सकती हैं, जहां वह पश्चिम बंगाल सरकार के लंबित केंद्रीय बकाए की मांगों को फिर से उठा सकती हैं। हालांकि, अलग से बैठक होगी या नहीं, इस पर अभी तक राज्य सचिवालय में कोई पुष्टि नहीं हुई है। कुछ महीने पहले ममता बनर्जी नई दिल्ली गई थीं, उन्होंने अपने समकक्ष अरविंद केजरीवाल के साथ एक अलग बैठक की और उनसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत माल और सेवा कर में राज्य की हिस्सेदारी और लंबित धनराशि के तहत दो प्रमुखों के तहत लंबित केंद्रीय बकाया राशि का अनुरोध किया।

### बर्फीले तूफान की चपेट में आने से सेना के तीन जवान शहीद, माछिल सेक्टर में हुआ हादसा

जम्मू-कश्मीर के माछिल इलाके में ड्यूटी के दौरान सेना के तीन जवान बर्फीले तूफान की चपेट में आ गए। तीनों जवान के शहीद होने की खबर है। सेना के तीनों जवान 56 राष्ट्रीय राइफल्स के थे। तीनों जवानों के शवों को निकाल लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। दरअसल, 12 जावा का एक लिंक पेट्रोल है जो नियंत्रण रेखा से एक या 2 किमी पहले पहुंचकर आगे की ओर जा रहा था। शुक्रवार सुबह 2:30 बजे हिमस्खलन हुआ और सेना की टुकड़ी हिमस्खलन की चपेट में आ गई। एक जवान की मौत हाइपोथर्मिया से हो गई और अन्य दो जवानों को हिमस्खलन के चलते अपनी जान गंवानी पड़ी।

## छत्रपति शिवाजी पुराने आदर्श, नितिन गडकरी नए

### भगत सिंह कोश्यारी के विवादित बोल



**मुंबई।** सावरकर पर राहुल गांधी की टिप्पणी पर मचे सियासी घमासान के बीच महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने छत्रपति शिवाजी महाराज पर विवादित बयान दिया है। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक, महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने शनिवार को कहा कि अगर कोई आपसे पूछता है कि आपका आदर्श कौन है, तो आपको उसे खोजने के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है, वे आपको यहीं महाराष्ट्र में मिल जाएंगे। छत्रपति शिवाजी महाराज अब एक पुरानी मूर्ति बन गए हैं, आप बाबा साहब अंबेडकर से लेकर नितिन गडकरी तक नए पा सकते हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में सावरकर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी के चौतरफा विरोध के बीच राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के छत्रपति शिवाजी महाराज पर विवादित बयान पर भी सियासत गरमा सकती है। कोश्यारी इससे पहले भी कई बार विवादित बयान दे चुके हैं।

अगस्त, 2022 में महाराष्ट्र के राज्यपाल को माफी मांगनी पड़ गई थी। दरअसल, राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने मारवाड़ी समाज के कार्यक्रम में कहा था कि महाराष्ट्र से, खासतौर से मुंबई और ठाणो से गुजराती और राजस्थानी समाज के लोग दूर जाने का फैसला कर लें तो यहां का सारा पैसा खत्म हो जाएगा और मुंबई देश की आर्थिक राजधानी रह ही नहीं जाएगी। कोश्यारी का यह बयान गुजराती और राजस्थानी समाज के व्यावसायिक कौशल की तारीफ करने के लिए था, लेकिन शिवसेना ने राज्यपाल के बयान को राजनीतिक मुद्दा बना दिया था।

### गाजियाबाद के कौशाम्बी रेडिसन ब्लू के मालिक ने दिल्ली खेल गांव के फ्लैट में की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** गाजियाबाद के कौशाम्बी रेडिसन ब्लू के मालिक अमित जैन ने खेल गांव स्थित घर पर की आत्महत्या। कारोबार में घाटा बताई जा रही है वजह। मंडावली थाना पुलिस को आज दोपहर सूचना मिली थी कि खेल गांव में अपने फ्लैट पर अमित जैन ने खुदकुशी कर ली है। पुलिस ने जैन को अचेत हालत में पटपड़गंज मैक्स अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिल्ली पुलिस शव को कब्जे में लेकर एलबीएस अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजेगी। रविवार सुबह पोस्टमार्टम होगा। दरअसल, मंडावली थाना पुलिस को शनिवार दोपहर 12:30 बजे सूचना मिली थी कि खेल गांव में अपने फ्लैट पर अमित जैन नेआत्महत्या कर ली है। दिल्ली पुलिस शव को कब्जे में लेकर एलबीएस अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजेगी। पुलिस का कहना है कि अमित जैन का रविवार सुबह पोस्टमार्टम होगा। आत्महत्या की वजह के पीछे कारोबार में घाटा होना बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## कुछ देशों और उनकी एजेंसियों ने आतंकवाद को अपनी राष्ट्र नीति बनाया

### 'नो मनी फॉर टेरर' के समापन सत्र में अमित शाह ने पाकिस्तान पर साधा निशाना




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक कार्यक्रम के दौरान आतंकवाद को सबसे बड़ा खतरा बताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र, मानवाधिकार, आर्थिक प्रगति और विश्व शांति के लिए आतंक एक गंभीर खतरा है। शाह तीसरे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन 'नो मनी फॉर टेरर' के समापन सत्र में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि, आतंकवाद का सामना करने के लिए पूरे विश्व को कंधे से कंधा मिलाकर काम करना होगा।

सम्मेलन के दौरान शाह ने कहा कि, कोई भी देश अकेले आतंकवाद को नहीं हरा सकता है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के खिलाफ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ना जारी रखना चाहिए। इस दौरान पाकिस्तान का नाम लिए बिना पड़ोसी देश पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि कुछ देशों और उनकी एजेंसियों ने आतंकवाद को अपनी राज्य नीति बना लिया है। कुछ देश बार-बार आतंकवादियों और आतंकवाद को पनाह देने वालों का समर्थन करते रहे हैं। आतंकवाद की कोई अंतरराष्ट्रीय सीमा नहीं होती, इसलिए सभी देशों को राजनीति से परे सोचना चाहिए और एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए।

अमित शाह ने आतंकवाद को हराने के लिए विश्व समुदाय के बीच खुफिया जानकारी साझा करने में पारदर्शिता रखने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि, हमारी पहली प्रतिबद्धता पारदर्शिता के साथ सहयोग की होना चाहिए। सभी देशों, सभी संगठनों को बेहतर और प्रभावी तरीके से खुफिया जानकारी साझा करने में पूरी पारदर्शिता का संकल्प लेना चाहिए। युवाओं के बीच कट्टरता को बढ़ावा देने वाले एक संगठन के खिलाफ भारत द्वारा की गई कार्रवाई का हवाला देते हुए गृह मंत्री ने कहा कि हर देश को ऐसे संगठनों की पहचान करनी चाहिए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें आतंकवाद और आतंकवादी समूहों के खिलाफ यह युद्ध हर क्षेत्र में लड़ना है। शाह ने कहा कि, आतंकवाद से लड़ने का दृष्टिकोण पांच स्तंभों पर आधारित होना चाहिए। जिसमें व्यापक निगरानी ढांचा, सभी खुफिया और जांच एजेंसियों के बीच सहयोग, समन्वय और सहयोग शामिल है। साथ ही ट्रेस, टार्गेट और टर्मिनेट की रणनीति भी अपनाई जानी चाहिए। *एजेंसी*

## रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

### कहा- उनके अतुलनीय योगदान को कभी नहीं भूला जा सकता



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटिश सेना के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाली झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्र के लिए उनके साहस और अतुलनीय योगदान को कभी भी भूलाया नहीं जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर कहा, 'रानी लक्ष्मीबाई को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं। हमारे राष्ट्र के लिए उनकी प्रतिष्ठा और महत्वपूर्ण योगदान को कभी नहीं भूलाया जा सकता। वह औपनिवेशिक शासन के उनके प्रभाव के विरोध के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।'

साथ ही पीएम मोदी ने ट्विटर पर कुछ फोटो भी साझा की हैं। पिछले साल इसी दिन लक्ष्मीबाई की जयंती मनाने के दौरान वह झांसी दौरे पर थे। इन फोटो में पीएम मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल दिखाई दे रहीं हैं। बता दें कि लक्ष्मीबाई औपनिवेशिक शासन के खिलाफ 1857 के विद्रोह की लड़ाई में शामिल हुईं थीं। 1857 की लड़ाई भारत की स्वतंत्रता के पहले युद्ध के रूप में भी जाना जाता है। रानी लक्ष्मीबाई ने अपने राज्य पर कब्जा करने के प्रयासों का विरोध करने के लिए ब्रिटिश सेना से बहादुरी से लड़ते हुए अपने जीवन का बलिदान कर दिया था।

## पाकिस्तान का हिस्सा नहीं बनकर आज खुश हैं, भगवान राम पर भी दिए विचार

### नेशनल कांफ्रेंस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि हमने कभी पाकिस्तान से हाथ नहीं मिलाया



**जम्मू।** नेशनल कांफ्रेंस के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि हमने कभी पाकिस्तान से हाथ नहीं मिलाया। जिन्ना मेरे पिता से मिलने आए थे, लेकिन हमने उनसे हाथ मिलाने से इन्कार कर दिया। हम इसके लिए खुश हैं। क्योंकि पाकिस्तान में लोग आज सशक्त नहीं हैं। डा. फारूक जम्मू से करीब 25 किलोमीटर दूर अखनूर में एक फैक्टरी के उद्घाटन के मौके पर आयोजित सभा में कही। पूर्व मुख्यमंत्री डा. फारूक ने यह भी कहा कि जम्मू कश्मीर व लद्दाख फिर से एक होंगे और जम्मू कश्मीर फिर से संपूर्ण राज्य बनेगा। उन्होंने जम्मू कश्मीर से राज्य का दर्जा छीन कर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने पर रोष भी जताया। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में लोग जल्द चुनाव चाहते हैं ताकि उनकी चुनी हुई सरकार हो। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि इस समय महंगाई चरस सीमा पर है। महंगाई पर किसी का नियंत्रण नहीं है। फल, सब्जियों, गैस सिलेंडर के दाम लगातार बढ़ रहे है। महंगाई से भी लोग परेशान हैं। हम भी चाहते हैं कि जम्मू कश्मीर में जल्द चुनाव हों। लोगों का अपना विधायक हो जो उनकी सुने। फारूक ने कहा कि विधायक भी लोगों के संपर्क में रहते है। उन्हें अगली बार भी चुनाव जीतना होता है। उन्होंने कहा कि इस समय जम्मू कश्मीर में नौकरशाही हावी है। बाबू लोग लोगों की सुनते नहीं हैं और लोगों के काम नहीं हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब वर्ष 1996 में नेकां दोबारा सत्ता में आई तो कौन था यहां। यहां हर समय बंदूकें चलती थीं। हमने इस जमायत को संभाला। स्कूल बंद थे, पुल नहीं थे। हर चीज खत्म हो चुकी थी। हमने दोबारा इस रियासत को वापस ट्रैक पर लगाया। हम इस रियासत को दोबारा मजबूत करेंगे और इसे देश के साथ चलाएंगे। जम्मू कश्मीर में चुनाव को लेकर डा. फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि वह विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। भगवान राम और सीता इन दिनों देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस पर भी फारूक ने संक्षिप्त में अपनी बात कही। भगवान राम का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री डा. फारूक ने कहा कि वह सिर्फ हिंदूओं के नहीं, बल्कि सबके भगवान हैं। भगवान राम पूरे विश्व के राम हैं। *एजेंसी*

## रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के कारण भोजन, ऊर्जा संकट से जूझ रही दुनिया

### भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने जाहिर की चिंता



**हैदराबाद।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार को कहा कि पूरी दुनिया यूरोप में हो रहे युद्ध के कारण नई चुनौतियों का सामना कर रही है। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के कारण दुनिया को गंभीर भोजन और ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक के आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग के वार्षिक अनुसंधान सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी ने बिग डाटा का पता लगाने, इसका उपयोग करने और घर से काम करने के दौरान प्रत्यक्ष प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करने का अवसर पैदा किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने नीति-निर्माण के लिए नए शोध मुद्दे और विश्लेषणात्मक चुनौतियों को सामने रखा है। कोरोना महामारी के कारण मांग और आपूर्ती को झटका लगा है। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी की पहली लहर के दौरान सबसे बड़ी चुनौती ऊं डेटा कलेक्शनऔर डेटा में संबद्ध सांख्यिकीय ब्रेक थी। महामारी के दूसरे लहर के दौरान लक्षित नीतिगत हस्तक्षेपों को डिजाइन करने के लिए क्षेत्र स्तर के तनाव पर जानकारी एकत्र करना और भी महत्वपूर्ण हो गया था। आरबीआई गवर्नर दास ने कहा, 'महामारी की तीसरी लहर के कारण दुनिया की अर्थव्यवस्ता पूरी तरह से सामान्य होने वाली थी ठीक उसी दौरान यूरोप में युद्ध अपने साथ नई चुनौतियां लेकर आ गया। इस युद्ध के कारण दुनिया को गंभीर खाद्य और ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ रहा है। तेजी से बदल रहे भू-राजनीतिक के कारण अर्थव्यवस्था के लिए नया जोखिम सामने उभरा है।'

## आफताब का 18 अक्टूबर का सीसीटीवी फुटेज मिला: सुबह 4 बजे 3 बार बैग ले जाते दिखा, महरौली फ्लैट से श्रद्धा के कपड़े बरामद

### श्रद्धा ने नवंबर 2020 में किया था आफताब पर केस

**नई दिल्ली।** श्रद्धा मर्डर केस में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस के हाथ 18 अक्टूबर का सीसीटीवी फुटेज लगा है। इसमें सुबह चार बजे आफताब बैग ले जाते हुए देखा गया। पुलिस को शक है कि वह श्रद्धा के बॉडी के टुकड़ों को फेंकने गया था। क्लिप में दिख रहा है कि आफताब ने उस रात तीन चक्कर लगाए थे। वहीं, दिल्ली पुलिस ने महरौली वाले फ्लैट से सारे कपड़ों को जब्त कर लिया है। इनमें श्रद्धा के कपड़े भी शामिल हैं। इन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। हालांकि, पुलिस ने कहा कि वारदात वाले दिन दोनों ले जो कपड़े पहने थे, वो अभी तक नहीं मिल पाए हैं। सबूतों का पता लगाने के लिए



महरौली के जंगल में दिल्ली पुलिस का तलाशी अभियान लगातार छठे दिन भी जारी है। आफताब का नार्को टेस्ट किया जाएगा। दिल्ली पुलिस ने श्रद्धा के दोस्त राहुल और गॉडविन से मुंबई में पूछताछ की। श्रद्धा के कपड़े, मोबाइल और मर्डर वेपन तलाशने के लिए दिल्ली पुलिस की एक टीम हिमाचल प्रदेश की पार्वती घाटी के तोष गांव गई है।

आफताब को लेकर दिल्ली पुलिस गुरुग्राम के डीएलएफ फेज 2 में पहुंची, जहां मेटल डिटेक्टर के जरिए छानबीन की गई। श्रद्धा के दोस्त गॉडविन से आज पुलिस ने पूछताछ की। पूछताछ के बाद गॉडविन ने मीडिया को बताया- आफताब ने नवंबर 2020 में श्रद्धा के साथ मारपीट की थी। श्रद्धा उस समय कॉल सेंटर में काम करती थी। मेरा भाई भी उसके साथ काम करता था। श्रद्धा ने बॉस को अपनी परेशानी बताई तो उन्होंने मेरे भाई से उसकी मदद करने को कहा। भाई के कहने पर मैं श्रद्धा को लेकर नालासोपारा के तुलिंज पुलिस स्टेशन गया था और आफताब के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद आफताब ने ड्रामा किया कि श्रद्धा अगर शिकायत वापस नहीं लेगी तो वह आत्महत्या कर लेगा। इस पर श्रद्धा ने केस वापस ले लिया था।

***श्रद्धा ने अपने पूर्व मैनेजर को बताया था- आफताब पीटता है***

श्रद्धा की अपने पूर्व मैनेजर करण भक्की के साथ 2020 में की गई चैट भी सामने आई। इसमें श्रद्धा ने उसके साथ हुई मारपीट का जिक्र किया है। चैट में श्रद्धा कह रही है- इतनी चोट लगी है कि बिस्तर से उठने की ताकत नहीं है। आज मैं काम पर नहीं आ पाउंगी। मुझे लग रहा है कि मेरा ब्लड प्रेशर लो है और शरीर में दर्द हो रहा है। इसमें श्रद्धा एक व्यक्ति का जिक्र करते हुए कह रही है कि मुझे यह तय करने की जरूरत है कि वह आज यहां से चला जाए। *एजेंसी*

### शीतकाल के लिए बंद हुए भगवान बदरीनाथ के कपाट, घृत कंबल ओढ़ाकर संपन्न की गई पूजा

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में स्थित भगवान बद्री विशाल का धाम बदरीनाथ धाम के कपाट आज शनिवार दोपहर बंद हो गए। धाम के कपाट आज दोपहर 3:35 पर शीतकाल के लिए बंद हो गए। अब अगले लगभग 6 महीनों तक भगवान बदरीनाथ की पूजा पांडुकेश्वर और जोशीमठ में संपन्न होगी। बदरीनाथ धाम के सिंह द्वार को गेंदे के फूलों से सजाया गया। शुक्रवार को बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के दौरान पंच पूजाओं के चौथे दिन माता लक्ष्मी की पूजा के साथ पूजा संपन्न हुई। पूजा के दौरान कढ़ाई भोग अर्पित किया गया। शनिवार को मुख्य पुजारी ईश्वरी प्रसाद नंबूदरी स्त्री वेश धारण कर माता लक्ष्मी की प्रतिमा को बदरीनाथ धाम के गर्भगृह में प्रतिष्ठापित किया और उद्धव व कुबेर जी की प्रतिमा को मंदिर परिसर में लाया गया। इसके साथ ही माणा गांव की महिला मंगल दल की महिलाओं की ओर से तैयार किए गए घृत कंबल को भगवान बदरीनाथ को ओढ़ाया गया।



## यूक्रेन से जंग के बीच पुतिन ने तैनात किया 'खतरनाक बम', जो इंसान को भी बना देता है भाप

यूक्रेन और रूस के बीच जंग और खतरनाक हो रही है। इसी बीच यूक्रेन में रूस अब ऐसे बमों और मिसाइलों का इस्तेमाला कर रहा है जो इंसानों को भाप बना देता है। यूक्रेन में अब रूसी सेनाएं ऐसे बम और मिसाइलें गिरा रही हैं, जो इंसानों को भाप बना दे। ये बम बंकर को बर्बाद कर देते हैं, टैंक को राख कर देते हैं। इन बमों को पूअर मैन्स न्यूक या पूअर मैन न्यूक्लियर वेपन कहा जाता है। ये असल में थर्मोबेरिक फ्लेमथ्रोअर होते हैं। यानी ऐसे हथियार जो ब्लास्ट के साथ ही अत्यधिक ज्यादा गर्मी पैदा करते हैं। इनके फटने से तेज शॉकवेव भी निकलती है। रूस के पास जो थर्मोबेरिक फ्लेमथ्रोअर हैं, उनका नाम टीओएस-1ए सोइनटसिपेक हैवी थर्मोबेरिक फ्लेमथ्रोअर है। ये हथियार किसी भी तरह की किलेबंदी को ध्वस्त कर सकते हैं। बख्तरबंद वाहन या बंकर को उड़ा सकते हैं। इतना ही नहीं सैनिकों के ऊपर गिर जाएं तो सिर्फ कंकाल ही मिले। पूरी दुनिया में थर्मोबेरिक वेपन सबसे पुराने, घातक और पारंपरिक हथियारों में से एक हैं। इन्हें गरीब आदमी का परमाणु बम कहा जाता है। रूस का टीओएस-1 थर्मोबेरिक हथियार 220 मिमी के 30 बैरल वाली एक आर्टिलरी गन है। इसमें से रॉकेट या टी-72 टैंक के गोलों के जरिए इन हथियारों को कहीं भी गिराया जा सकता है। इन हथियारों की रेंज 6 से 10 किलोमीटर है। ये जहां विस्फोट करते हैं वहां पर 1000 फीट के दायरे में कुछ भी साबुत नहीं बचता। ब्लास्ट के बाद जो शॉकवेव निकलती है, वो सैनिकों के फेफड़ों को फाड़ देती है। इसके बाद 3000 डिग्री सेल्सियस का तापमान। यानी बॉडी का कोई भी हिस्सा सेकेंड्स में जलकर राख हो जाता है।

# बीते सप्ताह शेयर बाजार में हल्की गिरावट रही

## सेंसेक्स 87.12 अंक टूटकर 61,663.48 पर बंद




**मुंबई।** बीते सप्ताह वैश्विक बाजारों में सुस्त रुख और वाहन, वित्त तथा ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार में हल्की गिरावट दर्ज की गई। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि घरेलू मोर्चे पर कोई खास हलचल नहीं होने के कारण स्थानीय बाजार अब भविष्य की दिशा के लिए वैश्विक रुझान पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। विकसित देशों के बाजारों में नकारात्मक रुझान और अमेरिकी केंद्रीय बैंक की आक्रामक टिप्पणियों ने दुनिया भर में चल रहे सकरात्मक रुझानों को प्रभावित किया है। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 131.56 अंक (0.21 प्रतिशत) तथा निफ्टी में 42.05 अंक (0.22 प्रतिशत) की गिरावट रही। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच बीते सप्ताह सोमवार को बीएसई का 30 शेयरों का सूचकांक सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 92.98 अंक चढ़कर 61,888.02 पर खुला और 170.89 अंक की गिरावट के साथ 61,624.15 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 44.4 अंक की बढ़त के साथ 18,394.10 पर खुला और 20.55 अंक की मामूली गिरावट के साथ 18,329.15 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स कारोबार के शुरूआती दौर में 158.85 अंक चढ़कर 61,783 पर खुला और 248.84 अंक चढ़कर 61,872.99 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 37.10 अंक की गिरावट के साथ 18,292.05 पर खुला और 74.25 अंक की मजबूती के साथ 18,403.40 पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 164.36 अंक गिरकर 61,708.63 पर खुला और 107.73 अंक की बढ़त के साथ 61,980.72 पर बंद हुआ। निफ्टी 44.4 अंक गिरकर 18,359 पर खुला और 6.25 अंक की तेजी के साथ 18,409.65 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 211.76 अंक गिरकर 61,768.96 पर खुला और 230.12 अंक टूटकर 61,750.60 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 57.95 अंक गिरकर 18,351.70 पर खुला और 65.75 अंक की गिरावट के साथ 18,343.90 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 179.28 अंक चढ़कर 61,929.88 पर खुला और 87.12 अंक (0.14 प्रतिशत) टूटकर 61,663.48 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 20.25 अंक की गिरावट के साथ 18,323.65 पर खुला और निफ्टी 36.25 अंक (0.20 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 18,307.65 पर बंद हुआ।

### तीन महीने बाद सोने के दाम में सबसे अधिक गिरावट



**नई दिल्ली।** सोने के भाव में पिछले कुछ दिनों से लगातार कमजोरी देखी जा रही है। अगर साप्ताहिक आधार पर देखें तो घरेलू बाजारों में सोने की कीमतों में लगातार तीसरे हफ्ते बढ़त दर्ज की गई, लेकिन शुक्रवार को इसमें तेज गिरावट आई। 3 महीने के उच्च स्तर का पहुंचने के बाद सोना अपनी ताकत बरकरार नहीं रख सका और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में लगभग 1.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ सप्ताह का समापन किया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का दिसंबर वायदा कारोबार शुक्रवार को 194 प्रति 10 ग्राम कम होकर 52,649 के स्तर पर समाप्त हुआ।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 544 अरब डॉलर के पार



**नई दिल्ली।** देश के विदेशी मुद्रा भंडार में बीते 11 नवंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान एक साल से ज्यादा की सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही विदेशी मुद्रा भंडार 544 अरब डॉलर के पार चला गया। भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार 11 नवंबर 2022 को समाप्त सप्ताह के दौरान देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 14.73 अरब डॉलर की वृद्धि रही है। इसके साथ ही अब देश का विदेशी मुद्रा भंडार 544.72 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। विदेशी मुद्रा भंडार में अगस्त 2021 के बाद यह सबसे ज्यादा वृद्धि रही है। बीते चार नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 529.99 अरब डॉलर था। 2022 की शुरूआत में देश का विदेशी मुद्रा भंडार करीब 630 अरब डॉलर था। तब से रुपए में गिरावट का माहौल है। इस साल की शुरूआत में विदेशी मुद्रा भंडार संतोषजनक स्तर पर था लेकिन इसी साल रुपए के मूल्य में गिरावट भी देखने को मिली। इसी गिरावट को रोकने के लिए रिजर्व बैंक को डॉलर खुले बाजार में बेचना पड़ रहा है। इसका असर दिखा और बीते सितंबर के मध्य के बाद रुपया पहली बार डॉलर के मुकाबले 80 के स्तर के करीब पहुंचा।

रिजर्व बैंक के अनुसार आलोच्य सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा आस्तियों में 11.8 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है। अब यह 482.53 अरब डॉलर पहुंच गई हैं। विदेशी मुद्रा भंडार में एफसीए की सबसे बड़ी हिस्सेदारी होती है। आरबीआई के मुताबिक बीते 11 नवंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान देश के स्वर्ण भंडार में भी बढ़ोतरी हुई। इस सप्ताह यह 2.64 अरब डॉलर बढ़कर 39.70 अरब डॉलर पहुंच गया।

### एचसीएल मलंजखंड में उत्पादन बढ़ाने 350 करोड़ करेगी खर्च

**कोलकाता।** हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) मध्य प्रदेश की मलंजखंड परियोजना से तांबा अयस्क का उत्पादन 22 लाख टन करने जा रही है। इसकी की मौजूदा उत्पादन क्षमता 16 लाख टन है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अगले छह से सात वर्षों में इस परियोजना से उत्पादन की क्षमता को बढ़ाकर 50 लाख टन किया जाएगा। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी चालू वित्त वर्ष में 350 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इसमें से 250 करोड़ रुपए का खर्च मलंजखंड परियोजना के लिए किया जाएगा। एचसीएल झारखंड सरकार से राखा खानों को फिर से खोलने के लिए पट्टे के नवीनीकरण का भी इंतजार कर रही है, जो परिचालन कारणों से 2001-02 में बंद कर दी गई थी। एचसीएल निदेशक मंडल के एक सदस्य ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के लिए हमारा पूंजीगत व्यय 350 करोड़ रुपए है और हम इससे अधिक होने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुर्गम इलाके के कारण मलंजखंड परियोजना से उत्पादन में कमी है, लेकिन इस साल यह आकार में आ जाएगा।

## यूनियन बैंक का मल्टीबैगर स्टॉक तीन साल के रिकॉर्ड स्तर पर, स्टॉक ने 6 महीने में निवेशकों के डबल किए पैसे



**नई दिल्ली।** सितंबर तिमाही के शानदार नतीजों के बाद से ही यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शेयर में शुक्रवार को भी तेजी रही। कल यह मल्टीबैगर स्टॉक बीएसई पर 5.5 फीसदी की उछाल के साथ 74.45 रुपए के भाव पर पहुंच गया और यह इसका 3 साल का रिकॉर्ड स्तर है। इससे पहले जुलाई 2019 में बैंक के शेयर इस स्तर पर कारोबार कर रहे थे। पिछले 6 महीनों में इस शेयर में 108 फीसदी का उछाल आया है। इस तरह यह इस अवधि में निवेशकों के पैसे को डबल कर चुका है। यूनियन बैंक ने पिछले महीने 20 अक्टूबर अपने सितंबर तिमाही के नतीजे जारी किए थे। उसके बाद से ही इस शेयर को पंख लगे हुए हैं। एक महीने में ही यह शेयर करीब 60 फीसदी चढ़ चुका है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मार्केट वैल्यू शुक्रवार 18 सितंबर को 50,000 करोड़ रुपए को पार कर गई।

सितंबर तिमाही में यूनियन बैंक का मुनाफा सालाना आधार पर 21.07 फीसदी बढ़कर 1,848 करोड़ रुपए रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 1,526 करोड़ रुपए रहा था। बैंक शुद्ध ब्याज आय सितंबर तिमाही में 21.61 फीसदी बढ़कर 8,305 रुपए हो गई और बैंक का नेट इंटरेस्ट मार्जिन सितंबर तिमाही में 2.95 फीसदी रहा। बैंक की नॉन-इंटरेस्ट इनकम इस दौरान 17.65 फीसदी गिरकर 3,276 करोड़ रुपए रह गई। यूनियन बैंक का एसेट क्वालिटी सितंबर तिमाही में बेहतर हुआ। बैंक का नेट एनपीए भी सितंबर तिमाही में घटकर 2.64 फीसदी रहा। यूनियन बैंक के नतीजों के बाद अधिकतर विशेषज्ञों ने इस शेयर में तेजी आने की भविष्यवाणी की थी। तिमाही नतीजों के बाद मोतीलाल ओसवाल ने इस शेयर के लिए 65 रुपये का टार्गेट प्राइस के साथ इस स्टॉक को बाय रेटिंग दी थी। अब यह टारगेट पूरा हो गया है। यूनियन बैंक उन शेयरों की लिस्ट में शामिल हो गया है, जिन्होंने पिछले 6 महीनों में अपने निवेशकों के पैसे डबल कर दिए हैं। यूनियन बैंक ने 6 महीनों में निवेशकों को 108 फीसदी का रिटर्न दिया है। एक महीने में यह शेयर 60 फीसदी चढ़ चुका है तो साल, 2022 में अब तक इस शेयर ने 67.38 फीसदी मुनाफा निवेशकों को दिया है। यू?नियन बैंक के शेयर शुक्रवार को एनएसई पर 5.20 फीसदी की बढ़त के साथ 73.90 रुपए के भाव पर बंद हुए हैं।

### अब जोमैटो में छंटनी शुरू !

**गुड़गाँव।** फूड एग्रीगेटर कंपनी जोमैटो ने भी अब छंटनी का रास्ता अपना लिया है। मंदी के मौजूदा चुनौतीपूर्ण माहौल में कंपनी को मुनाफे में लाने और इसकी लागत कम करने के लिए ये छंटनी की जा रही है। सूत्रों के अनुसार इसी हफ्ते में जोमैटो ने लोगों को नौकरी से निकालने का काम शुरू कर दिया है। पहले ही कंपनी के तीन शीर्ष अधिकारी जोमैटो से अलग हो चके है। एक रिपोर्ट के दावा किया है छंटनी का असर 100 कर्मचारियों पर आ भी चुका है। ये कर्मचारी कंपनी के अलग-अलग फंक्शन्स से जुड़े हुए हैं। जोमैटो की कुल वर्कफोर्स में से 4 फीसदी लोगों को नौकरी से निकालने की योजना है। जोमैटो के को-फाउंडर मोहित गुप्ता ने हल में कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। इन्हें मिलाकर पिछले तीन हफ्तों में कंपनी के तीन टॉप अधिकारी जोमैटो से बहार हो चुके हैं। मोहित गुप्ता के अलावा न्यू इनीशिएटिव हेड राहुल गन्जू और इंटरसिटी हेड सिद्धार्थ झेवर ने पहले ही कंपनी छोड़ दी थी। अंदेशा है कि कंपनी में सीनियर मैनेजमेंट स्तर पर कुछ दिक्कतें हैं और ये छंटनी की खबरें इन संकेतों को पुख्ता कर रही हैं।

## टाटा मेटा-ट्विटर से निकाले गए कर्मचारियों को नौकरी देगी



**नई दिल्ली।** ट्विटर और मेटा जैसी बड़ी सोशल मीडिया कंपनियों में छंटनी का दौर जारी है। इस बीच मेटा और ट्विटर से निकाले गए कर्मचारियों के लिए टाटा मोटर्स अपनी ब्रिटिश सब्सिडियरी जगुआर लैंड रोवर ने कहा है कि वो मेटा-ट्विटर से निकाले गए कर्मचारियों को अपने यहां नौकरी देगी। इन कर्मचारियों को डिजिटल और इंजीनियरिंग सर्विस में नौकरी दी जाएगी। जगुआर लैंड रोवर यूके, अमेरिका, आयरलैंड, इंडिया, चीन और हंगरी जैसे देशों में कुल 800 लोगों को नौकरी देगी। कंपनी का कहना है ?कि वो टेक कंपनियों से निकाले गए कर्मचारियों को ऑटोनोमस ड्राइविंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रिफिकेशन, क्लाउड सॉफ्टवेयर, डेटा साइंस और मशीन लर्निंग सेक्टर्स के तहत नौकरी देगी। फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने लगभग 11,000 कर्मचारियों की छंटनी की है। कंपनी के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने हाल ही में कर्मचारियों को लिखे पत्र में कहा कि कमाई में गिरावट और टेक इंडस्ट्री में जारी संकट के चलते यह फैसला करना पड़ा। छंटनी के बारे में जुकरबर्ग ने था कि दुर्भाग्य से यह मेरी अपेक्षा के अनुरूप नहीं हैं। वहीं केंद्रीय दूरसंचार और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में कहा था कि भारत में आईफोन बनाने के लिए एप्पल का सबसे बड़ा कारखाना बेंगलुरु में होसुर के पास स्थापित किया जा रहा है। इस कारखाने में करीब 60 हजार लोग काम करेंगे।

### नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट ने आईपीओ के लिए सेबी के पास दस्तावेज दाखिल किए

**मुंबई।** वैश्विक निवेश फर्म ब्लैकस्टोन प्रायोजित नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट ने भारत का पहला खुदरा रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (आरईआईटी) सार्वजनिक निर्गम पेश करने और करीब 50 करोड़ डॉलर जुटाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं। नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट के पास 14 प्रमुख शहरों में 17 शॉपिंग मॉल का पोर्टफोलियो है, जो लगभग एक करोड़ वर्ग फुट क्षेत्र में हैं और जिसका मूल्य लगभग तीन अरब डॉलर है।सूत्रों के अनुसार, नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट ने सेबी के पास मसौदा दस्तावेज जमा कराए हैं। यह 2023 कैलेंडर वर्ष की पहली छमाही में देश के पहले खुदरा आरईआईटी सार्वजनिक निर्गम के साथ पूंजी बाजार में प्रवेश करना चाहता है। उन्होंने कहा कि नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट-आरईआईटी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का आकार करीब 50 करोड़ डॉलर होगा।

## कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, देश के कई राज्यों में सस्ता हुआ पेट्रोल



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में शनिवार को गिरावट देखने को मिल रही है। ब्रेंट क्रूड 2.16 डॉलर लुढ़कर 87.62 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं डब्ल्यूटीआई 1.56 डॉलर गिरकर 80.08 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव हुआ है। राजस्थान में 0.68 रुपए सस्ता होकर पेट्रोल 108.20 रुपए प्रति लीटर और डीजल 0.61 रुपए घटकर होकर 93.47 रुपए पर पहुंच गया है। महाराष्ट्र में पेट्रोल 0.41 रुपए घटकर 106.21 रुपए प्रति लीटर और डीजल 0.40 रुपए की गिरावट के साथ 92.73 रुपए का हो गया है। उधर झारखंड में पेट्रोल की कीमत 0.55 रुपए घटकर 100.21 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 95.00 रुपए हो गई है। हिमाचल में पेट्रोल 0.35 रुपए महंगा होकर 95.93 रुपए प्रति लीटर और डीजल 0.31 रुपए बढ़कर 82.15 रुपए पर पहुंच गया है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, गुजरात व गोवा में ईंधन थोड़ा सस्ता हुआ है। देश के 4 महानगरों में पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपए और डीजल 89.96 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर है।

## भारत में चलेंगे हाइड्रोजन फ्यूल से वाहन, टाटा मोटर्स ने अमेरिकी कंपनी से मिलाया हाथ



**नई दिल्ली।** आने वाले समय में स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स देश में हाइड्रोजन फ्यूल से चलने वाले वाहन लॉन्च कर सकती है। इसके लिए टाटा कंपनी ने यूएस-लिस्टेड कमिंस इंक से हाथ मिलाया है। अमेरिकी कंपनी कमिंस इंक ने कहा कि उसने भारत में कमर्शियल ऑटोमोबाइल के लिए हाइड्रोजन से चलने वाले आंतरिक दहन इंजन, फ्यूल सेल और बैटरी इलेक्ट्रिक व्हीकल सिस्टम डेवलप करने के लिए टाटा मोटर्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

टाटा मोटर्स समेत कई वाहन निमार्ता तेजी से पेट्रोल-डीजल का विकल्प तलाश रहे हैं। यह कंपनियां जल्द ही जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। भारत ने 2070 तक जीरो कार्बन एमिशन का लक्ष्य रखा है। भारत कमिंस के हाइड्रोजन इंजन प्राप्त करने वाले पहले बाजारों में से एक होगा। भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रिक-वाहन निमार्ताओं में से एक टाटा ने सितंबर में देश की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कार लॉन्च की है।टाटा मोटर्स ने हाल ही में अपने यात्री वाहनों की कीमतों में 0.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है।

कंपनी की ओर से जारी एक बयान में अपने वाहनों की कीमत बढ़ाने की घोषणा की थी। वाहनों के मॉडल के आधार पर कीमतों में वृद्धि अलग-अलग की गई है। औसत कीमत वृद्धि 0.9 प्रतिशत हुई है। नई दरें 7 नवंबर से लागू हो गई हैं।टाटा मोटर्स ने कहा कि वह वाहन निर्माण की बढ़ी हुई लागत के बड़े हिस्से का बोझ खुद उठाती रही है, लेकिन इनपुट लागत में तीव्र वृद्धि होने से उसे इसका कुछ बोझ उपभोक्ताओं पर डालने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

टाटा मोटर्स इस समय टियागो, पंच, नेक्सॉन, हैरियर और सफारी मॉडलों की बिक्री करती है और इन वाहनों के कई इलेक्ट्रिक वेरिएंट भी उपलब्ध हैं। अक्टूबर 2022 में टाटा मोटर्स की कुल बिक्री 15.49 प्रतिशत बढ़कर 78,335 इकाई रही है।

कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में कुल 67,829 वाहन बेचे थे। बीते महीने टाटा मोटर्स की कुल घरेलू बिक्री 17 प्रतिशत बढ़कर 76,537 इकाई रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 65,151 इकाई थी।



पूर्वोत्तर चीन के लिओनिंग प्रांत के शेनयांग में 2022 लिओनिंग इंटरनेशनल फेयर ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेड के दौरान एक प्रदर्शनी में एक वाहन को देखते आगंतुक। लिओनिंग इंटरनेशनल फेयर ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेड शुरू हुआ।

## संक्षेप

### मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने देश में 3,500वें बिक्री केंद्र का उद्घाटन किया

**मुंबई।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) को उम्मीद है, कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक उसके बिक्री केंद्र यानी शोरूम की संख्या बढ़कर 3,700 तक पहुंचेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी देकर बताया कि मानेसर संयंत्र की उत्पादन क्षमता में एक लाख इकाई की वृद्धि होने के साथ बढ़ी हुई मांग को तेजी से पूरा किया जा सकेगा। देश में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के बिक्री केंद्र की संख्या शुक्रवार को 3,500 के आंकड़े को पार कर गई। एक दशक पहले मारुति सुजुकी के डीलरशिप की संख्या 1,300 थी। कंपनी ने शुक्रवार को हैदराबाद में अपने 3,500वें बिक्री केंद्र का उद्घाटन किया, जो नेक्सा की बिक्री इकाई है। एमएसआईएल के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी ने कंपनी की नेटवर्क विस्तार योजनाओं के बारे में बताया, उम्मीद है कि मार्च के अंत तक हमारे 3,700 बिक्री केंद्र हो। उन्होंने कहा कि देश भर में बिक्री के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर कंपनी जोर दे रही है। कंपनी का बिक्री नेटवर्क अब शहरी केंद्रों के साथ ही छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी बढ़ रहा है।

### जोमैटो के को-फाउंडर मोहित गुप्ता ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** खाने-पीने के सामान की ऑनलाइन डिलिवरी करने वाली कंपनी जोमैटो को बड़ा झटका लगा है। कंपनी के को-फाउंडर मोहित गुप्ता ने इस्तीफा दे दिया है। हाल के हफ्तों में यह जोमैटो में हुआ यह तीसरा बड़ा इस्तीफा है। जोमैटो के न्यू इनीशिएटिव हेड और पूर्व फूड डिलीवरी राहुल गंजू ने भी इसी हफ्ते कंपनी से इस्तीफा दिया है। इससे पहले कंपनी के इंटरसिटी लीजेंड्स सर्विस के हेड सिद्धार्थ झावर ने कंपनी से इस्तीफा दिया था। मोहित पिछले साढ़े 4 सालों से कंपनी से जुड़े हुए थे। वह साल 2018 में फूड डिलीवरी सेगमेंट के हेड के तौर पर कंपनी के साथ जुड़े थे। बाद में 2021 में उन्हें कंपनी में को-फाउंडर का दर्जा मिल गया और वह इसके नए कारोबार को देखने लगे। वहीं गंजू को फूड डिलीवरी का सीईओ बना दिया गया था। जोमैटो में आने से पहले मोहित गुप्ता ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म मेकमायट्रिप के सीईओ थे। हाल ही में जोमैटो ने हॉटलाइन फोन नंबर लिखे डिलिवरी बैग का इस्तेमाल शुरू किया है। इससे उसके डिलिवरी पार्टनर्स के खराब ड्राइविंग करने की स्थिति में उन नंबर पर शिकायत की जा सके।

### अर्थव्यवस्था मजबूत लेकिन वैश्विक चुनौतियों को लेकर संवेदनशील: आरबीआई लेख

**मुंबई।** सकल मुद्रास्फीति में कमी के संकेत मिलने के साथ ही घरेलू स्तर पर अर्थव्यवस्था में लचीलापन देखने को मिल रहा है, लेकिन यह अभी भी वैश्विक प्रतिकूलताओं के प्रति संवेदनशील है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के एक लेख में यह बात कही गई। आरबीआई के ताजा बुलेटिन में प्रकाशित लेख में यह भी कहा गया कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में गिरावट का जोखिम बना हुआ है, वैश्विक वित्तीय स्थितियां सख्त होती जा रही हैं और बाजार की नकदी में कमी वित्तीय कीमतों में उतार-चढ़ाव को बढ़ा रही है। इसमें आगे कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था में आपूर्ति प्रतिक्रिया मजबूत हो रही है। लेख में कहा गया कि सकल मुद्रास्फीति (हेडलाइन इंफ्लेशन) में कमी के संकेत दिखने के साथ ही घरेलू व्यापक आर्थिक परिदृश्य में मजबूती है लेकिन यह वैश्विक चुनौतियों के प्रति संवेदनशील भी है। लेख के मुताबिक शहरी मांग मजबूत दिखाई दे रही है, जबकि ग्रामीण मांग कमजोर है लेकिन हाल ही में इसमें तेजी आई है। लेख को आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के नेतृत्व में एक टीम ने तैयार किया है। आरबीआई ने कहा कि यह लेखकों की राय पर आधारित है तथा केंद्रीय बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

### एआईबीईए ने बैंकों की हड़ताल वापस ली

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन (एआईबीईए) ने शनिवार 19 नवंबर को प्रस्तावित बैंक हड़ताल वापस ले ली है। एआईबीईए की ओर से ये फैसला इंडियन बैंक एसोसिएशन से बातचीत में अधिकांश समस्याओं के समाधान पर सहमति के बाद लिया गया है। इसके बाद देश के सभी हिस्सों में बैंक पहले की तरह ही खुले रहेंगे और लेनदेन भी जारी रहेगा। एआईबीईए के महासचिव सीएच वेंकटचलम ने कहा कि सभी मुद्दों पर सहमति बन गई है। आईबीए और बैंक इस मुद्दे को द्विपक्षीय रूप से हल करने पर सहमत हुए हैं। इस कारण हमने हड़ताल को फिलहाल के लिए टालने का फैसला किया है। बता दें कि 19 नवंबर को महीने के तीसरे शनिवार को होने के कारण देशभर में सभी बैंक खुले रहते हैं। हर महीन के पहले और तीसरे शनिवार को सभी बैंक खुले रहते हैं। एआईबीईए ने हड़ताल पर जाने के पीछे कई कारणों का हवाला दिया था।

### तमिलनाडु और हरियाणा में मोल्ड-टेक पैकेजिंग का लगेगा संयंत्र

**हैदराबाद।** मोल्ड-टेक पैकेजिंग लिमिटेड, आदित्य बिड़ला समूह की जरूरतों और खाद्य एवं रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुओं के उत्पादों की रणनीतिक रूप से बढ़ती बाजार मांग को पूरा करने के लिए तमिलनाडु के चेय्यार और हरियाणा के पानीपत में संयंत्र स्थापित कर रही है। कंपनी ने कहा कि प्रत्येक संयंत्र में 30-30 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि मोल्ड-टेक को हाल ही में आदित्य बिड़ला समूह (पेंट्स उद्योग) से पैकिंग सामग्री की आपूर्ति के लिए आवंटन पत्र (एलओए) मिला है। कंपनी पश्चिमी क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए 20 करोड़ रुपए के निवेश से दमन में दूसरी विनिर्माण सुविधा भी स्थापित कर रही है। कारखाने के लिए जमीन अधिग्रहण का काम पूरा हो गया है।

### जल्द ही क्यूआर कोड से कर सकेंगे असली और नकली दवा की पहचान

**नई दिल्ली।** अब क्यूआर कोड स्कैन से असली और नकली दवाओं की पहचान की जा सकती है। केंद्र सरकार ने 300 नामी दवाओं के ब्रांड पर क्यूआर कोड लगाने का निर्देश जारी कर दिया है। बता दें कि यह नया नियम अगले साल अगस्त 2023 से लागू हो जाएगा। इसके साथ ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने क्यूआर कोड लगाने वाले फैसले को लागू करने के लिए औषधि नियम, 1945 में कुछ जरूरी संशोधन भी किए हैं। इस फैसले का मकसद एनाल्जेसिक, विटामिन, मधुमेह और हायपरटेंशन की कॉमन ड्रग्स की प्रामाणिकता सुनिश्नत करना है। सरकार के इस फैसले से डोलो, सेरिडॉन, कॉरेक्स, एलेग्रा जैसा प्रसिद्ध ब्रांड पर असर पड़ेगा। सरकार ने फार्मा कंपनियों को भी निर्देश जारी कर दिए हैं। जिन 300 दवाओं के फॉर्मूलेशन के पैकेज पर क्यूआर कोड प्रिंट होगा उनका एक बड़ा हिस्सा ज्यादातर काउंटर से खरीदा जाता है। इस नियम के लागू होने से ग्राहकों को आसानी से पता चलेगा कि उनकों बेची जा रही दवा असली है या नकली। बता दें कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस साल जून में एक ड्राफ्ट गैजेटेड नोटिफिकेशन जारी किया था और लोगों से इस पर उनकी राय मांगी थी।

### रॉयल एनफील्ड ला रही 250सीसी बाइक होगी पेश

**नई दिल्ली।** दिग्गज टू व्हीलर मेकर ब्रांड रॉयल एनफील्ड ने हाल ही में ईआईसीएमए शो में अपनी बहुप्रतीक्षित सुपर मीटियर 650 से पर्दा उठाया था। इस इवेंट का आयोजन मिलान, इटली में किया गया था। इस बाइक का इंडिया डेब्यू 18 नवंबर को गोवा में हो सकता है। गोवा में राइडर मेनिया इवेंट का आयोजन किया जाएगा। कंपनी अलग अलग सेगमेंट में कई मॉडल्स लॉन्च कर चुकी है। अब खबर है कि कंपनी 250-750सीसी सेगमेंट में भी हाथ आजमाने वाली है।अगले बारह महीनों के भीतर, रॉयल एनफील्ड ने नई मोटरसाइकिलों को जोड़कर अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करने की योजना बनाई है। यूनाइटेड किंगडम में, क्लासिक 350, उल्का 350 और इंटरसेप्टर 650 को ग्राहक काफी पसंद कर रहे हैं। वे इस साल शीर्ष 10 सबसे अधिक बिकने वाली मोटरसाइकिलों में से हैं। आरई वर्तमान में जे-सीरीज प्लेटफॉर्म आधारित क्लासिक 350, मीटियर 350 और हाल ही में लॉन्च हंटर 350 सेल करता है।

# शौचालय का जो करे प्रयोग स्वस्थ रहे और बने निरोग


विश्व शौचालय दिवस पर जागरूक करते लोग

जनसंदेश न्यूज

जागरूकता

## विश्व शौचालय दिवस स्वच्छता के प्रति लोगों को दिलाई गई शपथ

**नौपेड़वा।** बक्शा विकास खण्ड के सुल्तानपुर गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय पर शनिवार को विश्व शौचालय दिवस में बच्चों, ग्रामीणों को जागरूक किया गया। 'शौचालय का जो करें प्रयोग, स्वस्थ्य रहे और बने निरोग' का नारा लगाते हुए लोगों ने हाथ में तख्तियां लिए हुए गांव में भ्रमण किया। डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम डिटॉल डायरिया, नेट जीरो और हार्पिक सेफर टॉयलेट फॉर आल के तहत ग्रामीण क्षेत्र की महिला स्वच्छता प्रहरी के द्वारा विश्व शौचालय दिवस को उत्सव के रूप में मनाया गया। इस दौरान स्वच्छता के प्रति लोगों को शपथ दिलाई गई।

लखनऊ से पहुँचे राज्य कार्यक्रम अधिकारी पहल सुनील पाण्डेय ने बताया कि विश्व शौचालय दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को विश्व स्तर पर स्वच्छता से निपटने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि खुले में शौच करना मतलब बीमारियों को न्योता देना है। खुले में शौच करने का सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ता है ऐसे में हमें इन सारी चीजों का बेहद खास ध्यान देना चाहिए। पाण्डेय ने कहा कि खुले में शौच करने से हैजा, कालरा, डायरियां जैसी गंभीर बीमारी होने की सम्भावना बढ़ जाती है। स्वच्छता प्रहरियो ने प्रभात फेरी निकाला। जिला समन्वयक पहल विशाल सिंह ने कहा कि विश्व शौचालय दिवस के तहत अदृश्य को दृश्य बनाना कहा जाता है। छात्राओं व महिलाओं ने रंगोली बनाया। ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी राजेश दूबे ने आये हुए लोगों के प्रति आभार जताया। इस दौरान ग्राम प्रधान सुशील विश्वकर्मा, अच्छेलाल दूबे, महेन्द्र दूबे, राजेन्द्र दूबे, गोपाल दूबे सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## वर्ल्ड टॉयलेट डे पर स्वच्छता के प्रति दिलायी गयी शपथ




**जौनपुर।** नगर पालिका परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम वर्ल्ड टॉयलेट डे अध्यक्ष नगर पालिका माया टंडन, अधिशासी अधिकारी संतोष मिश्रा के नेतृत्व में नगर के विभिन्न स्थानों पर वर्ल्ड टॉयलेट डे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें ब्रांड मिस्टर स्वराम शर्मा द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। नगर पालिका इंटर कॉलेज के बगल में सामुदायिक शौचालय पर समापन कार्यक्रम हुआ जिसमें नगर पालिका इंटर कॉलेज के बच्चों द्वारा अलग-अलग जागरूकता के प्रति स्लोगन भी गाया गया व डीपीएम अमित यादव द्वारा क्यूआर कोड के माध्यम से लोगों को फीडबैक के बारे में बताया गया और दर्ज भी कराया गया। कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीपीएम अमित यादव, प्रिंसिपल नगर पालिका इंटर कॉलेज डॉ. रमेश सिंह, एसआई अवधेश चंद्र यादव, अखिलेंद्र यादव, अजय तिवारी, डॉ. केदार सिंह, गुलाब सिंह, तीरथ राम यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को सदैव शौचालय का प्रयोग करने के लिए किया गया जागरूक



**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर ब्लॉक क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायतों में विश्व शौचालय दिवस मनाया गया। ग्रामीणों व प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को हमेशा शौचालय के प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। ब्लॉक मुख्यालय के शहीद हाल में शनिवार को ब्लॉक कर्मियों की उपस्थिति में तथा क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायतों में विश्व शौचालय दिवस मनाया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान व सचिवों के द्वारा ग्रामीणों को तथा प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों के द्वारा बच्चों को हमेशा शौचालय का प्रयोग करने के लिए जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय कोतवालपुर व सरेमु में भी बच्चों को सदैव शौचालय का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान बीडीओ काशीनाथ सोनकर, एडीओ पंचायत लालजी राम, एडीओ आईएसबी संजय, सचिव राजेश यादव, अखिलेश कुमार, धर्मेंद्र राय, अरविंद यादव, बेलाल, नील कमल व श्रुति गुप्ता मौजूद रहे।

# बैठक में अनुपस्थित रहने पर संविदा खत्म करने की चेतावनी




बैठक

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक में डेंगू मरीजों के लिए केस बेस्ड एक्टिविटी कराने का निर्णय

**जौनपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने पिछली बैठक में अनुपस्थित रहने पर कटघरा के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. देवेंद्र प्रताप सिंह को भविष्य में बैठक में नहीं आने पर संविदा खत्म करने की चेतावनी दी।

उन्होंने कहा कि डेंगू संभावित तथा एनएस-1 जांच में धनात्मक पाए गए डेंगू के मरीजों की केस बेस्ड एक्टिविटी की जाएगी। जिस घर में डेंगू के मरीज का पता चलेगा उस घर के चारों तरफ 50 घरों में मच्छरों के स्रोत विनष्टीकरण का कार्य किया जाएगा। बुखार के मरीजों का सर्वे होगा और जागरूकता फैलाई जाएगी। वहां पर ग्राम पंचायत एंटीलार्वा का छिड़काव और फागिंग कराएगा जबकि शहरी क्षेत्र में यह काम नगर पालिका कराएगी। यह सारी एक्टिविटी करके शासन से मिली गूगल सीट पर फीड कर देना है। बैठक में शुक्रवार तक जिले में कुल 394 डेंगू के पुष्ट रोगी होने का पता चला।

जिला अस्पताल में 18 डेंगू के मरीज भर्ती हैं। उन्होंने बख्शा ब्लाक के कौली तथा रामपुर के सहरा में फैल्सीफेरम मलेरिया के मरीज मिलने के कारणों के बारे में जाना। पता चला कि दोनों ही मामलों में मरीज मूल रूप से यहां के नहीं थे। एक भदोही से और दूसरा वाराणसी से संक्रमित होकर आया था। उन्होंने इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफार्मेशन प्लेटफार्म पोर्टल पर फीडिंग कम होने के कारणों के बारे में पूछताछ की और संक्रामक बीमारियों के मरीजों की पोर्टल पर शत-प्रतिशत इंट्री करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि मरीज धनात्मक हों या न हों डेंगू, मलेरिया, हेपेटाइटिस बी, एचआईवी/ एड्स, क्षयरोग आदि के मरीजों का नाम, पूरा पता के साथ सही मोबाइल नम्बर अंकित करें ताकि संक्रमित व्यक्ति की आसानी से खोज कर आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जा सके और बीमारी फैलने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में आयुष्मान भारत योजना के कम कार्ड बने हैं तथा शहरी क्षेत्रों में भी आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष कैम्प लगाया जाए।

उन्होंने इसके लिए लाभार्थियों के घर जाकर कार्ड बनाने को कहा। कम आयुष्मान कार्ड बनने पर शाहगंज, केराकत और बख्शा के प्रभारी चिकित्साधिकारी पर नाराजगी जताई। आयुष्मान कार्ड न बन पाने के बारे में पूछताछ में 28 प्रतिशत लाभार्थी परिवारों के एक भी सदस्य का आयुष्मान कार्ड नहीं होने की जानकारी हुई। साथ ही अंत्योदय के लाभार्थियों में से 10 प्रतिशत लोगों का कार्ड नहीं बना होने के बारे में बताया गया। उन्होंने इन कमियों अतिशीघ्र दुरुस्त कराने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एसीएमओ डॉ. राजीव कुमार, डॉ. एसपी मिश्रा, डॉ. एससी वर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद थे।

## राज्यमंत्री के प्रयास से होगी मानीकला में नवीन पुलिस चौकी की स्थापना

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीशचंद यादव के मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के प्रयास से थाना खेतासराय के अंतर्गत घनी आबादी वाला क्षेत्र मानीकला में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा एक नवीन पुलिस चौकी की स्थापना की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार द्वारा 17 मई 2022 को एक पत्र उत्तर प्रदेश सरकार की प्रमुख सचिव संजय कुमार को भेजा गया जिसमें उन्होंने थाना खेतासराय के अंतर्गत मानीकला में एक नवीन पुलिस चौकी की स्थापना की मांग की और कहाकि मानीकला एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है यहां से थाना खेतासराय की दूरी लगभग 10 किमी है। मानीकला एक बड़ी बाजार है इसलिए शांति व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा अपराधों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाये जाने व जनसमान्य को और अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए नवीन पुलिस चौकी की स्थापना जनहित में नितान्त आवश्यक है। उक्त पत्र के अनुपालन में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव संजय कुमार ने 17 नवंबर

# जयंती पर याद की गयीं पूर्व पीएम इंदिरा गांधी

जनसंदेश न्यूज


जयंती पर स्व. इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग

**जौनपुर।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर भारत रत्न स्व. इंदिरा गाँधी की जयंती मनाई गई। भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

सभा को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फैसल हसन तबरेज ने कहा कि देश में बैंकों का राष्ट्रीय करण, सिंचाई के लिए नहरों का जाल बनाने वाली भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एक अजीम शख्यियत थीं। उनके भीतर गजब की राजनीतिक दूरदर्शिता थी। इंदिरा का जन्म 19 नवंबर, 1917 को हुआ था। पिता जवाहर लाल नेहरू आजादी की लड़ाई का नेतृत्व करने वालों में शामिल थे। वही दौर रहा जब 1919 में उनका परिवार बापू के सानिध्य में आया और इंदिरा ने पिता नेहरू से राजनीति का ककहरा सीखा। मात्र 11 साल की उम्र में उन्होंने ब्रिटिश शासन का विरोध करने के लिए बच्चों की वानर सेना बनाई। 1938 में वह औपचारिक तौर पर इंडियन नेशनल कांग्रेस में शामिल हुईं और 1947 से 1964 तक अपने प्रधानमंत्री पिता नेहरू के साथ उन्होंने काम करना शुरू कर दिया। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को राजनीति विरासत में मिली थी और ऐसे में सियासी उतार-चढ़ाव को वह बखूबी समझती थीं। यही वजह रही कि उनके सामने न सिर्फ देश, बल्कि विदेश के नेता भी उन्नीस नजर आने लगते थे।

अतः पिता के निधन के बाद कांग्रेस पार्टी में इंदिरा गांधी का ग्राफ अचानक काफी ऊपर पहुंचा और लोग उनमें पार्टी एवं देश का नेता देखने लगे। वह सबसे पहले लाल बहादुर शास्त्री के मंत्रिमंडल में सूचना एवं प्रसारण मंत्री बनीं। शास्त्री जी के निधन के बाद 1966 में वह देश के सबसे शक्तिशाली पद 'प्रधानमंत्री' पर आसीन हुईं। इस अवसर पर बब्बी खान, बांके लाल शुक्ला, अली अन्सारी, अजय सिंह, राकेश सिंह, मुकेश पाण्डेय, इकबाल हुसैन आदि ने संबोधित किया। संचालन अजय सोनकर ने किया।

# हादसे में ट्रक चालक की मौत, बाइक सवार घायल

जनसंदेश न्यूज

दुखद

### राजमार्ग पर जगीगंज बाजार मे हुई घटना

### किसी अज्ञात वाहन की चपेट में चालक हो गया था घायल

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के जगीगंज बाजार में शुक्रवार की रात हुए सड़क हादसे मे ट्रक चालक सुरेश यादव 50 वर्ष निवासी शिवगढ़ बछरावा रायबरेली की जहां मौत हो गई वही बाइक सवार प्रशांत कुमार पांडेय 35 वर्ष लक्सा वाराणसी निवासी घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार मृतक ट्रक चालक सड़क पार कर रहा था इस दौरान सड़क पार करते समय किसी वाहन की चपेट में आ जाने से घायल हो कर सड़क पर पड़े थे। इस दौरान बाइक सवार उनके उपर चढ़ गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि रायबरेली जनपद निवासी सुरेश यादव ट्रक लेकर वाराणसी की ओर जा रहा था। किसी काम से जगीगंज बाजार मे ट्रक रोक कर सड़क पार कर रहा था, इस बीच किसी वाहन से धक्का लग जाने से वह सड़क पर गिर गया। इस दौरान वाराणसी की ओर जा रहा बाइक सवार चालक के उपर चढ़ गया। घायल अवस्था में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज ले आया गया।

जहां चिकित्सको ने चालक सुरेश को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रुप से घायल बाइक सवार प्रशांत कुमार पांडेय को रेफर कर दिया गया। चालक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी पर मृतक के परिजन गोपीगंज पहुच गये हैं।

# खेल कूद प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने दिखाया दम



**भदोही।** नगर क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल मामदेवपुर में शनिवार को दिव्यांग बच्चो के लिए खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता में नगर क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बीईओ ने पुरस्कृत करके उत्साह बढ़ाया। आयोजन के मुख्य अतिथि भदोही के खंड शिक्षा अधिकारी चन्द्र शेखर ने दीप प्रज्वलित कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दिव्यांग बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। वो चाहे लंबी कूद या दौड़ ही क्यों न हो। इस दौरान दिव्यांग बच्चों को संबोधित करते हुए एबीएसए ने कहा कि खेल से तन व मन दोनों स्वस्थ रहता हैं। खेल प्रतियोगिताओ में कक की प्रतियोगिता में दिव्यांगों ने दम दिखाया। इस अवसर पर एआरपी विनोद सिंह, खेल शिक्षक शिवा कांत यादव, स्पेशल एजुकेटर शक्तिमान उपाध्याय, कंपोजिट स्कूल के हेड मास्टर राजीव श्रीवास्तव, पीरखापुर के हेड मास्टर इमरान हसन, अयोद्यापुरी के हेडमास्टर समीर हसन, राजन त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक व तमंचे संग वांछित गिरफ्तार

**चंदवक।** स्थानीय पुलिस ने चोरी की बाइक, तमंचा व जिंदा कारतूस संग वांछित को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर बलरामपुर के पास से वांछित अजय यादव उर्फ बीरू यादव पुत्र राम किशुन निवासी नरकटा को एक चोरी की बाइक, तमंचा व जिंदा कारतूस संग गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

## दस फीट लंबा निकला अजगर

**भदोही।** कोइरौना थाना क्षेत्र के कलिंजरा गांव में एक ईंट भट्ठे के पास अजगर निकलने की सूचना ग्रामीणों ने कोइरौना पुलिस को दी। कोइरौना थाना प्रभारी अखिलेश यादव मय दल बल मौके पर पहुंचकर वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग के कर्मचारी कलिंजरा जाकर अजगर को पकड़कर मिजार्पुर जंगल में छोड़ने के लिए रवाना हुए। अजगर की लंबाई लगभग 10 फिट बताई जा रही है। वहीं उसका वजन 50 किलो के आसपास रही।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# विश्व शौचालय दिवस पर सीडीओ ने दिलायी स्वच्छता की शपथ



रन फार स्वच्छता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीडीओ भानु प्रताप सिंह

**भदोही।** वाटर एड इण्डिया एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर शनिवार को राजकीय हाईस्कूल एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अजयपुर में मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने बच्चों को स्वच्छता संबंधी शपथ दिलाई एवं रन फार स्वच्छता दौड़ एवं रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक सरोज पांडेय ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं इसलिए शौचलय का प्रयोग जरुर करें। बच्चों ने नारा लगाया शौचालय का करो प्रयोग, स्वच्छ रहो और रहो निरोग। स्वच्छता को अपनाएंगे, धरा को खूबसूरत बनाएंगे। मन में रखो एक ही सपना स्वच्छ बनाना है भारत अपना आदि विभिन्न नारों के साथ बच्चों ने रैली निकाला। इस अवसर पर कौशलेंद्र सिंह, नायब धावक, वंदना पाल, एएन पांडेय, बीएल पाल, कमलेश, दिनेश चंद्र पाल, मोतीलाल, रीना सिंह, श्रीराम, शिवम, सुरेश कुमार यादव, श्यामधर आदि लोगो ने रैली में प्रतिभाग किया।

# गरीबों की सेवा ही सबसे पुनीत कामः फादर


जरूरतमंदों को खाना खिलाते सेंट मेरिज स्कूल के प्रिंसीपल फादर आनंद लाकरा

**भदोही।** नईबाजार स्थित सेंट मेरीज स्कूल में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन कर शिक्षा से वंचित मलिन बस्तियों के बच्चों को विद्यालय बुलाकर शिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को विद्यालय की तरफ से भोजन कराने के बाद उन्हें शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। स्कूल में आस पास के गरीब परिवारों व उनके बच्चों को स्कूल में बुलाकर भोजन कराया गया।

सेंट मेरिज स्कूल के प्रिंसीपल फादर आनंद लाकरा ने कहा कि गरीबों की सेवा से बढ़कर और कोई पूण्य का काम नही हैं। इस पूण्य कार्य मे स्कूल के छात्र छात्राओं व शिक्षको ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया। सेंट मेरिज स्कूल में प्रति वर्ष इस तरह का आयोजन किया जाता हैं, गरीबो को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ उनको भोजन भी कराया जाता है। उन्होंने कहा कि इससे मन को आत्मिक सुख मिलता हैं। सभी गरीब परिवारों के बच्चों, महिलाओं व पुरुषों को कतार में बैठा कर भोजन कराया। साथ ही प्रिंसीपल ने परिवार के बड़ों को खाना खाने के लिए बर्तन भी विद्यालय की ओर से दिया। इस मौके पर स्कूल के टीचर, स्टूडेंट व भारी संख्या में गरीब परिवार के लोग मौजूद रहें। जानकारी हो कि सेंट मेरिज स्कूल की ओर से बराबर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर गरीबों की मदद की जाती है।

## धान लदा ट्रक धराया

**ज्ञानपुर।** धान लदा ट्रक शनिवार को एसडीएम ज्ञानपुर अश्वनी पांडेय ने प्रोफेसर कालोनी से पकड़ लिया। एसडीएम ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि ट्रक पर लदा धान कहीं ले जाया जा रहा है। मामला संज्ञान में आते ही स्थल पर पहुंचा तो ट्रक पकड़ लिया गया। ट्रक में करीब बीस टन धान लादा गया था। पकड़े गए ट्रक को कोतवाली में खड़ा करा दिया गया था। फिर ट्रक स्वामी व व्यापारी को इसकी सूचना दी गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए 67 हजार तीन सौ रुपये का जुमार्ना लगाया गया। जुर्माना वसूली के बाद पकड़ा गया ट्रक छोड़ दिया गया। एसडीएम द्वारा ट्रक पकड़े जाने का मामला संज्ञान में आते ही थोक गल्ला व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा।

संक्षेप

## वर्ल्ड टायलेट डे मनाया गया



**खेतासराय।** नगर पंचायत में शनिवार को वर्ल्ड टायलेट डे मनाया गया। इस मौके पर अध्यक्ष नसीम अहमद तथा अधिशासी अधिकारी डा. रविन्द्र प्रताप सिंह द्वारा नगर में स्थित सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण किया गया तथा वहां मौजूद लोगों को क्यू आर कोड के माध्यम से लोगों को फीडबैक के बारे में बताया गया तथा स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी। मौके पर सभासद एजाज अहमद, शमीम अहमद, यावर अली, गुफरान अहमद, पियूष मधुरिया आदि मौजूद रहे।

## छात्रा से बात करते गुरुजी का फोटो वायरल



बोले गुरुजी, बदनाम करने के लिए एडिट कर किया गया वायरल दर्ज कराया मुकदमा

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक पीजी कालेज के भूगोल विभाग के प्रवक्ता प्लाजो पहनकर एक छात्रा से वीडियो कॉलिंग पर बात करने का स्क्रीन शॉट फोटो सोशल मीडिया पर शनिवार को खूब वायरल हो रहा है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। हालांकि इसके बारे में जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि साजिश के तहत फोटो एडिट कर एक छात्र ने वायरल किया है। परिणामस्वरूप साइबर क्राइम में आनलाइन केस भी दर्ज कराया है। प्रवक्ता का शुक्रवार की रात में ही वीडियो कालिंग के जरिए एक छात्रा से प्लाजो पहनकर बात करने की फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई जो सुबह होते सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्मों पर भी दौड़ने लगा जिसे देख लोग जहां हतप्रभ रह गए। सोशल मीडिया पर ही लोगों ने ऐसे गुरु जी के ऊपर जमकर भड़ास निकालते हुए कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग किया। हालांकि जब इसकी सच्चाई उक्त गुरुजी से जानी गई तो उन्होंने कहा कि अभी हाल में ही श्रेणी सुधार की परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते हुए एक छात्र को पकड़ा था। वहीं साजिश कर बदनाम करने की नीयति वायरल किया है। साइबर क्राइम में आनलाइन मुकदमा भी दर्ज कराया हूं।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख मनीष मिश्रा के तीन शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**ज्ञानपुर।** कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के दृष्टिगत आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त शस्त्र धारकों के शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण हेतु एसपी डॉ. अनिल कुमार के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गोपीगंज पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप विजय मिश्र के भतीजे मनीष चंद्र मिश्रा के विरुद्ध पंजीकृत विभिन्न आपराधिक मामलों के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट गौरांग राठी ने स्वीकृत तीन शस्त्र लाइसेंस (राइफल, रिवाल्वर, डीबीबीएल निरस्त कर दिया। मनीष मिश्रा वर्तमान में थाना जैतपुरा जनपद वाराणसी में पंजीकृत लूट व हत्या के अभियोग में जेल में निरुद्ध है। गैंगस्टर मनीष के विरुद्ध जनपद भदोही, वाराणसी सहित महाराष्ट्र राज्य में लूट, हत्या, सामूहिक दुष्कर्म, गैंगस्टर, गुंडा, एन.एस.ए. व धोखाधड़ी के गंभीर अपराधों के कुल इक्कीस मुकदमे दर्ज हैं।

## एलाइजा पुष्टि के लिए प्रयोगशाला में भेजें नमूनाः सीएमओ

**जौनपुर।** डेंगू की रोकथाम नियंत्रण और प्रबंधन को लेकर समस्त निजी चिकित्सालयों से सीएमओ ने कहा है कि वह डेंगू संभावित लक्षणों के एन एस-1 पॉजिटिव मरीजों की एलाइजा पुष्टि के लिए रक्त का नमूना जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय की प्रयोगशाला में भेजें, साथ ही एन एस-1 पॉजिटिव मरीज की फोन नंबर सहित समस्त जानकारी को आईएचआईपी पोर्टल पर अंकित करते हुए कार्यालय को भी अवगत कराएं, ताकि मरीज को ट्रैक कर फॉलोअप किया जा सके और उसे आवश्यक जांच व उपचार प्रदान किया जा सके। यदि किसी भी निजी पैथोलॉजी लैब की ओर से निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है तो तत्काल उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। आईएचआईपी पोर्टल पर सूचनाएं अपलोड करने में आ रही समस्या के समाधान के लिए सभी चिकित्सालयों के प्रभारी जनपदीय एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. जिया उल हक के मोबाइल नंबर 8210448606 पर संपर्क कर सकते हैं। रक्त का नमूना भेजने से संबंधित जानकारी के लिए वीबी सिंह, वरिष्ठ प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ, के मोबाइल नंबर 9793798870 पर संपर्क कर सकते हैं।

## मार्ग का पालिका अध्यक्ष ने किया शिलान्यास

**भदोही।** नगर पालिका परिषद भदोही क्षेत्र के घमहापुर स्थित रूपेश बरनवाल के कंपनी से नन्दलाल यादव के पेट्रोल पम्प तक 16.97 लाख की लागत से भूमिगत नाला पाईप लाईन विस्तार का शिलान्यास पालिका अध्यक्ष अशोक कुमार जयसवाल ने किया। इस दौरान सभासद महेन्द्र बिंद विनय उमर वैष्य, अशोक पाल, शिवलाल पाल, पुजारी बिंद, बद्री शर्मा, काशीनाथ शर्मा, डब्बू शर्मा, भिंडी गुरू, सुनील सिंह, शेर अली, जेपी मौर्य, श्यामराज बिंद आदि उपस्थित रहे।

## नियमों का पालन न करने पर कुल 1205 वाहनों का चालान

**ज्ञानपुर।** यातायात माह नवम्बर-2022 के दौरान यातायात जागरूकता हेतु चलाए जा रहे विशेष के तहत यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा प्रतिदिन कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्र-छात्राओं व वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।यातायात जागरूकता हेतु शनिवार को यातायात पुलिसकर्मियों,आरटीओ विभाग की संयुक्त टीम व लोक गायक राजेश परदेसी द्वारा मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज जंगीगंज में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं व वाहन चालकों को यातायात नियमों के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए 1205 वाहनों का चालान किया गया।

## दस बड़े भूमि विवादों का डीएम, एसपी करायें निस्तारण : मंडलायुक्त

**ज्ञानपुर।** जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस शनिवार को जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील ज्ञानपुर में विंध्याचल मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र, पुलिस उप महानिरीक्षक आरपी सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, डीएम गौरांग राठी, एसपी डॉ. अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक, एसडीएम ज्ञानपुर अश्वनी पांडेय ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर निस्तारण किया। संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकतर मामले भूमि विवाद से जुड़े होने पर मंडलायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम व एसपी को जनपद के सभी थानों को यूनिट मानते हुए भूमि विवाद को चिन्हीकरण कर, रैंडम चेकिंग करते हुए थाने के दस सबसे बड़े भूमि विवादों को गुणवत्तापूर्ण ससमय निस्तारण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया, साथ ही तालाबों पर अवैध अतिक्रमण किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। विंध्याचल परिक्षेत्र पुलिस उपमहानिरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस द्वारा शासन प्रशासन त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। तहसील दिवस में आए जनता की समस्याओं का पुलिस व राजस्व अधिकारी संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण करते हुए न्यायोचित निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में तहसील भदोही में कुल 75 प्रार्थना पत्रो में 08 का निस्तारण एवं तहसील औराई में कुल 40 प्रार्थना पत्रो में 04 का निस्तारण किया गया।

## पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकताः वसीम

**ज्ञानपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को जिला कार्यालय पर भारत रत्न आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। इस मौके पर सभी पार्टी पदाधिकारियों द्वारा इंदिरा गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। मौके पर प्रदेश सचिव वसीम अंसारी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के देश को दिए योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। इंदिरा गांधी ने तत्कालीन पाकिस्तान के पूर्वी हिस्से बंगलादेश में छोटी बच्चियों माताओं बहनों पर हो रहे अत्याचार से क्षुब्द होकर सेना प्रमुख को आदेश दिया कि इन बहनों बच्चियों की आजादी के लिए जो उचित है वह करें जिसके परिणामस्वरूप ही पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बंगलादेश को पाकिस्तान की बर्बरता से मुक्त कराया। जिसमें पाकिस्तान के 94 हजार सैनिकों को भी बंधक बना लिया गया था। मौके पर जिलाध्यक्ष पं राजेंद्र कुमार, राजेश कुमार, करमचंद, सुरेशचंद, दीनानाथ, राजेश्वर, मसूद आलम, रमेश, लक्ष्मी शंकर, नाजिम अली, संदीप, जजलाल, शाबान करीमी, अवधेश, महेशचंद, आनंद मौर्य, धीरज मिश्रा, दुर्गेश मिश्रा, मनोज आदि लोग उपस्थित रहे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय गाजीपुर ने मारी बाजी, बने विजेता

**गोपीगंज।** सेन्ट थॉमस स्कूल, गोपीगंज में 20वीं शहीद झूरी सिंह मेमोरियल राज्यस्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गौरांग राठी थे, जिन्होंने हवा में गुब्बारा उड़ा कर प्रतियोगिता का आरम्भ किया। मुख्य अतिथि का स्वागत छात्राओं द्वारा गीत व नृत्य प्रस्तुत करके किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा अपने भाषण में खेल का जीवन में महत्त्व व अनशासन से लक्ष्य प्राप्त करने का गुण विस्तार से बताया। इस प्रतियोगिता में सीबीएसई एवं आईसीएससी द्वारा संचालित भदोही, इलाहाबाद, मिजार्पुर, जौनपुर, गाजीपुर, वाराणसी आदि जनपदों से आयी हुई कुल 13 टीमों ने भाग लिया। पहले उद्घाटन मैच जवाहर नवोदय विद्यालय प्रयागराज और तुलसी विद्या निकेतन, वाराणसी के मध्य हुआ जिसमें तुलसी विद्या निकेतन, वाराणसी ने लगातार 20 सेटों से जीता।



कार्यक्रम के दौरान चिंतन मुद्रा में पीएम मोदी

# ॐ शिवोहरि शंकरा से गूंजा पंडाल

राधेश्याम कमल

*वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एम्फी थियेटर ग्राउण्ड में आयोजित काशी तमिल संगमम में प्रधानमंत्री के आगमन के बाद तमिल के प्रसिद्ध संगीतकार व राज्यसभा सांसद इलैयराजा और उनके शिष्यों ने साज-सज्जा के साथ ॐ, गणेश, शिव, शक्ति, समेत अन्य देवगणों का मंत्र स्तुति के साथ आह्वान किया। प्रसिद्द संगीतकार इलैयराजा के निर्देशन में शिव व काशी के महात्म्य का गायन हुआ। जिसमें इलैयराजा व साथियों ने गायन पेश किया। बोल थे- हर-हर-महादेव, ॐ शिवोहरि- शंभो-शंभो-शंकर, ॐ शिवोहरि शंकरा...। यह गायन इतना सुमधुर था कि मंच पर विराजमान प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी, मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ भी कलाकारों संग सुर से सुर मिलाते रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तो दोनों हाथों से उनके साथ संगत भी करते रहे। कलाकारों की इस प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया। पीएम मोदी और सीएम योगी समेत तमाम मौजूद लोग ताली बजाते रहे। तालियों की गड़गड़ाहट से उन कलाकारों का स्वागत किया गया।*

**ईलैयराजा व उनके शिष्यों ने पेश की वंदना**

**पीएम मोदी व सीएम योगी ने सुर में सुर मिलाया**



तमिलनाडु की कलाकार ने तमिल का लोक नृत्य पेश किया




पुस्तक का विमोचन करते पीएम मोदी

## 13 भाषाओं में लिखी पुस्तक का विमोचन

काशी तमिल संगमम के मंच पर तमिल साहित्य पुस्तक का विमोचन किया गया। तमिल समेत 13 भाषा में लिखी गई धार्मिक पुस्तक तिरुक्कुरल व काशी-तमिल संस्कृति पर लिखी गईं किताबों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विमोचन किया। इस पुस्तक में 133 अध्याय है। पुस्तक में 1330 तमिल भाषा में दोहे हैं। इसको संत तिरुवल्लुवर ने लिखा है।

## तमिलनाडु के लोक कलाकारों ने प्रस्तुत किया नृत्य

**लोक नृत्य देख कर सभी ने बजायी तालियां**

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एम्फी थियेटर ग्राउण्ड में शनिवार को अपराह्न में समारोह स्थल पर जैसे ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहुंचे उसी वक्त तमिलनाडु के लोक कलाकारों ने तमिल का लोक नृत्य करके समां बांध दिया। इस दौरान वहां खड़े लोगों ने लोक कलाकारों की तालियां बजा कर उनकी हौसलाआफजाई की। मंच के समीप ही तमिलनाडु के लगभग आधा दर्जन से अधिक कलाकार लोक नृत्य की प्रस्तुति करते रहे और हर कोई इसका आनंद लेता लेता रहा। कलाकारों में महिलाओं के अलावा पुरुष भी थे। महिला कलाकारों ने सिर पर फूलों से सजा सजाया गमला रख कर मनमोहक नृत्य कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। जबकि पुरुष कलाकार ने नृ के दौरान आंख की पुतली से बोतल में रखे गये नोट (रुपया) दो बार उठा कर सभी को अच्चम्भित कर दिया। उनके साथ ना स्वरम का वादन भी चल रहा था।



शिव स्तुति प्रस्तुत करते प्रसिद्ध संगीतकार व सांसद इलैयराजा और अन्य

## तमिलनाडु से आये 9 धर्माचार्य भी शामिल

काशी तमिल संगमम में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एम्फी थियेटर ग्राउण्ड में शनिवार को तमिलनाडु से आये नौ प्रमुख मंदिरों के नौ धर्माचार्यों ने भी भाग लिया। धर्माचार्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अलग से मुलाकात भी की। धर्माचार्यों के मंच के बगल में बनाये गये विशेष मंच पर बैठाया गया था। जहां पर सभी धर्माचार्यों ने शुरू से लेकर कार्यक्रम के अंत तक अपनी भागीदारी की। इसके एक दिन पूर्व सभी धर्माचार्य् ने काशी विश्वनाथ धाम में जाकर बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन किया।

## नाद स्वरम की हुई मनमोहक प्रस्तुति

काशी तमिल संगमम में पीएम मोदी के संबोधन से पहले मंच पर विशेष राग में शहनाई वादन हुआ। शहनाई वादक कासिम और बाबू संग तमिल के कलाकारों ने संगत की। उन्होंने ताल रूपक सिंधु भैरवी में नाद स्वरम् की प्रस्तुति की। दक्षिण भारत में हर मांगलिक कार्य में यह वाद्य बजता है। यह नाद स्वरम भी इतना सुरीला था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों की अंगुलियां एक-दूसरे पर थिरकती रही। पीएम के साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ भी सुर संगीत में बंधे रहे। इनके साथ पूरा पंडाल भी नाद स्वरम् के संगीत में डूबे रहे। इस कार्यक्रम में जो कलाकार नाद स्वरम पेश कर रहे थे उनके दादा कभी भारतरत्न शहनाई के जादूगर उस्ताद बिस्मिल्लाह खां के साथ भी संगत कर चुके हैं।



तमिल संगमम में तमिलनाडु से आये नौ धर्माचार्य



तमिलनाडु के कलाकार तमिल लोक नृत्य पेश करते हुए

### काशी तमिल संगमम पर आधारित लघु फिल्म दिखायी गई

काशी तमिल संगमम पर आधारित लघु फिल्म भी दिखायी गई। जिसमें काशी के अलावा तमिलनाडु को दिखाया गया है। दोनों जगहों की कला व संस्कृति के बारे में भी बताया गया है। पांच मिनट की इस लघु फिल्म को सभी एकटक निहारते रहे।

कलाकारों में सेल्फी का क्रेज दिखा









# अब पीएम की काशी कहिए अन्ना

**बोली छात्राएं**

### तमिलनाडु से आयी छात्राओं ने कहा, जैसी कल्पना की थी उससे कही जीवंत है काशी

अश्वनी कुमार श्रीवास्तव

**वाराणसी।** काशी में आयोजित काशी तमिल संगमम में दक्षिण भारत के तमिलनाडु से आयी छात्राओं ने कहा अब पीएम की काशी कहिए अन्ना (भईया) टेलीविजनों पर प्रधानमंत्री द्वारा जिस काशी की लगतार तारीफे की जाती थी उसे आज देख लगा कि पीएम मोदी की ओर से जितनी तारीफ की जाती थी उससे भी ज्यादा जीवंत है काशी। शनिवार को ट्रेन के माध्यम से तमिलनाडु सहित दक्षिण भारत के अन्य शहरों से आये छात्रों के एक दल ने स्टेशन से सीध काशी हिन्दु विश्वविद्यालय स्थित प्रधानमंत्री के सभा स्थल पहुंचा, प्रधानमंत्री के मंच से आने से कुछ देर पूर्व सभा स्थल पर पहुंचे सभी छात्र-छ७त्राओं के दल ने अपनी भाषा में स्टेशन से लेकर बीएचयू के के बारें में सिर्फ तारीफ करते रहे। कुछ-कुछ हिन्दी जानने वाले छात्रों से वार्ता करने पर उन्होंने कहा कि पीएम ने इस नगरी के बारे में जितना बताया था उससे अधिक व्यवस्थित है यह नगरी।

### पैर रखते ही हुआ ऊर्जा का संचार



तमिलनाडु के मेडिकल कॉलेज मे एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही अक्षया बताती हैं कि 24 घंटे के सफर के बाद भी शहर में पैर रखते ही थकान छू मंतर हो गयी इसलिए की इस शहर की हवा में भी ऊर्जा का संचार है। बताया कि कुल चार दिनों तक काशी में रहना है, कहा कि ऐसे समागम हर प्रदेश में होने चाहिए, तभी संस्कृतियों का आदान-प्रदान कर सकते हैं।

### काशी को अब पीएम की काशी कहिए



तमिलनाडु के एक कॉलेज में एम.एससी फिजिक्स की छात्रा जया भारती ने कहा कि काशी की प्राचीनता को भुलाया नहीं जा सकता लेकिन अब पीएम की काशी कहिए अन्ना (भईया) पीएम ने इस नगरी को जो सौगात दी है वह रास्ते भर दिखा। जयाभारती ने कहा कि इस संगमम ने दो शहरों को समझने का मौका दिया है।

### सुनती थी, चार दिनों तक देखूंगी काशी



तमिलनाडु से आयी छात्रा संविता ने कहा कि काशी के बारे में उनके कॉलेज में बताया जाता रहा है, सोशल मीडिया पर भी इस नगरी को देखती थी लेकिन अब चार दिनों तक इस शहर को निहारुंगी, बताया कि ऐसे कार्यक्रम दो संस्कृतियों को नया आयाम देंगी। बताया कि भाषा भले ही अनेक हो लेकिन अपना देश एक है।

### शिक्षा का भी होगा संगम



दक्षिण भारत के एक शहर से इस संगमम में हिस्सा लेने स्पेशल ट्रेन से काशी आयी अक्षता कहतीं हैं कि इस संगमम के लिए जैसे ही निमंत्रण दिया गया उनके खुशी का ठीकाना नहीं रहा, बताया कि इस नगरी में आये दो घंटे ही हुआ लेकिन लगा नहीं कि हम दक्षिण से उत्तर की ओर चले हैं। अपनी ही संस्कृति का आभास सा हुआ मलाल है कि यह टूर सिर्फ चार दिनों का ही है। बताया कि इन चार दिनों में अयोध्या व प्रयागराज भी जाना है। बताया कि इस संगमम से शिक्षा का भी संगम होगा।

सभी फोटोः शंकर चतुर्वेदी
पेज सज्जाः सौरभ जायसवाल